मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 27 | अंक : 351

जयपुर
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी
# महानगर टाइम्स

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter

www.mahanagartimes.com
जयपुर, शुक्रवार, 15 नवंबर, 2024
जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित



## संक्षिप्त समाचार

### अगले सप्ताह तक स्पष्ट हो सकती है निकायों की स्थिति

**जयपुर (मसं)।** प्रदेश के जिन 49 निकायों का कार्यकाल इस माह समाप्त हो रहा है, उनके बारे में स्थिति अगले सप्ताह तक स्पष्ट होने की उम्मीद है। हालांकि ज्यादा संभावना इस बात की है कि सरकार को यहां प्रशासक नियुक्त करने पड़ेंगे। इन निकायों का कार्यकाल इसी 26 नवंबर को पूरा हो रहा है और राज्य निर्वाचन आयोग ने अभी चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया है। वहीं नियमों के अनुसार निकायों का कार्यकाल 5 साल से ज्यादा नहीं हो सकता। यही कारण है कि इनमें प्रशासक नियुक्त होने की संभावना बताई जा रही है। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा का कहना है कि चुनाव घोषित करने का काम राज्य निर्वाचन आयोग का है। निर्वाचन आयोग इस दिशा में कदम बढ़ाएगा तो उसके मुताबिक कोई फैसला लेंगे। वहीं अगर राज्य निर्वाचन आयोग ने इस दिशा में कोई फैसला नहीं लिया तो कार्यकाल बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे। दोनों ही फैसलों को लेकर अगले सप्ताह तक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

### हरियाणा में ट्रक ने 6 लोगों को कुचला, 5 की मौके पर मौत



**पानीपत (मसं)।** हरियाणा के पानीपत शहर में गुरुवार को एक ट्रक ने एलिवेटिड हाईवे पर रॉन्ग साइड में घुसकर मौत का तांडव मचाया। बेकाबू ट्रक ने एक के बाद एक 3 अलग-अलग जगहों पर 6 लोगों को कुचल दिया। इनमें से 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक की हालत है। तीन जगह टकराने के बाद भी ट्रक रुका नहीं और तहसील कैंप कट के सामने रैलिंग से टकरा गया। ट्रक ने रुकते-रुकते भी एक बोलेरो को टक्कर मार दी, जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस का कहना है कि आरोपी ड्राइवर नशे में था।

### पूर्व ओएसडी ने वापस ली याचिका, गिरफ्तारी से रोक हटी

**जयपुर (मसं)।** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से जुड़े फोन टेपिंग मामले में गुरुवार को एक बड़ा मोड़ आया, जब पूर्व सीएम अशोक गहलोत के पूर्व ओएसडी लोकश शर्मा ने दिल्ली हाईकोर्ट में दायर एफआईआर खारिज करने की अपनी याचिका वापस ले ली। इस मामले में पिछली सुनवाई के समय राज्य सरकार ने स्पष्ट कर दिया था कि राज्य को दिल्ली पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी रखने पर कोई आपत्ति नहीं है। ऐसे में अब जहां एक ओर इस मामले में लोकेश शर्मा की गिरफ्तारी पर लगी रोक हट गई है, वहीं दिल्ली पुलिस के लिए भी जांच की सभी बाधाएं समाप्त हो गई हैं। वहीं मामले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस लोकेश शर्मा को गिरफ्तार भी कर सकती है।

### गुस्साए समर्थकों ने दिनभर मचाया बवाल, टायर जलाकर रोके रास्ते, कवरेज करने गए पत्रकारों के कैमरे तोड़े

# थप्पड़कांड में आरोपी निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**जयपुर/टोंक।** विधानसभा उपचुनाव में देवली-उनियारा विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीना को एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मारने के आरोप में पुलिस ने दोपहर में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद फिर बवाल हो गया। समर्थक भड़क उठे और गुलाबपुरा, कचरावता हाईवे समेत अन्य मार्ग जाम कर दिए। टायर जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया गया। सुरक्षा बल ने उन्हें काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। इसके बावजूद समर्थक बार-बार हाईवे पर आते रहे और उत्पात मचाते रहे। उपद्रवियों ने भी पुलिस पर हल्का पथराव किया। चक्काजाम और पथराव करते नरेश मीणा के कई समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। टोंक से सवाई माधोपुर जाने वाले नेशनल हाईवे-116 पर अलीगढ़ कस्बे के पास जाम लगा दिया। यहां कवरेज करने गए पीटीआई के पत्रकार अजित सिंह व कैमरामैन धर्मेंद्र के साथ उपद्रव कर रहे लोगों ने मारपीट की और उनके कैमरे व मोबाइल तोड़ दिए। जार राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राकेश शर्मा ने मुख्यमंत्री से दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।





### कृषि मंत्री ने लिया स्थिति का जायजा



**शाम** करीब 5 बजे कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीना समरावता गांव पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से निर्दोष लोगों को गिरफ्तार नहीं करने को कहा। किरोड़ी मीणा को जबरन वोट डलवाने का आरोप लगाने वाली महिला ने बताया कि उसे और उसके पति समेत एक और व्यक्ति से जबरन वोट डलवाया गया था। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे नरेश मीणा अचानक समरावता गांव पहुंचे और पुलिस पर मारपीट आरोप लगाए। वहीं दोपहर करीब 12 बजे नरेश मीणा को गिरफ्तार कर लिया गया। नरेश मीणा को गिरफ्तार करने से पहले पुलिस ने गांव को चारों ओर से घेर लिया था। करीब 500 से ज्यादा पुलिस व एसटीएफ जवानों को मौके पर तैनात किया गया।

### आरएएस एसोसिएशन ने दिया धरना

**एसडीएम** से हाथापाई मामले में आरएएस एसोसिएशन ने पेन डाउन हड़ताल जारी रखने का ऐलान किया है। गुरुवार सुबह एसोसिएशन ने सचिवालय में धरना दिया। शाम को ये अधिकारी सीएम भजनलाल शर्मा से मिलने पहुंचे, लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई। आरएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर खराड़ी ने कहा कि अब शुक्रवार सुबह सीएम से मुलाकात होगी। खराड़ी ने कहा कि नरेश मीणा की गिरफ्तारी से कुछ नहीं होगा, उसे चुनाव लड़ने से रोका जाए। उधर आरएएस के साथ अब आईएएस एसोसिएशन ने भी मांग का समर्थन किया है।

### 'राइजिंग राजस्थान' हेल्थ प्री-समिट में 16,176 करोड़ रुपए के एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

# मेडिकल वैल्यू ट्रैवल पॉलिसी और नई फार्मा पॉलिसी जल्द होगी लॉन्च

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में गुरुवार को राइजिंग राजस्थान स्वास्थ्य प्री-समिट में स्वास्थ्य, चिकित्सा और आयुष क्षेत्र के निवेशकों के साथ 16,176 करोड़ रुपए के एमओयू साइन हुए। इसके साथ ही 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के तहत स्वास्थ्य क्षेत्र में हस्ताक्षरित कुल निवेश प्रस्तावों का आंकड़ा 25,400 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। वहीं राजनिवेश पोर्टल पर अब तक 57 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता स्पष्ट है। राज्य की 88 फीसदी आबादी स्वास्थ्य बीमा के दायरे में है, जो देश में सबसे अधिक है। राज्य के 2024-25 के बजट में भी स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र के लिए अब तक का सबसे अधिक 28,000 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है, जो राज्य के कुल बजट का 8.26 फीसदी से अधिक है। प्रदेश में मेडिकल वेल्यू ट्रैवल के क्षेत्र में भी काफी संभावनाएं हैं। इसे देखते हुए राज्य सरकार जल्द ही मेडिकल वेल्यू ट्रैवल पॉलिसी एवं फार्मा सेक्टर के विकास के लिए नई फार्मा पॉलिसी लाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य का क्षेत्र सीधा जनसेवा से जुड़ा है। इसमें निवेश की गई एक-एक पाई लोगों के दुख-दर्द दूर करने का काम करेगी और उनके चेहरों पर मुस्कान लाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाला व्यक्ति मानवता की सेवा कर रहा है।




### युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर : खींवसर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में एमओयू पर हस्ताक्षर होना सरकार द्वारा पिछले 11 महीनों में शुरू की गई नीतियों के प्रभावों को दर्शाता है। ये नए निवेश न केवल राज्य में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए नए स्वास्थ्य सेवा संस्थान, मेडिकल कॉलेज और वेलनेस सेंटर लाएंगे, बल्कि युवाओं के लिए लाखों रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगे।

### 'आयुष क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में हुए एमओयू'

**मुख्यमंत्री** शर्मा ने कहा कि अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित कर हमारी सरकार ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है कि हम न केवल एमओयू पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं, बल्कि अगले 3-4 वर्षों में उन्हें धरातल पर भी उतारने जा रहे हैं। हमने आयुष क्षेत्र में बड़ी संख्या में एमओयू किए हैं। आयुष ना केवल भारत की विरासत और पहचान है, बल्कि यह दुनिया के सामने भारतीय संस्कृति और सदियों पुराने ज्ञान को भी प्रदर्शित करता है। दुनियाभर के लोग आयुष की ओर आकर्षित हो रहे हैं और आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

### चिकित्सा संस्थान खोलने के मिले प्रस्ताव

**प्री-समिट** में किए गए एमओयू में चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र के लिए 14,000 करोड़ रुपए के निवेश एमओयू हुए, जबकि आयुष क्षेत्र में 2,157 करोड़ रुपए के निवेश एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। राजनिवेश पोर्टल पर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र में अब तक प्राप्त 57,000 करोड़ के निवेश प्रस्तावों के धरातल पर आने से राज्य में 6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है। एमओयू के जरिए निवेशकों ने जयपुर, अजमेर, जोधपुर, राजसमंद, सीकर, सिरोही सहित विभिन्न जिलों में फार्मा इकाइयां, मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय, नर्सिंग कॉलेज, होम्योपैथी और आयुर्वेद कॉलेज, आयुष अनुसंधान पंचकर्म केंद्र, उन्नत आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है।

# पीएम मोदी को डोमिनिका देगा अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान

### कोविड में बढ़ाया था मदद का हाथ

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** कोरोना काल में भारत ने हर जरूरतमंद के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका समेत 150 देशों को मदद करते हुए दवाइयों की खेप भेजी थी। अब कोरोना में मदद करने के लिए पीएम मोदी को डोमिनिका अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान देने वाला है। डोमिनिका सरकार ने कहा कि डोमिनिका राष्ट्रमंडल इस माह प्रधानमंत्री मोदी को अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' प्रदान करेगा। डोमिनिकन प्रधानमंत्री के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि डोमिनिका राष्ट्रमंडल के अध्यक्ष सिल्वेनी बर्टन 19 से 21 नवंबर तक गुयाना के जॉर्जटाउन में होने वाले आगामी भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान यह पुरस्कार प्रदान करेंगे।

**भारत ने भेजी थी एस्ट्राजेनेका वैक्सीन:** बयान में यह भी कहा गया है कि फरवरी 2021 में पीएम मोदी ने डोमिनिका को एस्ट्राजेनेका कोविड-19 वैक्सीन की 70,000 खुराकें भेजी थीं। यह एक उदार उपहार था, जिसने डोमिनिका को अपने कैरेबियाई पड़ोसियों को समर्थन बढ़ाने में सक्षम बनाया। प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट के हवाले से कहा गया है कि यह पुरस्कार डोमिनिका के साथ प्रधानमंत्री मोदी की एकजुटता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी डोमिनिका के लिए एक सच्चे साथी रहे हैं, खासकर वैश्विक स्वास्थ्य संकट के बीच हमारी जरूरत के समय में। गौरतलब है कि रूस ने इसी साल 9 जुलाई को पीएम मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल' से नवाजा था। वे यह सम्मान पाने वाले भारत के पहले और चौथे गैर-रूसी व्यक्ति बने। अब तक 13 देश पीएम मोदी को सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं।

# उपचुनावः अंतिम आंकड़ों में करीब आधा प्रतिशत बढ़ा मतदान, सभी विधानसभा सीटों पर बढ़ोत्तरी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में मतदान के अंतिम आंकड़े गुरुवार को चुनाव विभाग ने जारी कर दिए। अंतिम आंकड़ों में मतदान प्रतिशत में आधा फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। सभी सीटों पर मतदान प्रतिशत बढ़ा है। रामगढ़, दौसा, चौरासी, झुंझुनू, खींवसर, देवली-उनियारा और सलूंबर सीटों पर कुल 69.72 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसमें होम वोटिंग के माध्यम से किया गया 0.16 प्रतिशत मतदान भी शामिल है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि गुरुवार को मतदान से जुड़े दस्तावेजों की पर्यवेक्षकों तथा प्रत्याशियों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष संवीक्षा के बाद मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े प्राप्त हुए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 15 अक्टूबर को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से आयोग के सी-विजिल एप पर आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित 330 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो सभी निस्तारित कर दी गई हैं।



### तीन विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं ने मारी बाजी

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 7 में से तीन विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा। झुंझुनूं, रामगढ़ और सलूंबर क्षेत्रों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत क्रमशः 67.06, 76.02 और 68.74 तथा पुरुषों का मतदान प्रतिशत क्रमशः 65.28, 74.48 और 66.08 रहा। खींवसर विधानसभा क्षेत्र में पिछले वर्ष हुए विधानसभा आम चुनाव 2023 की तुलना में इस उपचुनाव में महिलाओं की मतदान में भागीदारी भी बढ़ी है। वर्ष 2023 में खींवसर क्षेत्र में महिलाओं का मतदान प्रतिशत 72.22 से बढ़कर अब उपचुनाव में 74.61 फीसदी हो गया है।

| मतदान | प्रतिशत |
|---|---|
| खींवसर | 75.08 |
| रामगढ़ | 75.37 |
| चौरासी | 74.46 |
| सलूंबर | 67.98 |
| झुंझुनूं | 66.35 |
| देवली-उनियारा | 65.51 |
| दौसा | 62.45 |

# ट्रक ने प्रॉपर्टी कारोबारी को कुचला, ड्राइवर फरार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शहर के अजमेर रोड स्थित क्वींस रोड तिराहे पर पीएल मोटर्स के सामने गुरुवार शाम करीब 5 बजे एक ट्रक ने प्रॉपर्टी कारोबारी को कुचल दिया। हादसे में करोबारी राकेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर सोडाला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अपनी गाड़ी से शव को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम होगा। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया, लेकिन ड्राइवर भागने में सफल हो गया। दुर्घटना थाना पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सुशीलपुरा निवासी राकेश यादव के रूप में हुई है। वह बाइक पर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रहे सीएनजी गैस सिलेंडरों से भरे ट्रक ने उसे कुचल दिया। इस हादसे में राकेश की मौके पर ही मौत हो गई। राकेश की जेब में मिले डॉक्यूमेंट के आधार पर उसकी पहचान हो पाई। हादसे की सूचना मिलने पर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, वार्ड 45 के पार्षद धीरज शर्मा एवं मृतक के रिश्तेदार मौके पर पहुंचे।



### परिजनों से रोका रास्ता, विधायक ने की समझाइश

**घटना** के बाद मृतक के परिजनों ने रास्ता जाम कर रोष जताया। इस कारण वहां दोनों तरफ ट्रैफिक जाम हो गया। इस दौरान सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने उनसे समझाइश की और उचित मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया।

### सिविल लाइंस विधायक ने पुलिस कमिश्नर से की बात

सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा ने तुरंत कार्रवाई के लिए पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ से फोन पर बात की। कमिश्नर ने दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्यवाही का पूर्ण आश्वासन दिया। वहीं विधायक शर्मा ने जेडीए अधिकारियों को मौके पर बुलाया और पुरानी चुंगी पर हाल ही बनाए गए डिवाइडर से यातायात बाधित होने और इसे हटाने को कहा। इस पर जेडीए अधिकारियों ने एक दिन में इसे हटाने का आश्वासन दिया। इस दौरान एसीपी वैशाली नगर आलोक गौतम, सोडाला एसीपी योगेश चौधरी और पांच थानों के थानाधिकारी सहित टीआई उपस्थित रहे।

### इनकम टैक्स — कानून बेहतर ढंग से लागू करने पर 50 लाख रुपए से अधिक आय वालों की रिटर्न पांच गुना तक बढ़ी

# मोदी कार्यकाल में आयकर रिटर्न की संख्या में 120 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

### 20 लाख रुपए से कम आय वालों पर कर भार हुआ कम

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान पिछले दस वर्ष में देश में आयकर रिटर्न भरने वालों की संख्या में 120 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, वहीं काले धन पर की गई कार्रवाई के चलते 50 लाख से अधिक आय वालों की रिटर्न की संख्या बढ़कर पांच गुना हो गई है। केंद्र सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2014 में जहां 3.6 करोड़ रिटर्न दाखिल हो रही थीं, वहीं 2024 में इसकी संख्या बढ़कर 7.9 करोड़ हो गई। वहीं कर चोरी और काने धन के खिलाफ की गई कार्रवाई के चलते 50 लाख रुपए से अधिक आय वालों द्वारा रिटर्न भरने की संख्या में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। 2014 में पचास लाख से अधिक आय वालों की सिर्फ 1.85 लाख रिटर्न दाखिल हो रही थीं, जो 2024 में बढ़कर 9.39 लाख हो गई हैं। इनसे मिलने वाले टैक्स में भी तीन गुना से ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है। 2014 में इनसे 2.52 लाख करोड़ रुपए टैक्स मिल रहा था, जो 2024 में बढ़कर 9.62 लाख करोड़ रुपए हो गया।




### मध्यम वर्ग पर कम भार

सरकार की ओर से दिए गए आंकड़ों के अनुसार आयकर का 76 प्रतिशत हिस्सा 50 लाख रुपए से अधिक आय वालों द्वारा भरा गया है। इस कारण मध्यम वर्ग पर पड़ने वाले कर का बोझ कम हुआ है। यूपीए सरकार के समय मध्यम वर्ग पर कर का भार ज्यादा था। वर्ष 2014 तक 2 लाख रुपए से अधिक आय वाले सभी लोगों को कर देना पड़ता था, जबकि 2024 में दाखिल 7.9 करोड़ रिटर्न में से 4.9 करोड़ शून्य आयकर भुगतान वाली हैं, क्योंकि मोदी सरकार द्वारा कर छूट सीमा बढ़ाकर 7 लाख रुपए कर दी गई थी। दस लाख रुपए से कम आय वाले करदाताओं से आयकर संग्रह 2014 में कुल कर का 10.17 प्रतिशत था, जो 2024 में घटकर 6.22 प्रतिशत हो गया। मुद्रास्फीति के हिसाब से 10 से 20 लाख रुपए के बीच आय वाले लोगों के करों में लगभग 70 प्रतिशत की कमी आई है। देश में 10 से 15 लाख रुपए के बीच कमाने वालों की औसत आयकर देनदारी यूपीए सरकार के समय 2.3 लाख रुपए थी, जो मोदी सरकार के समय घटकर 1.1 लाख रुपए रह गई। कुछ ऐसी ही राहत 15 लाख से 20 लाख रुपए आय वालों को भी मिली है, जिन्हें यूपीए सरकार के समय 4.1 लाख रुपए कर देना पड़ता था, लेकिन मोदी सरकार के समय 2024 में उन्हें सिर्फ 1.7 लाख रुपए कर देना पड़ा है।

### ढाई से सात लाख रुपए तक की आय पर देनदारी हुई शून्य

**मध्यम** वर्ग को कर में भी राहत मिली है। ढाई से सात लाख रुपए तक की आय वालों के लिए आयकर देनदारी यूपीए सरकार के समय 25,000 रुपए थी, जो मोदी सरकार के समय शून्य हो गई है। वहीं सात से दस लाख रुपए तक की आय वाले लोगों ने आयकर के रूप में 1.5 लाख रुपए तक का भुगतान किया और औसतन केवल 43,000 रुपए कर के रूप में चुकाए। यह उनकी आय का 4 से 5 प्रतिशत है, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं में सबसे कम कर दरों में आता है।

| आयकरदाताओं की सकल आय (रु. में) | दाखिल रिटर्न (2013-2014) | दाखिल रिटर्न (2023-2024) | प्रतिशत वृद्धि |
|---|---|---|---|
| 0 से 2.5 लाख | 1,65,02,434 | 1,01,32,413 | -38.60 |
| 2.5 से 5 लाख | 1,18,27,621 | 2,86,26,132 | 143.03 |
| 5 से 10 लाख | 55,11,558 | 2,79,36,822 | 406.88 |
| 10 से 20 लाख | 15,32,326 | 88,83,141 | 479.72 |
| 20 से 50 लाख | 5,09,745 | 31,93,747 | 526.54 |
| 50 लाख से 1 करोड़ | 1,09,171 | 5,89,762 | 440.22 |
| 1 करोड़ से ज्यादा | 82,836 | 3,50,129 | 322.68 |
| **कुल** | **3,60,75,691** | **7,97,12,146** | **120.96** |

समय से नहीं पहुंच पाई वन विभाग की टीम, लापरवाही पर उठा सवाल, खोजबीन जारी

# जगतपुरा की रिहायशी कॉलोनी में घुसा पेंथर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जगतपुरा स्थित आशियाना ग्रीनवुड अपार्टमेंट में गुरुवार सुबह एक पेंथर घुस आया, जिससे स्थानीय निवासी डर के मारे घरों में कैद हो गए। सुबह-सुबह कॉलोनी में घूमने निकले लोगों ने पेंथर को देखा और तुरंत वन विभाग को सूचना दी। हालांकि सूचना मिलने के बाद भी वन विभाग की टीम समय पर नहीं पहुंच पाई और पेंथर कॉलोनी से ओझल हो गया।

वन विभाग के डीसीएफ जगदीश गुप्ता ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम ने पेंथर की खोजबीन शुरू की, लेकिन कॉलोनी क्षेत्र में अभी तक पेंथर का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि झालाना जंगल क्षेत्र में लगभग 40 पेंथर रहते हैं, लेकिन वे आम तौर पर रिहायशी इलाकों में नहीं आते। वन विभाग ने कॉलोनी के आस-पास के क्षेत्रों में पेंथर की तलाश तेज कर दी है, ताकि लोगों में सुरक्षा का भरोसा बहाल किया जा सके।





### आवासीय क्षेत्रों में पेंथर की बढ़ती गतिविधि

सूत्रों के अनुसार, जंगल में भोजन की कमी और तेज भूख के चलते कई बार पेंथर जैसे जंगली जानवर आवासीय इलाकों का रुख करने लगे हैं। हाल ही में उदयपुर जिले में भी वन विभाग की लापरवाही के कारण पेंथर के हमले में करीब 9 लोगों की जान जा चुकी है। ऐसे में वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

### कॉलोनीवासियों में भय, घरों में हुए कैद

आशियाना ग्रीनवुड अपार्टमेंट में पेंथर की खबर फैलते ही लोग डर के मारे घरों में कैद हो गए। कॉलोनी के बच्चों और बुजुर्गों को लेकर लोगों की चिंता बढ़ गई। कॉलोनी के लोग अक्सर सुबह टहलने के लिए बाहर निकलते हैं, लेकिन पेंथर के आने से वे सहमे हुए हैं। स्थानीय निवासियों ने वन विभाग से अपील की है कि पेंथर को पकड़ने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि उदयपुर जैसी घटना यहां न हो।

## अल्बर्ट हॉल पर आज साकार होगी ब्रज संस्कृति

**जयपुर (मसं)।** राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर की डायरी में शुक्रवार को एक नए अध्याय का शुभारम्भ कल्चरल डायरीज के नाम से होगा। गुलाबी नगरी की फिजां में शाम को भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली ब्रज भूमि की रंगत घुलेगी। ब्रज की मशहूर फूलों की होली खेली जाएगी। मयूर नृत्य से श्रीकृष्ण-राधा की रासलीला का प्रदर्शन होगा। अपनी मोहक प्रस्तुतियों से लोक कलाकार ब्रज की कला और संस्कृति को साकार करेंगे। जयपुरवासियों सहित देसी-विदेशी पावणे इसका लुत्फ राजधानी के ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल के समक्ष उठाएंगे। दरअसल राजस्थान की लोक कला एवं संस्कृति को वैश्विक पटल पर ले जाने और लोक कलाकारों को नया मंच प्रदान करने के लिए पर्यटन विभाग कल्चरल डायरीज के नाम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक नई श्रृंखला शुरू कर रहा है। इसका पहला दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 15 और 16 नवंबर को अल्बर्ट हाल पर होगा। 15 नवंबर को शाम 6:30 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में प्रदेश के उत्तर-पूर्व में स्थित ब्रज अंचल की कला-संस्कृति का प्रदर्शन होगा। सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ वैदिक मंत्राच्चार के साथ होगा। इस दौरान कलाकार भवाई नृत्य भी पेश करेंगे। दूसरे दिन बाड़मेर-जैसलमेर क्षेत्र के प्रसिद्ध लंगा-मांगणियार कलाकारों की गायन-वादन की प्रस्तुतियां होंगी।

## बुर्रा वामसी राममोहन ने पावरग्रिड के निदेशक (परियोजना) का संभाला कार्यभार



महानगर संवाददाता

**जयपुर/नई दिल्ली।** बुर्रा वामसी राममोहन ने विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन महारत्न सार्वजनिक उद्यम पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. (पावरग्रिड) के निदेशक (परियोजना) का पदभार ग्रहण कर लिया है। प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ इंजीनियरिंग स्नातक वामसी ने पावरग्रिड में ओएसडी (प्रोजेक्ट) के रूप में कार्य किया है। उन्होंने हार्वर्ड मैनेजमेंटर (एचएमएम) कार्यक्रम पूरा किया है और इसके साथ ही प्रतिष्ठित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के भी कई पाठ्यक्रमों को पूरा किया है। बिजली और दूरसंचार क्षेत्रों में तीन दशकों से अधिक के समृद्ध कार्य अनुभव के साथ वामसी के पास परियोजना कार्यान्वयन और खरीद प्रबंधन में एक विशिष्ट अनुभव है। उन्हें पावर सेक्टर रेगुलेटरी फ्रेमवर्क की गहरी जानकारी है और वह पावरग्रिड में रेगुलेटरी सेल के संस्थापक सदस्य रहे हैं। वह पावरग्रिड के प्रतिस्पर्धा आधारित बोली प्रक्रिया (टैरिफ बेस्ड कॉम्पिटिटिव बिडिंग) में प्रवेश के मुख्य वास्तुकारों में से एक थे, जिसने अंततः पावरग्रिड को कॉम्पिटिटिव बिडिंग रेजिम में सफलतापूर्वक स्थापित किया। वह पावरग्रिड टेलीसर्विसेज लि. के सीईओ रहे हैं और टेलीकॉम व्यवसाय के विकास और पावरग्रिड के पहले डेटा सेंटर के कार्यों को शुरू करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

बजाज नगर की अनिता कॉलोनी बनी दूसरे लोगों के लिए प्रेरणा, स्वच्छता और सुंदरता के ट्रिपल-एस फॉर्मूले पर करती है काम

# ...यहां खुद के बनाए मंत्री सुनते हैं फरियाद

- कॉलोनी में करीब 170 घर, जिनमें रहते हैं 1100 लोग
- कॉलोनी में लगाए गए हैं 30 सीसीटीवी कैमरे
- स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 2 अक्टूबर को सम्मान प्राप्त कर चुके हैं कॉलोनीवासी







मनीष कुमार शर्मा

**जयपुर।** आपने सरकारों में अलग-अलग विभागों के मंत्री तो देखे होंगे, जिनके पास आमजन अपनी समस्याओं को लेकर जाते हैं और वे उन समस्याओं को दूर करने का प्रयास करते हैं। कुछ इसी तरह की पहल बजाज नगर की अनिता कॉलोनीवासियों ने की है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता के सपने का साकार करने में सहयोग कर रहे हैं। इस कड़ी में यहां रहने वाले लोगों ने वेलफेयर सोसाइटी बनाई और उसका उद्देश्य स्वच्छता-सफाई और सुंदरता को बनाया। इसके लिए सोसायटी ने यहां अलग-अलग विभाग बनाए और उससे संबंधित समस्याओं को हल कराने की जिम्मेदारी की लिए एक व्यक्ति को मंत्री बना दिया।

इस तरह यहां जल मंत्री, विद्युत मंत्री, आईटी मंत्री, पर्यावरण मंत्री, संस्कृति मंत्री, सुरक्षा के लिए गेट और गार्ड मंत्री के रूप में लोगों की जिम्मेदारी तय की गई। यदि कॉलोनी के किसी भी व्यक्ति को इन विभागों से संबंधित कोई समस्या होती है तो वह इन विभागों की जिम्मेदारी निभा रहे सदस्य को अवगत करवाता है, जिसके बाद वह व्यक्ति सोसायटी सदस्यों के साथ मिलकर यदि सरकारी स्तर की परेशानी है तो उस विभाग के अधिकारियों से संपर्क करता है और उसे दूर करवाने के लिए प्रयास करता है।

### ये सभी व्यवस्थाएं कॉलोनी में मौजूद

- अनिता कॉलोनी वेलफेयर सोसायटी, बजाज नगर के अध्यक्ष विवेक सेकड़ा ने बताया कि कॉलोनी में करीब 170 घर हैं और 1100 लोग रहते हैं। यहां गलियां हैं, जिनके प्रवेश पर ही प्लॉट नंबर दर्शाने वाले बोर्ड लगाए गए हैं।
- गलियों की नियमित सफाई के लिए वेतन पर कर्मचारी लगाए हुए हैं, जो रोजाना गली में सफाई करते हैं और कचरा उठवाते हैं। इसके लिए उन्हें शिड्यूल दिया गया है।
- सुंदरता और स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्रवेश द्वार सहित अन्य जगहों पर पेड़ लगाए गए हैं।
- महासचिव प्रणय कुलश्रेष्ठ ने बताया कि कॉलोनी में 30 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनमें 4 कैमरे ऐसे है जो वाहन की नंबर प्लेट को स्वतः ही रिकॉर्ड कर लेता है।
- कॉलोनी में रहने वाले किराएदारों को अलग से आईडी कार्ड दिए गए हैं, जिन्हें दिखाकर वे आ-जा सकते हैं।
- कॉलोनी के निवासियों का सोशल मीडिया ग्रुप बनाया गया है, जिसके जरिये केवल एडमिन नवीन सूचनाएं लोगों को प्रेषित करता है।
- कई घरों की दीवारों के बाहर राजस्थान की संस्कृति को बढ़ावा देने वाले पेंटिंग्स बनवाई गई हैं।



### कॉलोनी में चोरी पर लगी रोक

कॉलोनी में प्रवेश के लिए 4 प्रवेश गेट हैं। सुरक्षा को देखते हुए रात्रि 10 बजे बाद तीन गेट और एक गेट रात्रि 10.30 बजे बंद कर दिए जाते हैं। सुबह तीन गेट 5 से 6.30 बजे तक केवल इतना ही खोले जाते हैं कि लोग सुबह की सैर के लिए आ-जा सके। इससे कॉलोनी में हो रही वाहन चोरी पर रोक लगी है। रात्रि 10.30 बजे तक खुलने वाले गेट पर बैरियर लगाया गया है, उसे कॉलोनी का सदस्य अपने डिजिटल कार्ड के जरिये ही खोल सकता है। नए आने वाले लोगों की गेट पर ही गार्ड द्वारा रजिस्टर में एंट्री की जाती है।

### ये लोग संभाल रहे जिम्मेदारी



वेलफेयर सोसायटी में डीडी शर्मा, सोनल भार्गव, भूपेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र सिंह चौहान, मुकुल कुलश्रेष्ठ, स्वीटी जैन, नीलम जोशी, नुपुर कृष्णात्री, रेनू शर्मा ने विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी संभाल रखी है।

### स्वच्छता के लिए किया जा चुका है पुरस्कृत



कॉलोनी के ट्रिपल-एस फार्मूले पर काम करने के कारण नगरीय विकास मंत्री झाबरसिंह खर्रा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 2 अक्टूबर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी कर चुके हैं। यहां रहने वाले लोगों का कहना है कि जब से उनके यहां ट्रिपल-फार्मूले पर काम करना शुरू किया है, नीदरलैंड के लोग भी यहां आकर दौरा कर चुके हैं। अभी जलदाय विभाग की ओर से यहां कॉलोनी में 24 घंटे पेयजल का ट्रायल रन शुरू किया गया है, जिसके चलते डेनमार्क के प्रतिनिधिमंडल ने भी कॉलोनी का दौरा किया और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा।

## डेनमार्क के प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन स्थलों की खूबसूरती को सराहा



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजधानी के पर्यटन स्थल सदैव पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को डेनमार्क से आए प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन स्थलों का दौरा किया। यहां स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ प्रतिनिधिमंडल में शामिल करीब 30 लोगों ने विश्व प्रसिद्ध हवामहल, जंतर-मंतर सहित शहर के परकोटा बाजार में स्मार्ट सिटी के तहत किए गए कार्यों को देखा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन स्थलों की खूबसूरती को सराहा। हवामहल अधीक्षक सरोजनी चंचलानी ने बताया कि डेनमार्क से आए प्रतिनिधिमंडल ने हवामहल के सामने बड़ी उत्सुकता के साथ तस्वीरें खिंचवाई और उसके इतिहास से जुड़ी जानकारी ली।

## विश्व श्रव्य-दृश्य एवं मनोरंजन क्षेत्र का पहला कंवर्जेंस शिखर सम्मेलन फरवरी में



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** केन्द्र सरकार की ओर से अगले वर्ष 5 से 9 फरवरी तक 'विश्व श्रव्य-दृश्य एवं मनोरंजन क्षेत्र का पहला कंवर्जेंस शिखर सम्मेलन (वेव्स) आयोजित किया जाएगा। इसके जरिए देश के मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग का वैश्विक स्तर पर प्रभाव बढ़ाया जाएगा।

इसी क्रम में पत्र सूचना कार्यालय और केंद्रीय संचार ब्यूरो जयपुर द्वारा एमएनआईटी और बिट्स मेसरा में वेव्स की जागरूकता को लेकर गुरुवार को रोड शो आयोजित किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो जयपुर के सहायक निदेशक संतोष वेंकटरमन ने कहा कि 'वेव्स' मीडिया और मनोरंजन उद्योग के समस्त दायरे को कवर करने वाला प्रथम वैश्विक शिखर सम्मेलन होगा। इसका उद्देश्य ऐसा फोरम बनना है, जो उभरते मीडिया और मनोरंजन उद्योग परिदृश्य में आपसी संवाद, व्यापार सहयोग एवं नवाचार को बढ़ावा दे।

पत्र सूचना कार्यालय के उप निदेशक धर्मेश भारती ने कहा कि केन्द्र सरकार क्रिएटर्स इकोनॉमी को और विकसित करने के लिए विश्व स्तरीय प्रतिभा विकास कार्यक्रम और इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि भारत का युवा एक उत्कृष्ट कंटेंट क्रिएटर बने, ताकि वैशिवक स्तर पर क्रिएटर्स इकोनॉमी बने, जो हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जीवन शैली, योग, पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली और हमारे व्यंजनों में विविधता को प्रदर्शित करने का साधन बने। इसी क्रम में क्रिएट इन इंडिया चैलेंज - सीजन 1 के अंतर्गत वेव्स के लिए 27 चैलेंज शुरू किए गए हैं। इसमें युवा ज्यादा से ज्यादा भाग लें।

बिट्स मेसरा, जयपुर के निदेशक पीयूष तिवारी ने कहा कि क्रिएट इन इंडिया चैलेंज-सीजन 1 के अंतर्गत वेव्स के लिए 27 चैलेंज में उनके संस्थान के विद्यार्थी भाग लेंगे। इसमें मीडिया व मनोरंजन उद्योग से जुड़े ब्रॉडकास्टिंग, न्यूज मीडिया, टीवी-रेडियो, कैरेज सर्विसेस, म्यूजिक, एडवरटाइजिंग तथा लाइव इवेंट्स से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी।

## गौतस्कर की जमानत रद्द कराने सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर एक गौतस्कर की जमानत रद्द करने की अपील की है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार का वकील उपस्थित नहीं होने पर इस गौतस्कर को जमानत दे दी थी। सरकार की याचिका में पिछली सुनवाई पर सरकारी वकील के पेश नहीं होने पर खेद प्रकट किया गया है और कहा है कि आरोपी आदतन गौ तस्कर है। अगर आरोपी बाहर रहता है तो फिर से वह इसी तरह के अपराध को अंजाम दे सकता है।

अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने याचिका दायर करते हुए कहा कि प्रक्रियात्मक चूक के कारण सुनवाई के दौरान राज्य का कोई भी प्रतिनिधि कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सका, लेकिन अब राज्य सरकार अपना पक्ष रखना चाहती है। ऐसे में पुनर्विचार याचिका को सुना जाए, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के सामने आरोपी के आपराधिक इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी नहीं आ पाई है। याचिका में बताया गया है कि आरोपी के खिलाफ राजस्थान के अलावा उत्तर प्रदेश में गो तस्करी समेत कुल 8 मामले दर्ज हैं। इनमें से 4 समान प्रकृति (गो तस्करी) के हैं। यदि ये जानकारी प्रस्तुत की गई होती, तो यह अदालत के निर्णय को प्रभावित कर सकती थी। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि आरोपी के जमानत का दुरुपयोग करने का रिकॉर्ड है। ऐसे में सरकार आरोपी के पूरे आपराधिक इतिहास को अदालत के सामने लाना चाहती है, ताकि आरोपी की जमानत रद्द करवाई जा सके और गो तस्करी विरोधी कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके

दरअसल गौ तस्कर नाजिम खान को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 21 अक्टूबर को जमानत दी थी। फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इस मामले में राज्य सरकार की ओर से ना तो किसी वकील का वकालतनामा पेश हुआ, ना ही कोई वकील सुनवाई के दौरान उपस्थित हुआ। ऐसे में आरोपी को लम्बे समय तक जेल में नहीं रखा जा सकता।

नाजिम खान पर आरोप है कि वह और उसके सह-आरोपी गो तस्करी में शामिल हैं। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार 13 फरवरी 2021 को करौली जिले के नादौती थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त के दौरान गंगापुर सिटी की ओर से आ रहे एक कंटेनर को गो तस्करी की आशंका में रोका गया। कंटेनर की जांच करने पर उसमें अलग-अलग उम्र की 26 गायें थी। इनमें 3 से 6 साल की उम्र के 3 बछड़े और लगभग 5 साल की एक गाय मृत पाई गई।

## जस्टिस एनके जैन फाउण्डेशन का सम्मान समारोह आज

**जयपुर (मसं)।** जस्टिस नगेन्द्र कुमार जैन फाउण्डेशन ट्रस्ट की ओर से 15 नवम्बर को भट्टारकजी की नसियां स्थित तोतूका सभागार में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित करने वाली 108 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।

ट्रस्ट के सदस्य दिलीप शिवपुरी ने बताया कि न्यायाधीश जेपी जैन की 50वीं पुण्यतिथि एवं 108वीं जन्म जयंती के अवसर पर प्रातः 10 बजे से आयोजित इस सम्मान समारोह में विधि, ज्योतिष, वकालात, चिकित्सा, शिक्षा, प्रशासनिक सेवा, पत्रकारिता, साहित्य, पर्वतारोहण, कला-संस्कृति, खेल, वास्तुकला, इंजीनियरिंग एवं समाज सेवा सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही इस मौके पर एक स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा।

ट्रस्टी रमेश अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म भूषण से सम्मानित एवं प्रसिद्ध समाज सेवी डॉ. डीआर मेहता होंगे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों की कई जानी-मानी हस्तियां भी उपस्थित रहेंगी। ट्रस्टी सुरेश जैन ने बताया कि जस्टिस नगेन्द्र कुमार जैन फाउण्डेशन ट्रस्ट का गठन मानवीय मूल्यों से प्रेरित कार्यों को आगे बढ़ाने तथा समाज के जरूरतमंद वर्गों को मुख्यधारा में लाने तथा इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष जस्टिस नगेंद्र कुमार जैन ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर गतिविधियों का निस्वार्थ भाव के साथ आयोजन किया जाता रहेगा।

यात्री का ट्रेन में छूटा बैग रुपयों और सामान सहित लौटाया

# ईमानदारी का परिचय देने वाले रेलवे सीटीआई को किया सम्मानित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर सीटीआई के पद पर कार्यरत कर्मचारी लक्ष्मणराम चौधरी ने ट्रेन में छूटे एक ट्रॉली बैग को उसके मालिक के रिश्तेदार को सही सलामत सुपुर्द कर ईमानदारी का परिचय दिया है।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि सीटीआई लक्ष्मणराम चौधरी ने 6 नवम्बर को गाड़ी संख्या 14808 में टीएनसीआर का कार्य अहमदाबाद से जोधपुर तक किया गया। जालौर स्टेशन के बाद कर्मचारी को एमई-1 कोच के पहले केबिन में एक ट्रॉली बैग मिला, जिसे लेकर कर्मचारी ने पूरे कोच में मालिक का पता लगाया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसकी सूचना कर्मचारी द्वारा वाणिज्य नियंत्रक जोधपुर को सूचना दी गई। यात्री की डायरी से मिले मोबाइल नंबर से संपर्क करने पर पता चला कि कोच एमई-1 में सीट संख्या 5 और 6 पर यात्री देवीचंद और उनकी पत्नी दादर से जालौर तक यात्रा कर रहे थे। ये ट्रॉली बैग उन्हीं का था, जिसमें 87 हजार रुपए सहित अन्य सामान था। कर्मचारी ने यात्री के कहने पर जोधपुर आरपीएफ के सब-इंस्पेक्टर रमेश मीणा की मौजूदगी में देवीचंद के रिश्तेदार अनिल को सामान की सूची बनाकर वीडियोग्राफी कर सामान सुपुर्द कर दिया। इस पर यात्री देवीचंद ने रेल प्रशासन को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया।



### कर्मचारी को दिया प्रशस्ति-पत्र

कर्मचारी द्वारा किए गए प्रशंसनीय कार्य के लिए उत्तर-पश्चिम रेलवे मुख्यालय में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक नरसिंह द्वारा नकद पुरस्कार सहित प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (एफएम) सुनील बेनीवाल, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (क्लेम्स व कैटरिंग) विवेक रावत, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (पीएस व पीएम) धीरूमल, उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (पीएस व पीएम) मुकेश सैनी, उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (क्लेम्स व कैटरिंग) डॉ. सीमा बिश्नोई और सहायक वाणिज्य प्रबंधक मदन लाल उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

## तेज रफ्तार कार ने पैदल चल रहे किसान को कुचला, मौत

महानगर संवाददाता



**नोखा।** हिम्मटसर गांव स्थित रामदेवरा फांटा के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक किसान की मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि किसान उछलकर 10 फीट दूर जाकर गिरा। हादसे के बाद कार चालक थोड़ी देर रूककर वापस चला गया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कार टक्कर मारते दिख रही है। थानाधिकारी हंसराज लूणा ने बताया कि हिम्मटसर गांव का रहने वाला मनोज तिवाड़ी अपने खेत से पैदल घर लौट रहा था। वह सड़क पार कर रहा था। इस दौरान तेज स्पीड में आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद किसान को ग्रामीणों ने हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में सड़क के साइड में ऊंटगाड़ी खड़ी दिखाई दी और किसान सड़क क्रॉस करता दिखाई दिया। इतने में तेज स्पीड में आ रही एक कार किसान को टक्कर मारकर आगे जाकर रुक गई। इसके बाद चालक कार को भगाकर ले गया। हादसे की जानकारी पर नोखा पुलिस जिला हॉस्पिटल पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया। किसान घर में अकेला कमाने वाला था।

### दुपहिया वाहन और गैस सिलेंडर चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर (मसं.)।** सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन और गैस सिलेंडर चोरों को पकडकर उनके पास से एक चोरी की बाइक सहित दस गैस सिलेंडर बरामद किए गए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने एक दर्जन से अधिक चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूला है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम तेजस्विनी गौतम ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन और गैस सिलेंडर चोरी करने वाले वाले शेख जहांगीर उर्फ राजा और अनस खान उर्फ दानिश को गिरफ्तार किया है। दोनों ही आरोपित प्रताप प्रताप नगर के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपी शातिर चोर है और नशा करने की आदी है। नशा करने के लिए पैसे नहीं होने पर वे रात के समय थड़ियों को निशाना बनाते हैं और गैस सिलेंडर चोरी कर ले जाते हैं। आरोपियों के पास से एक चोरी की बाइक बरामद की है, जो प्रताप नगर थाना इलाके से चोरी की गई है। आरोपियों ने पूछताछ में एक दर्जन वारदाते करना स्वीकार किया है। आरोपी पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं।

### 23 साल की युवती की हार्ट अटैक से मौत, अचानक बिगड़ी तबीयत

**अजमेर (मसं.)।** शहर में देर रात 3 बजे ऑफिस का काम खत्म कर



सो रही 23 साल की युवती की हार्ट अटैक से मौत हो गई। गुरुवार सुबह 5 बजे के आसपास अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। उसने परिजनों से सीने में दर्द होने की शिकायत की थी। इस पर घरवाले तुरंत उसे अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चाचा अंकुश राठी ने बताया कि भतीजी कशिश टूर एंड ट्रेवल्स कंपनी में ऑनलाइन काम करती थी। रात में काम करने के बाद वह 3 बजे सो गई। इसके बाद गुरुवार सुबह 5.30 के करीब अचानक उसके सीने में दर्द होने लगा। उसे जेएलएन अस्पताल लेकर गए थे। उसे हार्ट अटैक आया था। उसके पिता अनूप राठी अजमेर में ही किराने की दुकान चलाते हैं। कशिश का एक छोटा भाई भी है।

### मैरिज गार्डन से जेवरात और नकदी से भरा ट्रॉली बैग उड़ाया

**जयपुर (मसं.)।** शादी का सीजन शुरू होते ही चोर गैंग सक्रिय हो गई है, जो मैरिज गार्डन से जेवरात और नकदी पार कर ले जाते हैं। बिंदायका थाना इलाके में स्थित एक मैरिज गार्डन में भात भरने आए भाती का जेवरात व नकदी से भरा ट्रॉली बैग पार हो गया। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक ट्रॉली बैग ले जाता नजर आ रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार विकास नगर हीरापुरा अजमेर रोड निवासी सुरेंद्र चौधरी ने मामला दर्ज करवाया कि एक मैरिज गार्डन में शादी से जुड़े प्रोगाम चल रहे थे। मैरिज गार्डन से भात लेकर आए एक भाती का ट्रॉली बैग चोरी हो गया। बैग में 2.11 लाख की नकदी के साथ सोने की चेन, सोने की कंठी, कान की बाली, तीन जोड़ी चांदी की पायजेब, सोने की अंगूठी, एक सोने की चेन लॉकेट सहित एक भारी बैस, दो महंगी ड्रेस और दो छोटे पर्स थे। मामले की जांच एसआई विमलेश कुमार कर रहे हैं।

### मोबाइल निकालते समय गिरे रुपए उठाने की बात पर मारपीट

**जयपुर (मसं.)।** जवाहर नगर थाना इलाके में मोबाइल निकालते समय जेब से गिरे रुपए अन्य दो युवकों ने उठा लिए। इस पर पीड़ित ने उनसे रुपए मांगे तो आरोपी युवकों ने उसके साथ मारपीट की और मोबाइल तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार मथुरादासपुरा निवासी रिंकू मीणा ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाइक से घर जा रहा था। इस दौरान जवाहर नगर टीला नम्बर 3 के पास मोबाइल निकालते समय उसकी जेब से 500-500 रुपए सड़क पर गिर गए। इस पर उसने गाड़ी रोक ली। इस दौरान पीछे आ रही दो गाड़ियां भी रुक गई। उनमें एक गाड़ी सवार युवकों ने रुपए उठा लिए। पीड़ित ने रुपए उसके होने की बात कहीं तो वे झगड़ा करने लगे और रुपए स्वयं के बताने लगे। इस पर आपस में बहस के बाद झगड़ा हो गया। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसका मोबाइल तोड़ दिया। इस पर पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## साइबर ठगों ने दो युवकों के खाते से निकाले 19 लाख रुपए

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बगरू थाना इलाके में साइबर ठगों ने एक युवक के खाते से 10 लाख रुपए निकाल लिए। ठगी का पता पीड़ित को मोबाइल पर मैसेज आने पर लगा। मामले की जांच थानाधिकारी मोती लाल कर रहे है। पुलिस के अनुसार देवलिया निवासी विनोद कुमार शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि उसका पंजाब नेशनल बैंक में खाता है। साइबर ठगों ने उसके खाते से ऑनलाइन दो बार में करीब 10 लाख रुपए निकाल लिए। उसके खाते से आईएमपीएस और नेफ्ट के माध्यम से यह राशि निकाली गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार जयसिंहपुरा थाना इलाके में एक युवक के खाते से भी



ऑनलाइन 9.40 लाख रुपए निकाल लिए गए। पुलिस के अनुसार शिव नगर नायला रोड निवासी विनय लखवानी ने मामला दर्ज करवाया कि साइबर ठगों ने उसके खाते से ऑनलाइन 9.40 लाख रुपए निकाल लिए। ठगी का पता पीड़ित को मोबाइल पर मैसेज आने पर लगा। मैसेज आने पर पीड़ित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खेत की बाड़ में मिट्टी में छुपाकर रखा, रोने की आवाज सुनकर किसानों ने दौड़कर संभाला

# दो दिन के जिंदा नवजात बच्चे को जबड़े में दबाकर ले गया श्वान

महानगर संवाददाता

**जालोर।** जिले के भाद्राजून थाना इलाके के वलदरा गांव में एक आवारा श्वान दो दिन के नवजात बच्चे को मुंह में दबाकर खेत में ले आया। श्वान ने बच्चे को खेत की बाड़ में मिट्टी में छुपाकर रख दिया। वहां काम कर रहे किसानों ने बच्चे के रोने की आवाज सुनी तो वे मौके पर इकट्ठे हो गए। उन्होंने श्वान को वहां से भगाया और बच्चे को संभाला। बच्चा मिट्टी में उल्टे मुंह पड़ा था और पूरी तरह मिट्टी से सना था। सूचना पर पहुंचे भाद्राजून थाना इंचार्ज प्रेमाराम ने बताया कि वलदरा गांव का किसान सताराम मीणा गुरुवार सुबह अपने खेत में काम कर रहा था। इस दौरान उसने एक श्वान को देखा। श्वान मुंह में एक बच्चे को दबाकर लाया और खेत की बाड़ के बीच झाड़ियों में बच्चे को छोड़ दिया। बच्चे के रोने की आवाज सुनी तो सताराम ने आसपास काम कर रहे दूसरे किसानों को आवाज दी तो सभी



लोग मौके पर जुटे। उन्होंने बाड़ के अंदर देखा तो मिट्टी से सना एक बच्चा उल्टे मुंह पड़ा नजर आया। किसानों ने वहां घूम रहे श्वान को भगाया और फिर बच्चे को संभाला।

### स्वास्थ्य संबंधी कई तरह की समस्याएं थीं, अब बेहतर

**बच्चे** को सताराम और अन्य ग्रामीण भूती पीएचसी लेकर पहुंचे, वहां से बच्चे का प्राथमिक उपचार के बाद उसे जालोर रेफर कर दिया, जहां एमसीएस में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. बाबूलाल चौधरी ने बच्चे का इलाज किया। डॉ. चौधरी ने बताया कि बच्चे के शरीर का तापमान कम था। उसे स्वास्थ्य संबंधी कई तरह की समस्याएं थीं। सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। आंख, नाक और कान में मिट्टी के कण थे। ऑक्सीजन लेवल भी कम था। बच्चे को ऑक्सीजन पर लिया और इलाज शुरू किया। हालांकि बच्चा सीरियस नहीं है। लगातार इलाज चल रहा है। बच्चे की उम्र 24 से 48 घंटे के बीच है। हम हाइपोथर्मिया की जांच कर रहे हैं। इलाज के बाद बच्चे को बाल कल्याण समिति को सौंप देंगे।

### साथी किसान ने बनाया घटनाक्रम का वीडियो

एक किसान ने घटना का वीडिया बना लिया। वीडियो 1 मिनट 28 सेकंड का है। वीडियो में किसान कहता है कि ये देखो जीवित बच्चे को श्वान लेकर जा रहा था। बच्चे को हमने श्वान से छुड़वाया है। यह बच्चा जिंदा है। इस दौरान एक व्यक्ति बाड़ में अंदर घुसता है और उल्टे पड़े बच्चे को उठाता है। हाथ में लेते ही बच्चा रोने लगता है। लोग कहते हैं कि बच्चा रो रहा है। बच्चा जिंदा मिला है। वीडियो बना रहा व्यक्ति कपड़ा लाने को कहता है। इसके बाद बच्चे का चेहरा पोंछते हैं।

### पांच युवकों को होटल में बंधक बनाकर मांगी थी 25 लाख रुपए की फिरौती

# किडनैप कर बंधक बनाने वाली गैंग का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**अजमेर।** उत्तर प्रदेश और बिहार के 5 युवकों को होटल के कमरे में बंधक बनाकर थर्ड डिग्री टॉर्चर करने और उनके परिजन से पांच-पांच लाख रुपए की फिरौती की डिमांड करने के मामले में अजमेर की क्रिश्चियनगंज व गेगल थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बक्सर बिहार निवासी वीरेंद्र कुमार ओझा ने बताया कि अयोध्या निवासी अखिलेश यादव अजमेर में काम दिलाने का झांसा देकर उसके दोस्त अभिषेक, यशवंत, सोमेंद्र व सिद्धार्थ को अजमेर लाया और एक होटल में पांचों को ठहराया। यहां 2 कमरों में उन्हें बंधक बना लिया। इसके बाद अखिलेश उन्हें धर्मेश्वर गौड़ और उसके साथियों को सौंपकर भाग गया। दरअसल अखिलेश व धर्मेश्वर गौड़ के बीच लाखों रुपए के लेनदेन का विवाद चल रहा था। गौड़ और उसके साथियों ने अखिलेश से वसूली जाने वाली राशि के एवज में पांचों युवकों को बंधक बनाया और मारपीट कर परिजनों से पांच-पांच लाख रुपए की डिमांड की। एसपी वंदिता राणा के निर्देश पर पुलिस आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।



### एटीएम से रुपए निकलवाए और ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए

धर्मेश्वर गौड़ और उसके सात-आठ साथियों ने होटल के कमरों में उन्हें बंधक बना लिया। आरोपी मारपीट करते रहे और उनके मोबाइल फोन से कॉल कर अखिलेश यादव से संपर्क का प्रयास करते रहे। दूसरे दिन धर्मेश्वर और उसके साथी उन्हें जबरन कार में बैठाकर गांव में ले गए। वहां भी सुनसान जगह पर मारपीट की गई। गांव से वापस होटल आ गए। इस बीच आरोपियों ने उन्हें धमकाया कि अपने-अपने परिजनों को फोन कर पांच-पांच लाख रुपए मंगवाओ, वरना जान से मार देंगे। आरोपियों ने ओझा के एटीएम से 20 हजार रुपए निकाल लिए और उसके अन्य 2 साथियों से दस हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए। जैसे-तैसे उन्होंने अपने परिजनों के जरिए पुलिस को सूचना करवाई थी। इसके बाद आरोपी उन्हें होटल में छोड़कर भाग गए।

### आरोपियों के खिलाफ दर्ज हैं कई मुकदमे

पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में आरोपियों को चिह्नित किया और आरोपी रूपनगढ़ निवासी दीपेंद्र उर्फ दीपू, कुचामन सिटी निवासी दारा सिंह गुर्जर, रूपनगढ़ निवासी राजेंद्र बावरी और उस्मान खान को गिरफ्तार किया। आरोपी दीपेंद्र सिंह के खिलाफ रूपनगढ़, गांधीनगर, किशनगढ़ पुलिस थानों में विभिन्न मामलों के 9 मुकदमें विचाराधीन हैं। वहीं आरोपी उस्मान खान के खिलाफ भी जानलेवा हमले का मुकदमा विचाराधीन है। पुलिस मामले में अखिलेश यादव और धर्मेश्वर गौड़ की तलाश कर रही है।

## मोबाइल लूटने के बाद पीड़ित के पीछे थाने पहुंचे बदमाश

### लोगों ने एक आरोपी को पकड़ा, एक बाइक और दो मोबाइल बरामद

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शहर में दो बदमाश मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद पीड़ित के पीछे-पीछे थाने पहुंच गए। यहां जब लोगों को भनक लगी कि ये लुटेरे हैं तो उन्होंने एक आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि दूसरा साथी फरार हो गया। मामला शहर के अशोक नगर थाना क्षेत्र के सी-स्कीम का है।

पीड़ित टोंक रोड निवासी सतीश कुमार एक बैंक में नौकरी के लिए इंटरव्यू देने गया था। मामले में पुलिस ने आरोपी रामगंज निवासी मोहम्मद आजम को गिरफ्तार किया है। अशोक नगर सीआई उमेश बेनीवाल ने बताया कि टोंक रोड निवासी सतीश कुमार सी-स्कीम स्थित एक बैंक में इंटरव्यू देकर आ रहा था। तभी



बदमाश आजम और सलमान ने उसका मोबाइल छीन लिया। इस मामले में आजम को पकड़ लिया। वहीं फरार चांदपोल निवासी सलमान की तलाश की जा रही है। आजम पर पहले भी मुकदमें दर्ज हैं। दोनों बदमाश मिलकर शहर में लोगों से मोबाइल लूटने का काम करते हैं। आजम से हुई पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शहर में कई वारदातें कर चुका हैं। चोरी के मोबाइलों को वे सस्ते दामों पर बाजार में बेच देते हैं। पुलिस ने आजम के पास से एक बाइक और दो मोबाइल बरामद किए हैं। बदमाशों ने दूसरा मोबाइल एसएमएस इलाके से छीना था।

### घटना से आक्रोशित लोगों ने हाईवे पर लगाया जाम, चालक फरार

## रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर दो ट्रक ड्राइवर युवकों की मौत

महानगर संवाददाता

**बीकानेर।** जिले के नोखा गांव में गुरुवार दोपहर करीब 3.30 बजे रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। आमने-सामने की टक्कर के बाद युवक उछलकर सड़क पर गिर गए, जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर बस को छोड़कर भाग गया। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने हाईवे को जाम कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाकर यातायात को सुचारू करवाया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। कार्यवाहक थानाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि हादसे में राधेश्याम पुत्र रामजस बिश्नोई निवासी घट्टू हाल निवासी



मोहनपुरा और श्रवण पुत्र हेतराम विश्नोई निवासी घट्टू की मौत हुई हैं। दोनों ट्रक ड्राइवर थे। शवों को जिला हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। दोनों ट्रक ड्राइवर बाइक से बुधरा की ढाणी से नोखा की तरफ आ रहे थे। इस दौरान नोखा गांव के पास हाईवे-62 पर सामने से आ रही रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों और आस-पास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। हादसे से आक्रोशित लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि हाईवे पर यातायात व्यवस्था ठीक नहीं है। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर जाम हटवाया।

### मेकअप कराने गई महिला की सैलून में सोने की चेन पार

**जयपुर (मसं.)।** रामनगरिया थाना इलाके में मेकअप कराने गई महिला की सैलून में सोने की चेन गायब हो गई। इस पर पीड़िता ने सैलून कर्मचारियों पर चोरी का शक जाहिर कर मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार तिरुपति नगर निवासी गुड्डी मीणा ने मामला दर्ज करवाया कि वह 11 नवम्बर को जगतपुरा स्थित एक वूमेन सैलून में मेकअप व फेशियल कराने गई थी। मेकअप करवाने के बाद वह घर आ गई। घर आकर उसने अपने गले की सोने की चेन संभाली तो वह नहीं मिली। इस पर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बताई। इसके बाद परिजन उसे लेकर पहले सैलून पहुंचे। कर्मचारियों के मना करने पर पीड़िता थाने पहुंची और सैलून कर्मचारी जसराज, रमन, संधु और चंचल के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

## घर में आग लगने से नकदी और कीमती सामान जलकर राख



### बुजुर्ग महिला ने 2 बेटियों की शादी के लिए इकट्ठे किए थे रुपए और गहने

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** जिले के जैसलमेर रोड स्थित सत्यम सिटी में गुरुवार दोपहर एक घर में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई, जिससे वहां रखा सारा कीमती सामान और रुपए जलकर राख हो गए। फायर बिग्रेड पहुंची तब तक सब कुछ जल चुका था। बुजुर्ग महिला ने मार्च में होने वाली अपनी दो बेटियों की शादी के लिए कैश और सोने-चांदी के गहने बनाकर रखे हुए थे। पति का डेढ़ माह पहले निधन हो चुका है। बुजुर्ग महिला का रो-रो कर हाल बेहाल हो रहा है। प्रारंभिक जांच में आग शॉर्ट सर्किट लगना सामने आया है। गुरुवार को दोपहर करीब ढाई-तीन बजे घर के एक कमरे में शॉर्ट सर्किट से अचानक लग गई। इससे आग पूरे कमरे में फेल गई। कमरे में रखी लोहे की अलमारी, कपड़े और नकदी सहित कीमती सामान जलकर राख हो गया। बुजुर्ग महिला ने अपनी दो बेटियों की शादी के लिए ढाई-तीन लाख रुपए और सोने-चांदी के आभूषण इकट्ठे किए थे, जो आग में जलकर राख हो गए। साथ ही कपड़े भी जल गए। आग कंट्रोल होने के बाद लोहे की अलमारी को घर से बाहर लाया गया। उसका ताला तोड़कर सामान देखा तो सब कुछ जल चुका था। महिला के इकट्ठे किए हुए रुपए और कीमती सामान जलने के बाद उसका रो-रो कर बुरा हाल है। नगर परिषद फायर बिग्रेड प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि हर्षिता पुत्री भैरूलाल अपनी बहनों और मां पुष्पा के साथ बाड़मेर-जैसलमेर रोड सत्यम सिटी कॉलोनी में रहते हैं। वहां से सूचना मिली थी कि घर के कमरे में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई है। इस पर फायर बिग्रेड से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। फिर दूसरी बड़ी फायर बिग्रेड मंगवाकर आग को पूरी तरह कंट्रोल कर लिया।

## बाइक सवार बदमाश ने ई-रिक्शा में बैठी महिला से छीना पर्स

**जयपुर (मसं.)।** मानसरोवर थाना इलाके में बाइक सवार एक बदमाश ने ई-रिक्शा सवार महिला के हाथ पर झपट्टा मारकर पर्स छीन लिया। छीना-झपटी में महिला ई-रिक्शा से गिर गई, जिससे सिर में चोट लगने से महिला बेहोश हो गई। ई-रिक्शा चालक ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। मामले की जांच एसआई रोहिताश कर रहा है। पुलिस के अनुसार वरुण पथ मानसरोवर निवासी साइना बानो बाजार खरीदारी करने जा रही थी। इसी दौरान भृगु पथ पर पीछे से बाइक सवार एक बदमाश आया और ई-रिक्शा के बराबर बाइक चलाते हुए उसका पर्स छीन लिया। छीना-झपटी में वह ई रिक्शा से सड़क पर जा गिरी। इससे उसके सिर में गहरी चोट लगी। चोट लगने से वह बेहोश हो गई। बाइक सवार उसका पर्स छीनकर ले भागा। पर्स में नकदी व अन्य सामान रखा था।

## कहासुनी में दोस्त पर कुल्हाड़ी से हमला

**जयपुर (मसं.)।** मालपुरा थाना इलाके में आपसी कहासुनी के बाद एक युवक ने अपने साथी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में घायल युवक का एसएमएस अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार देव विहार विस्तार निवासी राजू सोनी ने मामला दर्ज करवाया कि बच्चू सिंह उत्कर्ष स्कूल के सामने चौधरी फार्म हाउस पर रहता है। पिछले दो-तीन दिन से मुकेश फार्म हाउस पर उसके साथ रहने आया था। इस दौरान मुकेश और बच्चू सिंह में आपस में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद मुकेश ने बच्चू सिंह पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। आरोपी ने बच्चू सिंह के सिर और पैर पर वार कर उसे घायल कर दिया। घायल को एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसका उपचार जारी है। जांच अधिकारी एसआई सुखराम ने बताया कि हमले में घायल युवक के एसएमएस में बयान दर्ज कर लिए गए हैं। मामले की छानबीन की जा रही है।

**सुसाइड केस** | **बयाना कोर्ट में एविडेंस देने के बाद आगरा पहुंचकर मौत को लगाया गले**

# बेहोशी की दवा मिली ड्रिप लगाकर डॉक्टर ने दी जान

महानगर संवाददाता

**भरतपुर।** भरतपुर के एक डॉक्टर ने आगरा में सुसाइड कर लिया। बताया जा रहा है कि उन्होंने ड्रिप में बेहोशी की दवा मिलाकर अपनी जान ले ली। सुसाइड से पहले बेटी को फोन किया और कहा कि मैं 2 मिनट का मेहमान हूं। डॉक्टर राजकुमार चौधरी का भरतपुर के अटल बंद थाना इलाके स्थित हीरादास बस स्टैंड के पास हॉस्पिटल है। हॉस्पिटल के पीछे ही उनका घर है। पुलिस के अनुसार वे एक मामले में भरतपुर से बयाना कोर्ट में एविडेंस देने के लिए गए थे। इसके बाद घर आकर वह आगरा चले गया। वहां गंगा रतन इलाके में स्थित एक होटल रूम लिया। सामने आया है कि आगरा निकलने से पहले भरतपुर में ही उन्होंने अपने हॉस्पिटल में खुद को कैनुला लगवा लिया था।



### वीआरएस लेकर खोला खुद का अस्पताल

डॉक्टर राजकुमार चौधरी आरबीएम अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के पद पर थे। इसके बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर अपना खुद का हॉस्पिटल संभाल रहे थे। राजकुमार चौधरी की पत्नी सीमा चौधरी भी डॉक्टर हैं। आगरा पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजन को सौंप दिया। परिजनों के मुताबिक डॉक्टर राजकुमार चौधरी और उनकी पत्नी सीमा चौधरी का विवाद हुआ था। इसके बाद वह आगरा चले गए। आगरा में डॉक्टर राजकुमार चौधरी का ससुराल है।

सुसाइड से पहले डॉक्टर ने बेटी को फोन किया था और कहा था कि मैं बस 2 मिनट का मेहमान हूं। अपना और मां का ध्यान रखना। इसके बाद उन्होंने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। उन्होंने ड्रिप में एनेस्थीसिया (बेहोशी की दवा) का ओवरडोज मिलाकर सुसाइड कर लिया। पिता के फोन पर कही बात बेटी ने परिजनों को बताई। डॉक्टर के परिजन अटल बंद थाने पर पहुंचे, जहां से उन्होंने डॉक्टर की मोबाइल लोकेशन का पता किया। डॉक्टर के परिजन तुरंत आगरा के होटल में पहुंचे, जहां उनका शव पड़ा हुआ था। वहीं, पास में एक सुसाइड नोट भी मिला। हालांकि इस सुसाइड नोट में क्या लिखा है, इसका पुलिस खुलासा नहीं कर रही है।

### भाजपा की संगठन पर्व कार्यशाला में बोलीं प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत..

# 'भाजपा में कब किसको क्या जिम्मेदारी मिल जाए, पहले पता नहीं चलता'

महानगर संवाददाता

**सीकर।** भाजपा संगठन पर्व की जिला कार्यशाला गुरुवार को सांवली सर्किल के पास भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत मुख्य वक्ता रहीं। जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में जिला चुनाव अधिकारी ओम सारस्वत ने संगठन पर्व की रूपरेखा रखी।

कार्यशाला में पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, राजकुमारी शर्मा व केडी बाबर, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मोदी, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिराम रणवां, श्रवण चौधरी, गजानंद कुमावत, मधूसुदन भिंडा, प्रभुसिंह शेखावत, बनवारी यादव आदि मंचस्थ रहे।



कार्यशाला में संतोष अहलावत ने कहा कि भाजपा देश की अन्य राजनीतिक पार्टियों से अलग है। अलग पार्टी ऐसे है कि भाजपा में कार्यकर्ता को कब और क्या जिम्मेदारी मिल जाए, यह किसी को पहले पता नहीं होता। यह पार्टी कार्यकर्ता की मेहनत, लगन व कार्य को परखती है और उसी के परिणामस्वरूप उसे नई जिम्मेदारी मिलती है। उन्होंने कहा कि संगठन पर्व में सभी ऐसी पार्टी के सदस्य और सक्रिय सदस्य बनाएं।

जिला चुनाव अधिकारी ओम सारस्वत ने कहा कि लोकतंत्र की प्रक्रिया को संगठन पर्व के रूप में भाजपा मनाती है। भारत देश पर्वों का देश है और यहां सबके सहयोग से उत्सव के पर्व में सबकी सामुहिकता होती है। उन्होंने कहा कि जिले में 2.25 लाख सदस्य बन चुके हैं। सभी को ओर अधिक मेहनत करके भाजपा के सदस्य बनाने हैं।

जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने कहा कि जिले में सामुहिक रूप से कार्यकर्ता काम करके संगठन पर्व में सदस्य बना रहे हैं। कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर पार्टी के प्राथमिक सदस्य बनाएं और फिर सक्रिय सदस्य बनाएं। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री डॉ. बलवंत सिंह चिराणा ने किया।

जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि कार्यशाला में जिला महामंत्री संजय सैनी व डॉ. बलवंत सिंह चिराणा, गोविंद सैनी, जगदीश कुमावत, बाबुसिंह बाजौर, विष्णु दीक्षित, नीलम मिश्रा, सुरेश शर्मा, गोविंद बिजारणियां, श्रीहरि बियाणी, गंगासहाय यादव, रमेश जलधारी, गिरधारी महाराज, नंदकिशोर सैनी आदि मौजूद रहे।

## रबी फसल सिंचाई के लिए आज से खुलेगा मोरेल बांध



### सम्भागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता ने ली जल वितरण समिति की बैठक

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2024-25 के दौरान रबी की फसल के लिए मोरेल बांध के सिंचित क्षेत्र में सिंचाई के लिए निष्माण एवं सुव्यवस्थित जल वितरण व्यवस्था का कार्यक्रम तय करने के लिए सम्भागीय आयुक्त भरतपुर रश्मि गुप्ता की अध्यक्षता में जल वितरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

सम्भागीय आयुक्त भरतपुर ने उपस्थित सभी सदस्यों एवं काश्तकारों से चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि रबी फसल वर्ष 2025 की सिंचाई के लिए 15 नवंबर को प्रातः 11 बजे मोरेल बांध को खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि नहरों के संचालन में बाधा उत्पन्न करने या नहरों को क्षतिग्रस्त करने का कार्य करने वाले समाजकंटकों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में जिला कलेक्टर शुभम चौधरी, जिला कलेक्टर दौसा देवेन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन वृत जयपुर दिनेश कुमार अग्रवाल, अधिशाषी अभियंता जल संसाधन खण्ड सवाई माधोपुर अरुण शर्मा, अधिशाषी अभियंता जल संसाधन खण्ड दौसा, एसडीएम मलारना डूंगर संतोष कुमार शर्मा, तहसीलदार लालसोट अमितेस कुमार मीणा, सहायक अभियंता जल संसाधन खण्ड मलारना चौड़ विनोद कुमार मीणा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी, जल वितरण समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## बाल दिवस पर विज्ञान के मॉडलों की लगाई प्रदर्शनी



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे के साइंस पार्क रोड स्थित ज्ञान विहार पी.जी. कॉलेज में एनएसएस इकाई के सहयोग से भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में समारोहपूर्वक मनाई गई।

एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी रामचंद्र चाहर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कॉलेज निदेशक अनिल जाखड़ ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कॉलेज के अनेक विद्यार्थियों और शिक्षकों ने नेहरू जी के जीवन पर कविता, दोहे और अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान विषय पर बनाए गए मॉडल्स की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपने अपने मॉडल की कार्य विधि समझाई।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने चन्द्रयान 3, ग्लोब, एटीएम, सोल्डर, नेशनल गर्ल चाईल्ड डाईग्राम, मल्टीप्लीकेशन मॉडल, कैथोड एनोड, नाइट्रोजन साइकिल, सेल साइकिल, माइटोकोन्ड्रिया, पवन चक्की, वाटर प्योरिफायर, डस्टबिन, सोलर सिस्टम सहित अनेक मॉडल्स की प्रदर्शनी लगाई। कॉलेज निदेशक अनिल जाखड़, समस्त कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदर्शनी की सराहना की।

इस अवसर पर म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कॉलेज की बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अनिता कुमावत ने प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र गजानंद सैनी ने द्वितीय और बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा मोनिका तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रण का संचालन भौतिक विज्ञान की प्रोफेसर अनिता रणवा ने किया।

### जिला कलेक्टर ने ली सुईया मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक

# सभी विभाग करें माकूल तैयारियां, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः डाबी

### श्रद्धालुओं के लिए संस्थाओं एवं आमजन के सहयोग से होंगी समुचित व्यवस्थाएं

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** जिला कलेक्टर टीना डाबी ने चौहटन पंचायत समिति सभागार में आगामी 30 दिसंबर को आयोजित होने वाले अर्द्ध कुंभ सुईया पोषण मेले की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने संबंधित विभागों को तैयारियों के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर डाबी ने कहा कि संबंधित विभाग समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दें। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने कहा कि सुईया पोषण मेले में लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समस्त विभागीय अधिकारी उनको सौंपे गए उत्तरदायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निवर्हन करें। जिला कलेक्टर ने मेला परिसर स्थल पर सफाई, बिजली, पानी, आवास, शौचालय, वाहन पार्किंग, रोड लाइट, यात्रियों की परिवहन सुविधा के लिए अतिरिक्त रोडवेज बसों के संचालन, चिकित्सा सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं मेला आयोजन कमेटी सदस्यों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय से विभाग तैयारी कर लें, लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की जाएगी।



#### मेल में तैनात किए जाएंगे 2 हजार पुलिसकर्मी

पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीणा ने मेला अवधि के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था संबंधित पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि गृह विभाग के दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान 2 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात करने के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने पार्किंग एवं श्रद्धालुओं की आवाजाही, परिवहन एवं आवास व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेंद्रसिंह चांदावत ने विभागीय अधिकारियों से उनको सौंपे गए उत्तरदायित्वों का वाचन किया। विधायक आदुराम मेघवाल ने भी बैठक को संबोधित करते हुए आवश्यक सुझाव दिए।

#### सभी स्थानों पर की जाए व्यवस्थाः महंत जगदीशपुरी

इस दौरान महंत जगदीशपुरी ने बताया कि सुईया कपालेश्वर, विष्णु पगल्या, पीपलिया, आम्बलिया, धर्मराजजी की बेरी, इन्द्रबाण तालाब, भीमगोड़ा, स्वर्गासिरी एवं डूंगरपुरी महाराज के मठ समेत अन्य स्थानों पर आमजन की आवाजाही के लिए समस्त प्रकार की व्यवस्थाएं की जाए। उन्होंने मेला अवधि के दौरान पानी, बिजली, सफाई, बबूल की झाड़ियों की कटाई, यातायात एवं यात्रियों के आवास संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि संबंधित विभाग यथाशीघ्र आवंटित कार्य पूर्ण करवाएं।

#### रोडवेज चलाएगा स्पेशल बसें

सुईया मेले के दौरान रोडवेज की ओर से स्पेशल बसें चलाई जाएगी। इस दौरान ग्रामीण इलाकों से भी निजी बस संचालकों को निर्देशित करते हुए सुईया मेले के लिए बसों का संचालन करवाया जाएगा। इसके लिए जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

#### 10 लाख से अधिक श्रद्धालु करेंगे शिरकत

चौहटन उपखंड अधिकारी कुसुमलता चौहान ने बताया कि इस बार मेले में देश के विभिन्न स्थानों से 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने मेले के दौरान व्यवस्थाओं संबंधित प्रस्तावित कार्य योजना के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

#### सुईया मेले का धार्मिक महत्व

सुईया मेले के दौरान शुभ योग में स्नान करना महत्वपूर्ण माना जाता है। यहां से बहने वाले झरने का पानी तलहटी में इन्द्रबाण तालाब में एकत्रित होता है। यहां पर श्रद्धालु स्नान तथा जलाभिषेक करते हैं। चौहटन में सुईया मेला पांच योग के मेल होने पर भरता है। ऐसा मेल वर्ष 2007 के बाद अब 30 दिसंबर को होगा। इसी दिन पौष माह, अमावस्या, मूल नक्षत्र व्यातिपात योग का मिलन है। इन पांच योग के मेल होने पर ही सुईया के मेले का आयोजन होता है।

## ग्रामीणों ने सरकार के नियम पर उठाए सवाल

### जले हुए ट्रांसफार्मर को नहीं बदलने पर धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी



महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय स्थित विद्युत विभाग कार्यालय के चक्कर काटते-काटते किसान परेशान हो गए हैं, लेकिन किसानों के जले हुए ट्रांसफार्मर नहीं बदले जा रहे हैं। इससे किसानों ने सरकार द्वारा जले हुए ट्रांसफार्मर को 72 घंटे में बदलने के नियम पर सवाल खड़े किए हैं। युवा नेता सीताराम बिच्छा ने बताया कि विगत 25 दिनों से जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने में बिजली विभाग के अधिकारी टालमटोल कर रहे हैं, वहीं दूसरी और किसान बिजली विभाग के चक्कर काटते-काटते थक चुके हैं। किसानों ने विभाग के अधिकारियों पर कार्य नहीं करने आरोप लगाया है।

किसान रामजीलाल काल्यांवास, रमेश चंद मीणा, गंगा सहाय मीणा, रेवडमल मीणा, रामौतार, रामजीलाल सहित कई लोगों ने बताया कि सरकार एक तरफ दावा करती है कि जले हुए ट्रांसफार्मर को 72 घंटे में बदल दिया जाएगा, मगर उपखंड रामगढ़ पचवारा में 25 दिनों से जले हुए ट्रांसफार्मर को विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा नहीं बदला जा रहा है, जिससे किसान रबी फसल की बुवाई नहीं कर पा रहा है। उन्होंने बताया कि रबी की फसल बोने का समय निकला जा रहा है। अगर जले हुए ट्रांसफार्मर को जल्दी ही नहीं बदल गया तो मजबूरन सहायक अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

#### क्या कहते हैं बिजली विभाग के सहायक अभियंता

सहायक अभियंता कुलदीप मीणा ने बताया कि जले हुए ट्रांसफार्मर को लेकर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट पेश कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जले हुए ट्रांसफार्मर को 25 दिन तो नहीं हुए, मगर 10-12 दिन हो गए हैं। किसानों की पीड़ा को मध्य नजर रखते हुए उच्च अधिकारियों से बराबर संपर्क बनाए हुए हैं। एक या दो दिन में जले हुए ट्रांसफार्मर को बदल दिया जाएगा।

## महात्मा गांधी कॉलेज के रजनीश का विवि. कराटे टीम में चयन



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** महात्मा गांधी पीजी कॉलेज, श्रीमाधोपुर के एक खिलाड़ी का चयन विश्वविद्यालय कराटे (पुरुष वर्ग) टीम में हुआ है।

महाविद्यालय प्रवक्ता राकेश शर्मा ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर द्वारा आयोजित कराटे (पुरुष वर्ग) खेल प्रतियोगिता में महाविद्यालय के रजनीश जैफ पुत्र रामप्रसाद मीणा, निवासी- टोडा (नीमकाथाना) कक्षा-बीए प्रथम का चयन अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कराटे टीम में हुआ है। खिलाड़ी के महाविद्यालय पहुंचने पर निदेशक मोहरसिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सैनी, उपप्राचार्य विजेंद्र पूनिया द्वारा माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर, प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कराटे (पुरुष वर्ग) टूर्नामेंट का आयोजन एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल (मध्यप्रदेश) में होगा। रजनीश जैफ अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कराटे (पुरुष वर्ग) टूर्नामेंट में पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी, सीकर का प्रतिनिधित्व करेगा। इस अवसर पर कला संकाय प्रभारी सुशीला देवी, विज्ञान संकाय प्रभारी वीरेन्द्र यादव, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत, कार्यालय प्रभारी कैलाश कुमार, शारीरिक शिक्षक राजेंद्र बाजिया, एनसीसी प्रभारी सुरेश कुमार सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## 25 यात्रियों का दल बड़े बाबा के दर्शनार्थ कुंडलपुर रवाना

महानगर संवाददाता



**फागी।** धर्म परायण नगरी फागी से गुरुवार को मध्यप्रदेश के दमोह जिले में स्थित जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर कुंडलपुर के बड़े बाबा आदिनाथ भगवान के दर्शनार्थ 25 यात्रियों का दल जयकारों के साथ रवाना हुआ।

जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने बताया कि यात्रा दल फागी से रवाना होकर जयपुर से रेल द्वारा शुक्रवार प्रातः दमोह और उसके बाद टैक्सी से कुंडलपुर पहुंचेगा। मितेश लदाना एवं टीनू झंडा ने अवगत कराया कि यात्री दल कुंडलपुर तीर्थ क्षेत्र पर आदिनाथ भगवान के कलशाभिषेक एवं अष्टद्रव्यों से पूजा अर्चना करने के बाद आदिनाथ भगवान के विधान में पूजा-अर्चना करेगा। झंडा ने बताया कि क्षेत्र पर 15 फीट ऊंची भगवान आदिनाथ की 1500 वर्ष पुरानी जिन प्रतिमा विराजमान है। जैन धर्मावलंबियों का उक्त ऐतिहासिक तीर्थ स्थल 2500 वर्ष पुराना है, जहां पर पद्मासन में विराजित आदिनाथ भगवान को श्रृद्धालु गण बड़े बाबा के नाम से पुकारते हैं। दल 17 नवम्बर को सायं दमोह से रवाना होकर फागी पहुंचेगा।

## अपनत्व स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

महानगर संवाददाता



**चाकसू।** चाकसू कस्बे में निमोडिया रोड स्थित शिक्षण संस्थान 'अपनत्व फ्यूचर जोन एकेडमी सेकंडरी स्कूल' के प्रांगण में गुरुवार को बाल दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इसके बाद बच्चों ने बाल दिवस से संबंधित गीत, कविता, नृत्य, सामूहिक नृत्य आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

विद्यालय के निर्देशक महोदय सुरज्ञान सिंह बडोदिया ने पं. जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला और बच्चों को उनके प्रेरणादायक कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने एक प्रेरक कहानी के माध्यम से बच्चों को आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए उत्साहित किया। स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुनैना कंवर राजावत ने बताया कि इस अवसर पर बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एन.जी.ओ भावी निर्माण सोसाइटी चाकसू द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 1421 यूनिट रक्त एकत्रित

### पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. शर्मा ने 47वीं बार किया रक्तदान

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा के जन्मदिन पर सेवाज्योति अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। युवा विकास मंच की ओर से हुए आयोजन में बड़ी संख्या में डॉ. शर्मा के समर्थकों व कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ी। इससे पहले डॉ. शर्मा ने बाबा रामसा पीर के मंदिर में धोक लगाई और उसके बाद सेवाज्योति अस्पताल पहुंचे।

युवा विकास मंच अध्यक्ष अरुण चाहर व मिथुन सबल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बैंड बाजे, पुष्प वर्षा और आतिशबाजी के साथ डॉ. शर्मा का स्वागत किया। इसके बाद



डॉ. राजकुमार शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ रक्तदाताओं की हौसला आफजाई की। शिविर में जयपुर, झुंझुनूं, नवलगढ़ और सीकर से आई टीमों ने 1421 यूनिट रक्त संग्रहित किया।

डॉ. शर्मा ने कहा कि एक यूनिट रक्त एक व्यक्ति की जिंदगी बचाता है और एक व्यक्ति की जिंदगी एक परिवार की जिंदगी होती है। जब रक्तदान के लिए युवाओं को प्रेरित करना शुरू किया था, तब से लेकर आज तक नवलगढ़ में रक्तदान शिविर एक क्रांति के रूप में बन चुके है। युवा रक्तदान में बढ़-चढ़कर कर हिस्सा ले रहे हैं। बेटियां भी रक्तदान करने आगे आ रही हैं। डॉ. शर्मा ने कार्यकर्त्ताओं को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया। समर्थकों ने डॉ. शर्मा को गदा व तलवार भेंटकर जन्मदिन की बधाई दी। इसके बाद एक ही बैड पर डॉ. राजकुमार शर्मा के साथ उनके छोटे भाई डॉ. राजपाल शर्मा और चेयरमैन शोएब खत्री ने रक्तदान किया। डॉ. शर्मा ने गुरुवार को 47वीं बार रक्तदान किया। इसके बाद उन्होंने समर्थकों के साथ केक काटा। आर्टिस्ट बाबू सैनी ने आदमकद पोर्ट्रेट भेंट किया।

इस मौके पर मंडावा नगरपालिका अध्यक्ष नरेश सोनी, पालिका उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया, मुकुंदगढ़ पूर्व पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण सैनी, मुकुंदगढ़ पालिका उपाध्यक्ष शहजाद चोबदार, उप प्रधान इंजी. ललिता जोया, छात्रसंघ नेत्री रितु बराला, एनएसयूआई प्रदेश सचिव दिनेश ओलखा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील झाझड़िया, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अंकित जाखड़ समेत बड़ी संख्या में जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंचगण समेत अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्यजन मौजूद रहे।

## पौधे वितरित



**नवलगढ़ (महानगर संवाददाता)।** ग्राम डूंडलोद में ऑक्सीजन जन आंदोलन एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान के संयोजक वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू द्वारा बाल दिवस पर गुरुवार को यूको बैंक डूंडलोद में पौधे वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक पुष्कर मुंड, सहायक प्रबंधक सचिन कुमार, अनीता बुनकर, विनीत चंदोलिया, सत्यनारायण कांगड़ा, यूको बैंक स्टाफ एवं महावीर प्रसाद शर्मा डूंडलोद भी उपस्थित रहे। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती को यादगार बनाने के लिए पौधरोपण करने के साथ ही पौधे वितरित किए गए। वहीं सभी ने पेड़ पौधे बचाने की शपथ तथा सुरक्षा की जिम्मेदारी ली।

## इक ख्वाहिश फाउंडेशन ने मनाया बाल दिवस



महानगर संवाददाता

**सीकर।** इक ख्वाहिश एजुकेशन फाउंडेशन एनजीओ सीकर की ओर से संचालित आदर्श मां की ममता पाठशाला शांति नगर एवं सालासर स्टैंड नगर योजना कच्ची बस्ती में पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई। इ अवसर पर पंडित नेहरू को पुष्प अर्पित करते हुए बाल दिवस मनाया गया। संस्था निदेशक डॉ. सुनीता चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्र की अनमोल धरोहर व सभी बच्चों को अच्छे संस्कार, स्वास्थ्य व शिक्षा के समुचित अवसर प्रदान कर एक सभ्य समाज बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सभी बालक-बालिकाओं को टी-शर्ट वितरित की गई। समारोह में रम्भा सिंह, नीतू कंवर, तपेश, बिन्दू सैनी, सायरा, ममता आदि उपस्थित रहे।

# गुरु नानक जयंती आज, पूर्व संध्या पर सजे दीवान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व शुक्रवार को जयपुर के सभी गुरुद्वारा में बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। लगभग सभी गुरुद्वारों में गुरुवार को अखंड पाठ की गुरुवाणी गूंजी। कई गुरुद्वारों में गुरमत समागम भी हुए। राजापार्क, गुरुनानकपुरा, सेठी कॉलोनी, कंवरनगर, हीदा की मोरी स्थित गुरुद्वारों में बड़े स्तर पर प्रकाश पर्व मनाया जाएगा।

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार वैशाली नगर में गुरुवार को अखंड पाठ साहिब हुए। शाम के दीवान सजाए गए। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार सर्वजीत सिंह मखीजा ने बताया कि श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति 15 नवंबर को सुबह 9:30 बजे होगी। इसके बाद गुरुद्वारे में विराजमान निशान साहब का चौला बदला जाएगा। 15 नवंबर को सुबह 7 बजे से आसा दी वार का पाठ किया जाएगा। उसके बाद कीर्तन दीवान सजाया जाएगा। भाई जसपिन्दर सिंह, हजूरी रागी श्री दरबार साहिब, अमृतसर, भाई जगतार सिंह राजपुरा, हजूरी रागी, श्री दरबार साहिब अमृतसर एवं ज्ञानी शमशेर सिंह जी कथा वाचक देहरादून वाले प्रकाश पर्व में शबद और कथा करेंगे। ज्ञानी दविंदर सिंह, ज्ञानी बाबू सिंह बाज, ग्रंथी भाई तेजवीर सिंह कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। सभी दीवानों के बाद अटूट लंगर भी वरताया जाएगा।

गुरुद्वारा हीदा की मोरी में प्रकाश पर्व 15-16 नवंबर को मनाया जाएगा। भाई लिटिल वीर, माता कौला कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे।

# अग्रवाल समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिसंबर में

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री अग्रसेन महासभा ट्रस्ट के तत्वावधान में अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का 20वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन 22 दिसम्बर को आगरा रोड सांगानेरी गेट स्थित अग्रवाल कॉलेज के प्रांगण में आयोजित होगा। मुख्य संयोजक अरविंद अग्रवाल को बनाया गया है। सम्मेलन में संपूर्ण राजस्थान प्रदेश के अलावा आठ से ज्यादा अन्य प्रदेशों से भी अग्र बंधु अपने विवाह योग्य युवक-युवतियों के साथ उपस्थित रहेंगे। बायोडेटा के लिए व्हाट्सएप नंबर 9694066646 जारी किए गए हैं।

ट्रस्ट के महासचिव गिरिजा शंकर तुरकासवाला ने बताया कि सम्मेलन का शुभारंभ सुबह 10 बजे युवक-युवतियों के बायोडाटाओं की शिक्षा के आधार पर वर्गीकृत स्मारिका 'अग्र-पहल' के विमोचन के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष पवन लश्करी करेंगे।

# प्लास्टिक के कचरे के सही निस्तारण पर दिया जोर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कंजूमर यूनिटी एंड ट्रस्ट सोसाइटी (कट्स) की ओर से त्रिवेणीनगर में हितधारक परामर्श और विजनिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्रीन एक्शन वीक अभियान के तहत त्रिवेणी नगर और अलंकार विहार के दो क्षेत्रों में आयोजित तीन महीने के अभियान का समापन था। मुख्य अतिथि जयपुर नगर निगम के पूर्व उप महापौर मनीष पारीक ने कहा कि साझेदारी, सहयोग और समन्वय को अपनाकर हम कचरे को कम कर सकते हैं। संसाधनों की दक्षता को बढ़ावा देते हुए एक समान समाज का निर्माण कर सकते हैं।

प्रदर्शनी में प्लास्टिक कचरे से रचनात्मक और प्रभावी वस्तुएं बनाई गई वस्तुएं प्रदर्शित की गई। ग्रीनहब के बिजनेस हेड सौरभ सिंघल ने बढ़ती खपत और कचरा उत्पन्न होने के बीच के संबंध पर प्रकाश डाला। पार्षद गोविंद सिंह ने कहा कि सरकारी प्रतिबंधों के बावजूद प्लास्टिक का उपयोग हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बना हुआ है। सुनील यादव ने कॉर्न स्टार्च और गन्ने के अवशेष से प्लास्टिक जैसे दिखने वाले, लेकिन पर्यावरण के अनुकूल और बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग बैग बनाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# जयंती पर रक्तदान शिविर आयोजित



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री खोले के हनुमान मंदिर एवं श्री नरवर आश्रम सेवा समिति (प्रन्यास) के संस्थापक पं. राधेलाल चौबे की 96वीं जयंती पर गुरुवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 141 भक्तजनों ने रक्तदान किया। करीब दो सौ श्रद्धालुओं ने चिकित्सा परामर्श का लाभ लिया। शिविर में करीब 20 भक्तों ने नेत्रदान संकल्प फार्म भरा। रक्तदान शिविर में सवाई मानसिंह अस्पताल ब्लड बैंक तथा चिकित्सा शिविर में महात्मा गांधी अस्पताल के चिकित्सकों ने सेवाएं दी।

समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया समाधि पर सामूहिक सुंदरकाण्ड के पाठ किए गए। चौबेजी की स्मृति में मंदिर परिसर में पौधरोपण, गऊ सेवा कर कुष्ठ रोगियों को भोजन प्रसादी कराई गई। श्री युवा सत्संग रामायण समिति ने सुंदरकाण्ड का पारायण किया। रात्रि में हजारों भक्तजनों की मौजूदगी में चौबे जी की समाधि पर महाआरती की गई।

# 108 विभूतियां आज होंगी सम्मानित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जस्टिस नगेन्द्र कुमार जैन फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से 15 नवंबर को भट्टारकजी की नसियां स्थित तोतूका सभागार में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित करने वाली 108 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।

ट्रस्ट के सदस्य दिलीप शिवपुरी ने बताया कि न्यायमूर्ति जेपी जैन की 50वीं पुण्य तिथि एवं 108 वीं जयंती पर सुबह 10 बजे से आयोजित इस सम्मान समारोह में विधि, ज्योतिष, वकालत, चिकित्सा, शिक्षा, प्रशासनिक सेवा, पत्रकारिता, साहित्य, पर्वतारोहण, कला–संस्कृति, खेल, वास्तुकला, इंजीनियरिंग एवं समाज सेवा सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही इस मौके पर एक स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा।

# कार्तिक पूर्णिमा आजः देव दीपावली पर जगमगाएंगे देवालय

## मंदिरों में सजेगी धवल झांकी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कार्तिक पूर्णिमा शुक्रवार को देव दीपावली के रूप में मनाई जाएगी। शाम को सभी मंदिरों में दीये जलाए जाएंगे। घरों में भी दीपदान होगा। धार्मिक मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा को सभी देवता धरती पर आते हैं। इसके साथ ही भीष्म पंचक और कार्तिक स्नान पूर्ण हो जाएगा। ठिकाना मंदिर श्री गोविंददेवजी में कार्तिक पूर्णिमा आज रास पूर्णिमा के रूप में मनाई जाएगी। संध्या झांकी के बाद महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में शाम सात से सवा सात बजे तक विशेष रास पूर्णिमा उत्सव झांकी के दर्शन होंगे। विशेष झांकी में ठाकुर श्रीजी के सम्मुख रास का खाट सजाया जाएगा। इसमें चौसर, शतरंज की झांकी के दर्शन होंगे। दूध, पान एवं इत्र की विशेष सेवा अर्पित की जाएगी। ठाकुर श्रीजी को खीर एवं मावा लड्डू का विशेष भोग अर्पण किया जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि भगवान कृष्ण ने कार्तिक पूर्णिमा को ही महारास लीला की थी।



मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि इससे पूर्व मंगला झांकी के दर्शन सुबह 4 बजे से 5:30 बजे तक होंगे। मंगला झांकी के बाद ठाकुर श्रीजी का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंचामृत अभिषेक कर सुनहरे पारचे की लप्पा जामा पोशाक धारण कराई जाएगी। धवल फूलों की माला एवं अलंकारों से शृंगार किया जाएगा। कल से धूप झांकी के अतिरिक्त सभी झांकियों में ठाकुर श्रीजी की कपूर आरती आरंभ हो जाएगी।

### देवताओं ने काशी में मनाई थी दीपावली

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि कार्तिक मास की पूर्णिमा को त्रिपुरी पूर्णिमा या गंगा स्नान पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक कथाओं के अनुसार कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि को भगवान शिव ने तारकासुर नाम के राक्षस का वध किया था। इस शक्तिशाली असुर का संहार होने के बाद देवगण बहुत प्रसन्न हुए। वहीं भगवान विष्णु ने शिवजी को त्रिपुरारी नाम दिया जो शिव के अनेक नामों में से एक है। धार्मिक कथाओं के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन महादेव ने प्रदोष काल में अर्धनारीश्वर के रूप में तारकासुर के तीनों पुत्रों का भी वध किया था। जिन्हें त्रिपुरासुर के नाम से जाना जाता था। जिसकी खुशी में देवताओं ने शिवलोक यानि काशी में आकर दीपावली मनाई थी, तभी से ये परंपरा चली आ रही हैं। माना जाता है कि कार्तिक मास पूर्णिमा तिथि के दिन काशी में गंगा स्नान कर दीप दान करने से पूर्वजों को मुक्ति मिलती है।

## बैकुंठ चतुर्दशी : भगवान भोलेनाथ ने श्री हरि को सौंपा सृष्टि का भार

# मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, किया दीपदान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी गुरुवार को बैकुंठ चतुर्दशी के रूप में मनाई गई। ठाकुरजी के बैकुंठ नाथ स्वरूप का पूजन किया गया। आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के दर्शन किए।

मुख्य आयोजन सोडाला स्थित बैकुंठ नाथ मंदिर में हुआ। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी की पूजा-अर्चना की। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने ठाकुरजी की विशेष झांकी के दर्शन किए। मंदिर प्रबंधन ने माल्यार्पण कर गोपाल शर्मा का अभिनंदन किया। श्रद्धालुओं ने यहां दीपदान कर धार्मिक वृक्षों की परिक्रमा की। गायों को हरा चारा डाला। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गलताजी जाकर स्नान किया। राधा दामोदर, मदन गोपाल, गोपीनाथ जी, सरस निकुंज, लाड़लीजी, आनंद कृष्ण बिहारी सहित अन्य वैष्णव मंदिरों में वैकुंठ चतुर्दशी पर महिलाओं ने शाम को दीपदान किया।

दुर्गापुरा स्थित श्री राधा मोहन जी मंदिर में देव दीपावली की पूर्व संध्या पर बैकुंठ चतुर्दशी पर सात झांकियां हुई। मंदिर महंत जगदीश शर्मा के सान्निध्य में ठाकुरजी का सुबह पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई। भगवान की फूलों की आकर्षक झांकी सजाकर छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। ठाकुरजी की 1100 दीपकों से श्रद्धालुओं ने महाआरती की।



### इसी दिन हुआ सृष्टि का सत्ता हस्तातंरण

ऐसा माना जाता है कि बैकुंठ चतुर्दशी को सृष्टि की सत्ता का हस्तांतरण हुआ था। इससे पहले चार माह से सृष्टि का संचालन भगवान शिव कर रहे थे। बैकुंठ चतुर्दशी को कई मंदिरों में हरिहर मिलन के भाव से शिवजी और भगवान विष्णु की झांकी सजाई गई। भगवान भोलेनाथ पालकी में विराजमान होकर श्री हरि विष्णु के मंदिर पहुंचे। यहां हरि यानी विष्णु का हर यानी शिव से मिलन हुआ। भगवान भोलेनाथ की ओर से द्वारकाधीश को बिल्व पत्र की माला और द्वारकाधीश की ओर से भगवान को तुलसी पत्र की माला धारण करवाई गई। साल भर में केवल इसी दिन भगवान भोलेनाथ को तुलसी और भगवान विष्णु को बिल्व पत्र अर्पित होते हैं।

उल्लेखनीय है कि देवशयनी एकादशी से देव प्रबोधिनी एकादशी तक भगवान विष्णु पाताल लोक में राजा बलि के यहां विश्राम करने जाते हैं। बैकुंठ चतुर्दशी के दिन भगवान शिव वापस विष्णु भगवान को यह सत्ता सौंपते हैं। भोलेनाथ कैलाश पर्वत पर तपस्या के लिए लौट जाते हैं। सोडाला स्थित बैकुंठ नाथ मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी की पूजा-अर्चना की। अन्य वैष्णव मंदिरों में भी विशेष झांकी के दर्शन हुए।

# जेकेके में बुकरू चिल्ड्रन लिटरेचर फेस्टिवल कल से

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से बाल दिवस के उपलक्ष्य पर बचपन को उत्सव के रूप में मनाए जाने के उद्देश्य से बुकरू (चिल्ड्रन लिटरेचर फेस्टिवल) का आयोजन किया जा रहा है। 16 से 17 नवंबर को होने वाले दो दिवसीय फेस्टिवल में बच्चों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां होंगी। 9 देशों के 28 स्पीकर्स, 60 सेशंस में बच्चों से रूबरू होंगे। सुबह 11 बजे से शाम 4:30 बजे होने वाले फेस्टिवल में 4 से 14 साल के बच्चे निःशुल्क हिस्सा ले सकेंगे।

## क्रिएटिविटी को लगेंगे पंख

बुकरू में कहानी ट्री में बच्चों को रोचक कहानियां सुनने को मिलेंगी। क्राफ्टी कॉर्नर में बच्चों को विभिन्न क्राफ्ट बनाने का हुनर सिखाया जाएगा। डूडल वॉल वर्कशॉप में अलग-अलग थीम पर बच्चे पेंटिंग्स बनाकर अपनी रचनात्मकता को आकार देंगे। द पोडियम, स्टूडियो और ऑडिटोरियम सेशंस में स्टोरी राइटिंग, बुक डिस्कशन, आर्ट वर्कशॉप, बुक रीडिंग, साइंस बेस्ड सेशंस आदि के जरिए बच्चों की क्रिएटिविटी को पंख लगेंगे।

## विशेषज्ञों से होंगे रूबरू

बेंगलूरू से अलंकृता, गीता रामानुजम, मैत्री बिम्ब्रह मार्क्स, रचना छाबड़िया, मुंबई से आनंद नीलकांतन, मल्लका रवि कुमार, नंदिता दा कुन्हा, सिमरन तापड़िया, विनीता, कोलकाता से चारबक दिप्त, जैएल सिलिमन, प्रियंका चटर्जी, चेन्नई से सात्विक गाडे, जयपुर से शिल्पा मेहता, टीम प्रोग्रेसिव फोरम, टीम रंग मस्ताने, दिल्ली से मेघा गुप्ता, प्रत्युष गुप्ता, टीम डीके, वत्सला जुत्शी, सिंगापुर से क्लो चांद, हेमांगिनी दत्त मजूमदार, जर्मनी से एलिजाबेथ एट्ज, फ्रांस से लॉरेंस ह्यूग्स, पुर्तगाल से मार्क पार्चो, नॉर्वे से मैक्स एस्टेस आदि एक्सपर्ट्स इस फेस्टिवल में शरीक होकर बच्चों का क्रिएटिविटी लेवल बूस्ट करेंगे।

बुकरू में बच्चों को किताबों के करीब लाने पर भी ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए बुक फेयर भी लगेगा जिसमें बच्चों से जुड़ी अलग-अलग लेखकों की किताबें उपलब्ध रहेंगी। बुकरू में दो ऑनगोइंग एक्टिविटी होंगी जो दिनभर जारी रहेगी। वॉक अबाउट में जूलिया डोनाल्डसन की कल्पना से साकार होने वाला पात्र ब्रूफेलो केन्द्र में घूमकर बच्चों से मन की बात करेगा। वहीं आर इज फॉर राजस्थान में राजस्थान के नाम से मन में आने वाले तथ्य, संस्मरण व हर भाव को जाहिर कर सकेंगे।

# वेतन संशोधन सहित तीन मांगों को लेकर दिया धरना

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** वेतन संशोधन, एनपीएस योगदान और परिवार पेंशन में सुधार के लिए जीएफटीयू-पीएसजीआईसी के बैनर तले कर्मचारियों ने बीमा भवन एनबीसीसी बिल्डिंग पर धरना दिया। जीआईपीएसए सदस्य कंपनियों के अधिकारी और कर्मचारी इस धरने में शामिल हुए। संयोजक संजय बग्गा ने बताया कि धरना देकर वेतन संशोधन 1 अगस्त 2022 से प्रभावी करने, एनपीएस में नियोक्ता का योगदान 14 प्रतिशत करने, परिवार पेंशन में सुधार करने पर जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि यूनियनों, एसोसिएशन, वेलफेयर समूहों और पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा इन मुद्दों को मैत्रीपूर्ण ढंग से हल करने के लिए सम्मेलनों के माध्यम से किए गए प्रयासों के बावजूज दुर्भाग्य से कोई ठोस प्रगति नहीं दिखाई दी है। हम विशेष रूप से पीएसजीआईसी में कर्मचारियों और एलआईसीआई के कर्मचारियों के बीच पिछले वेतन संशोधन के दौरान उपचार में असमानता से निराश हैं। हमें न्यायसंगत और समान उपचार का हक है। हम सभी पहलुओं में समानता की मांग करते हैं। हम आपसे इन मुद्दों को हल करने के लिए प्राथमिकता देने और हमारी चिंताओं का समाधान करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं।

# ढूंढ़ाड़ी महिलाएं मिथिलाइन बन राम चंद्रजी मंदिर में गाएंगी बधाइयां

## आठ दिवसीय श्री राम जानकी विवाह मंगल महोत्सव आज से

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** चांदपोल बाजार स्थित रामचंद्र जी मंदिर में 15 नवंबर से आठ दिवसीय श्री राम जानकी विवाह मंगल महोत्सव मनाया जाएगा। उत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन शाम को छह बजे से रामायण एवं मिथिला पद्धति के अनुसार विविध वैवाहिक प्रसंगों का श्रवण कराया जाएगा। श्री रामजानकी विवाह महोत्सव में नगर दर्शन, पुष्प वाटिका प्रसंग, धनुष यज्ञ, गौरी पूजन के उत्सव मंदिर भक्त समाज द्वारा मिथल पुर की पद्धति से मंदिर परिवार की ओर से किए जाएंगे। मंदिर महंत नरेंद्र तिवारी ने बताया कि मंदिर में यह उत्सव 95 साल से मनाया जा रहा है। जयपुर के आसपास के गांवों के लोग उत्सव को देखने आते है। यहां तक कि अयोध्या और जनकपुर से भी यात्री आते रहते है। मंदिर परिवार 95 वर्षों से यह परंपरा निभाता आ रहा है। विवाह उत्सव मंदिर के मुख्य उत्सवों में से एक है। रामायण में सियाराम के जितने नेगचार का वर्णन है वे सभी इसमें निभाए जाते हैं।

### गणपति निमंत्रण से होगी शुरुआत



श्री राम जानकी विवाह महोत्सव की शुरुआत सुबह गणपति निमंत्रण से होगी। इसके बाद श्री राम विवाह के बधाइयों के पद गाए जाएंगे। 16 नवंबर को ठाकुरजी जनकपुर में जाएंगे। वहां नगर भ्रमण का उत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद गौरी पूजन, धनुष यज्ञ, सगाई तिलक, मेहंदी उत्सव होंगे। ठाकुर जी की बारात जाट के कुआं स्थित हलकारा भवन से सज-धज कर बैंडबाजे, हाथी, घोड़ा के लवाजमे के साथ मंदिर पहुंचेगी। जगह-जगह आतिशबाजी की जाएगी। 21 नवंबर को कुंवर कलेवा का उत्सव होगा। श्री राम जी को जनकपुर वाले 56 भोग जिमाएंगे। इसके बाद जनकपुर से विदाई होगी और अवधपुर में स्वागत किया जाएगा। 22 नवंबर को अयोध्या में दूल्हा-दुल्हन के आगमन के अवसर पर पैसारा मिजमानी उत्सव मनाया जाएगा।

# जयपुर में बनेगा चरक संहिता के श्लोकों के गायन का विश्व रिकॉर्ड

## संयोजनम -2024 आज से, जुटेंगे देशभर के तीन हजार आयुर्वेद जगत से जुड़े लोग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विश्व आयुर्वेद परिषद, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर एवं आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में संयोजनम -2024 का आयोजन 15 से 17 नवंबर तक होने जा रहा है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय) जयपुर के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा के मार्गदर्शन में गुरुवार को इस विशाल आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में शुक्रवार सुबह 10 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन होगा। इसमें आयुष मंत्रालय और राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। आयोजन सचिव प्रो. सीआर यादव ने बताया कि इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देशभर के लगभग तीन हजार आयुर्वेद विद्वत्जन, शोधार्थी, चिकित्सक शामिल होंगे। आमजन के लिए आयुर्वेद प्रदर्शनी के साथ रोजाना 1000 बच्चों को स्वर्ण प्राशन ड्रॉप पिलाई जाएगी। रिसर्च पेपर प्रजेंटेशन, वर्कशॉप और खेल के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। चरक संहिता के श्लोकों के गायन का विश्व रिकॉर्ड बनेगा।

# तपोवन शिलान्यास समारोह 17 को

**जयपुर (मसं)।** नंगमति माताजी एवं आर्यिका निश्चयमति माताजी के सान्निध्य में सिद्धी धाम वात्सल्य रत्नाकर आचार्य विमल सागरजी तपोवन शिलान्यास समारोह 17 नवंबर को 8 बजे से टोंक रोड के ग्राम बीलवा, नांगल्या स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के विमल परिसर में आयोजित होगा। समारोह के मांगलिक कार्यक्रम में सुबह 7 बजे जिन अभिषेक और शांतिधारा, 7.30 बजे ध्वजारोहण, 8 बजे शिलान्यास की मांगलिक प्रक्रियाएं होंगी।

# फुलवन मा महक तुम्ही से है....

**जयपुर (मसं)।** जगतपुरा स्थित श्री कृष्ण बलराम मंदिर में प्रसिद्ध भजन गायक पं. सुधीर व्यास ने ये चमक ये दमक फुलवन मा महक....भजन गाया तो उपस्थित श्रोता भाव विभोर हो गए। उपस्थित भक्त भाव विभोर होकर नाचने लगे। मंदिर में भक्ति की अविरल धारा बहने लगी। व्यास ने कुछ और भजनों की पंक्तियां भी गाईं। मंदिर के उपाध्यक्ष अनंत शेष दास ने सुधीर व्यास का स्वागत किया। सुधीर व्यास ने श्रद्धालुओं के साथ हरे कृष्ण महामंत्र का जाप भी किया।

# सर्दियों में जरूरतमंदों को बांटेंगे गर्म कपड़े

**जयपुर (मसं)।** फ्रेंड्स क्लब महावीर नगर का दीपावली मिलन समारोह जेएलएन मार्ग स्थित एक रेस्टोरेंट में मनाया गया। क्लब सदस्यों ने जरूरतमंदों को गर्म कपड़े, कंबल, रजाई बांटने का निर्णय लिया। दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र जैन पांडया, जस्टिस नरेन्द्र कुमार जैन, सुरेश जैन काला, सुरेश सौगानी, कैलाश जैन, अनिल जैन और जय कुमार जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव में मनाया जन्म कल्याणक

## गाजेबाजे के साथ निकली शोभायात्रा, आज तप कल्याणक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अर्हं योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मानसरोवर मीरा मार्ग के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के पांच दिवसीय श्रीमद् जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया और मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि मानसरोवर के गोखले मार्ग स्थित सेक्टर 9 के सामुदायिक केन्द्र में आयोजित महा महोत्सव में गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई।



पाण्डुक शिला पर 1008 कलशों से तीर्थंकर बालक का जन्माभिषेक किया गया। प्रचार प्रभारी विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक पं. धीरज शास्त्री के निर्देशन में पूजा-अर्चना की गई। अभिषेक, शांतिधारा आर पूजन के बाद भगवान के जन्मोत्सव की बधाइयां गाई गईं। प्रथम दर्शन शचि इन्द्राणी द्वारा सहस्त्र नैत्र से प्रभु दर्शन, सौधर्म इन्द्र द्वारा प्रवचन के बाद जन्म कल्याण शोभायात्रा निकाली गई। गोखले मार्ग स्थित सामुदायिक केन्द्र से निकली शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट, बग्गी, बैण्ड बाजे के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण नाचते गाते शामिल हुए। शोभायात्रा विजय पथ सहित विभिन्न मार्गों से होती हुई पाण्डुक शिला पहुंची। यहां पर तीर्थंकर बालक का 1008 कलशों से जन्माभिषेक किया गया।

शाम को सौधर्म इन्द्र द्वारा तांडव नृत्य और भगवान का पालना झुलाना, बाल क्रियाओं के आयोजन हुए। शुक्रवार को तप कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। शनिवार 16 नवम्बर को ज्ञान कल्याणक मनाया जाएगा। महामहोत्सव में रविवार को मोक्ष कल्याणक की क्रियाएं होंगी। इस मौके पर विश्व शांति महायज्ञ के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। नवीन वेदियों में श्रीजी को विराजमान किया जाएगा। इसके बाद सम्मान एवं आभार समारोह किया जाएगा।

facebook YouTube X twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


# अराजकता के पीछे गहरा षड्यंत्र!

## एसडीएम को थप्पड़ मारने की घटना गुप्तचर तंत्र की विफलता

**टोंक** जिले के देवली–उनियारा विधानसभा सीट पर उपचुनाव के दौरान बुधवार को मतदान के बीच हुए निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा द्वारा चुनावी ड्यूटी पर तैनात एसडीएम को थप्पड़ मारने की अप्रत्याशित घटना ने पुलिसतंत्र की विफलता की पोल खोलकर रख दी है। पुलिस बल की मौजूदगी में जिस तरह उपद्रव, हंगामा, मारपीट और आगजनी जैसी दुस्साहसिक हरकतें हुई उसने पूरे राजस्थान को शर्मसार कर दिया है। उपखंड के वरिष्ठ अधिकारी पर ड्यूटी के दौरान जिस तरह से हमले की घटना को अंजाम दिया गया उसने शासन के समक्ष कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिरकार पूरा सरकारी अमला वहां तैनात था इसके बावजूद ऐसी शर्मनाक घटना होना शासन को सीधी चुनौती नहीं तो और क्या माना जाए! इससे भी ज्यादा विचलित कर देने की घटना इस घटना के आरोपी नरेश मीणा को पुलिस हिरासत से छुड़ा ले जाने की घटना है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिरकार पुलिस और प्रशासन के अधिकारी क्या मूकदर्शक बने रहने के लिए ही वहां खड़े थे... उन्होंने घटना के कई घंटों बाद भी उपद्रवियों को काबू करने की कोई कोशिश क्यों नहीं की, क्या वे इससे भी बड़ी कोई और अनहोनी घटना का इंतजार कर रहे थे! रातभर उपद्रवकारी कानून–व्यवस्था का मखौल उड़ाते हुए पुलिस पर हमला करते रहे और एसपी सहित अन्य अफसरों की सरकारी गाड़ियां जलाते रहे लेकिन जिम्मेदारों का जमीर फिर भी नहीं जागा तो इसे क्या माना जाए! सवाल यह भी है कि दोपहर में एसडीएम के थप्पड़ मारने की घटना के बाद भी स्थानीय प्रशासन ने इतनी ढिलाई क्यों बरती की आग की लपटें दूसरे दिन तक दिखाई पड़ रही हैं। अराजक भीड़ जिस तरह से कानून को हाथ में लेकर हाइवे जाम कर रही है, जगह–जगह आगजनी कर रही है उसे लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता है। इसे उपद्रवकारियों का दुस्साहस ही कहा जाएगा कि पुलिस जब मतदान खत्म होने के बाद रात को 8 बजे करीब नरेश मीणा को गिरफ्तार करने पहुंची तब नरेश मीणा अपने समर्थकों के साथ धरना प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे। पुलिस जब नरेश मीणा को लेकर जाने लगी तो उनके समर्थकों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने लाठीचार्ज, हवाई फायरिंग भी की और आंसू गैस के गोले भी दागे। इससे गुस्साए समर्थकों ने जगह–जगह आगजनी की। पुलिस ने 60 लोगों को गिरफ्तार किया और चार एफआईआर दर्ज की गईं लेकिन घटना का मुख्य जिम्मेदार माने जा रहे नरेश मीणा को भीड़ पुलिस के कब्जे से छुड़ा ले गई। रातभर खुला तांडव मचाने के बाद समरावता गांव में हुए बवाल के बाद गुरुवार की सुबह नरेश मीणा लौट आया। कहने के तौर पर नरेश मीणा को पुलिस कल रात से ही तलाश रही थी। पुलिस नरेश मीणा को गिरफ्तार करने पहुंची थी, जहां नरेश मीणा अपने समर्थकों के साथ पहले से बैठा हुआ था। उसके समर्थकों ने पुलिस पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया था। ऐसे में पुलिस पूरी तरह असहाय और किंकर्तव्यविमूढ़ नजर आई। प्रशासनिक तंत्र को शर्मसार करने वाली इस घटना को लेकर ब्यूरोक्रेसी में उपजे आक्रोश के स्वरों को देखते हुए पूरे प्रदेश में सरकारी कामकाज ठप हो गया। प्रदेशभर में आरएएस अधिकारियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। हालांकि आरोपी नरेश मीणा की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने टूलडाउन हड़ताल को वापस ले लिया है लेकिन इस तरह की घटना के बाद आरएएस अधिकारियों में रोष है। अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ निष्पक्षता से अपनी ड्यूटी करते हैं, लेकिन कुछ लोग इस तरह से ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के साथ मारपीट करते हैं। यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आई हैं। आरएएस अफसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी का यह बड़ा सवाल है। यह घटना न केवल राजकार्य में बाधा की श्रेणी में आती है, बल्कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी प्रत्याशी के द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन भी है। इस प्रकार की अप्रिय घटनाएं एवं कृत्य चुनावी प्रक्रिया में कर्तव्य का निर्वहन कर रहे समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों के मनोबल को क्षीण करती हैं। ऐसे में इस घटना की जितनी घोर निंदा की जाए वह कम है। आरोपी नरेश मीणा की गिरफ्तारी के बाद यह उम्मीद की जानी चाहिए कि राज्य सरकार और भारतीय चुनाव आयोग द्वारा उक्त आपराधिक कृत्य के लिए संबंधित प्रत्याशी के खिलाफ अभियोग कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में राज्य अधिकारी एवं कर्मचारी निर्भीक होकर राजकीय कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। प्रदेश के ब्यूरोक्रेट्स में इस घटना के बाद उपजे कड़े आक्रोश को देखते हुए सूबे के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कड़ी नाराजगी स्वाभाविक है। यही कारण है कि उन्होंने एसीएस होम और डीजीपी यू.आर साहू को तलब किया तब दोनों अधिकारी स्टेट हैंगर पहुंचे। नरेश मीणा मामले पर लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रिपोर्ट मांगी है, संभवत: घटना की मजिस्ट्रेट जांच भी करवाई जा सकती है। उधर, थप्पड़कांड के आरोपी नरेश मीणा का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो कलेक्टर को धमकी दे रहा है और साथ ही अपने समर्थकों को हथियारों के साथ बुला रहा है। इसे पुलिस–प्रशासन को सीधी चुनौती नहीं तो और क्या माना जाए! आखिरकार राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को चुनाव ड्यूटी के दौरान सरेआम थप्पड़ मारने की घटना का आरोपी इस तरह का आपराधिक आचरण कर रहा है उसके बाद भी पुलिस मजबूर और असहाय बनी हुई है तो फिर सरकारी अमले को सुरक्षा कौन मुहैया करवाएगा! पुलिस–प्रशासन के शीर्ष पदों पर बैठे जिम्मेदार आला अफसरों को यह सवाल किसी और से नहीं स्वयं अपनी अंतर्रात्मा से ही पूछना चाहिए। आरोपी का विगत आपराधिक रिकार्ड से भरा हुआ है, क्या इसे नजरंदाज किया जा सकता है! गौरतलब है कि देवली–उनियारा के निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा पर पहले से ही 23 मुकदमे दर्ज हैं। इसमें मारपीट, हाईवे जाम, पत्थरबाजी और चोरी के मामले शामिल हैं। इनमें से 7 मामलों की जांच पूरी हो चुकी है, इनमें गिरफ्तारी बाकी है। 16 मुकदमे कोर्ट में विचाराधीन हैं। अब ऐसी स्थिति में भी प्रशासनिक तंत्र ने कोई एहतियाती कदम नहीं उठाया तो इसके पीछे क्या कारण रहे, ये मामले की विस्तृत जांच–पड़ताल के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। क्या इसके पीछे कोई बड़ा षड्यंत्र था, इसकी आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।



> **उपखंड के वरिष्ठ अधिकारी पर ड्यूटी के दौरान जिस तरह से हमले की घटना को अंजाम दिया गया उसने शासन के समक्ष कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिरकार पूरा सरकारी अमला वहां तैनात था इसके बावजूद ऐसी शर्मनाक घटना होना शासन को सीधी चुनौती नहीं तो और क्या माना जाए! इससे भी ज्यादा विचलित कर देने की घटना इस घटना के आरोपी नरेश मीणा को पुलिस हिरासत से छुड़ा ले जाने की घटना है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिरकार पुलिस और प्रशासन के अधिकारी क्या मूकदर्शक बने रहने के लिए ही वहां खड़े थे... उन्होंने घटना के कई घंटों बाद भी उपद्रवियों को काबू करने की कोई कोशिश क्यों नहीं की, क्या वे इससे भी बड़ी कोई और अनहोनी घटना का इंतजार कर रहे थे!**

# भारत एवं भारतीयता के पोषण के लिए दीनानाथ बत्रा द्वारा किए गए संघर्ष और पुरुषार्थ

**प्रणय कुमार**



**शिक्षा** संस्कृति उत्थान न्यास के पूर्व अध्यक्ष, शिक्षा बचाओ आंदोलन के संयोजक, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के पूर्व महामंत्री एवं प्रख्यात शिक्षाविद् दीनानाथ बत्रा का गत 7 नवंबर, 2024 को दिल्ली में निधन हो गया। एक ओर उनके जीवन में तपस्वियों जैसी अपरिग्रही वृत्ति, ध्येयनिष्ठा, अनुशासनबद्धता थी तो दूसरी ओर उनमें अपने ध्येय के लिए संघर्ष व पुरुषार्थ करने का अद्भुत साहस एवं अडिग संकल्प था। इसलिए योद्धा–तपस्वी विशेषण उनके लिए सर्वाधिक उपयुक्त रहेगा। उनका पूरा जीवन त्याग, साधना व संघर्ष से भरा रहा। प्रारंभ में वे कुछ वर्ष प्रचारक भी रहे। गृहस्थ जीवन में प्रवेश के पश्चात् भी संघ के सेवाव्रती प्रचारकों की भांति उनका जीवन–ध्येय 'तेरा तुझको अर्पण' का बना रहा।

समाज व राष्ट्र के लिए आयु के अंतिम क्षण तक वे अहर्निश एवं अनथक कार्य करते रहे। संघ की शाखा में मिले संस्कारों के कारण विद्यार्थी–काल से ही उनके मन में समाज व देश के लिए कुछ शुभ, सुंदर व सार्थक करने की जो भावना पलती थी, समय व्यतीत होने के साथ–साथ वह और अधिक दृढ़ एवं बलवती होती चली गई। विभाजन की विभीषिका उन्होंने स्वयं झेली थी। विभाजन के कारण उन्हें परिवार समेत अपने जन्मस्थल डेरा गाजीखां (अब पाकिस्तान) छोड़कर भारत आना पड़ा था। विभाजन के कारण हिंदुओं के समक्ष उत्पन्न विषम एवं भयावह परिस्थितियों के वे केवल भुक्तभोगी या मूकद्रष्टा मात्र नहीं थे, अपितु उन्होंने दंगाइयों के शिकार हिंदुओं को पाकिस्तान से सुरक्षित भारत लाने तथा उनके पुनर्वास आदि में प्रत्यक्ष योगदान भी दिया था।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक वरिष्ठ प्रचारक ब्रह्मदेव शर्मा ने अपने किसी उद्बोधन में कहा था कि 'स्वयंसेवकों को शिक्षक या वकील बनना चाहिए, क्योंकि उनके पास देश व समाज का काम करने के लिए पर्याप्त अवसर एवं समय होता है', तभी से उनके मन में शिक्षक बनने का संकल्प जगा। और यह संकल्प इतना सुदृढ़ था कि वे न केवल एक अच्छे, ख्यातिलब्ध एवं राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक बने, अपितु आगे चलकर संपूर्ण शिक्षा–जगत के लिए जीवंत प्रेरणास्रोत एवं अनुकरणीय आदर्श भी बन गए। शिक्षक एवं प्राचार्य के रूप में उनके व्यापक अनुभव एवं सुदीर्घ सेवाओं का लाभ केवल कुछेक विद्यालयों एवं वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह विद्या भारती, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवं शिक्षा बचाओ आंदोलन समिति के माध्यम से संपूर्ण देश में पहुंचा।

शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उनके प्रयोगों को भरपूर सफलता व सराहना मिली और विद्या भारती से लेकर अन्यान्य सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में भी उन्हें अपनाया गया। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि व्यावसायिक दौड़ एवं आर्थिक प्रतिस्पर्द्धा से दूर विद्या भारती आज जिस ऊंचे व श्रेष्ठ वैचारिक अधिष्ठान पर खड़ी है, उसकी पृष्ठभूमि में भाऊराव देवरस, कृष्णचंद्र गांधी, लज्जाराम तोमर, ब्रह्मदेव शर्मा, दीनानाथ बत्रा जैसे अनेकानेक साधकों की साधना एवं विचार–दृष्टि ही मजबूत आधारशिला का कार्य करती रही है। अन्यथा पश्चिम से आयातित भौतिकता की आंधी, सिनेमा, टेलीविजन एवं ओटीटी से उपजी अपसंस्कृति की बयार तथा मार्क्स–मैकॉले की मानस संतानों द्वारा पोषित–पालित परकीय वैचारिकी के मध्य विद्या भारती जैसे पवित्र शैक्षिक अभियान व अनुष्ठान का उत्तरोत्तर आगे बढ़ना तथा उसे समाज का व्यापक समर्थन मिलना, सरल व संभव नहीं था। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की संकल्पना को साकार करने तथा उसके कार्य एवं संगठन को विस्तार देने में भी उनकी महती व अग्रणी भूमिका थी। शिक्षा बचाओ आंदोलन के तो वे प्रणेता ही थे।

दीनानाथ बत्रा भारत और भारतीयता के प्रबल पक्षधर एवं पैरोकार थे। पक्षधर होना या पैरोकारी करना एक बात है, परंतु जिसके पक्ष में खड़े हैं, उसके लिए निरंतर अध्ययन करना, शोध करना, लिखना–पढ़ना और आवश्यकता पड़ने पर उसके लिए सड़क पर उतरकर आंदोलन करना या न्यायालय के दरवाजे खटखटाना दूसरी बात। जब हम छोटे–छोटे स्वार्थ, प्रलोभन, सम्मान–पुरस्कार के मोहपाश, पुलिस–प्रशासन एवं निरंकुश सत्ताओं के दबाव तथा अहं के टकराव आदि के कारण झुकते, समझौता करते या पाला बदलते बुद्धिजीवियों को देखते हैं तो बत्रा जी जैसे ध्येयनिष्ठ योद्धा का महत्त्व व वैशिष्ट्य समझ में आता है। वे अपने ध्येय एवं संकल्प के लिए बड़ी–से–बड़ी शक्तियों से लड़ने–भिड़ने–टकराने की सामर्थ्य रखते थे। विचारधारा को ताक पर रखकर सत्ता–प्रतिष्ठानों से समझौता–समन्वय करने का भाव उनमें कभी नहीं रहा, न ही प्रिसिद्धि के शिखर पर पहुंचने के बाद उनमें बुद्धिजीवियों में पाई जाने वाली चयनित–सुविधावादी तटस्थता ही देखने को मिली। सबको साथ लेकर चलने की सांगठनिक कुशलता एवं कार्यकर्ताओं के हितचिंतन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भी उन्होंने कभी तत्व–दर्शन को दृष्टिपथ से ओझल नहीं होने दिया।

साहस उनका इतना प्रबल था कि 30 मई, 2001 को उन्होंने तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को नोटिस भेजकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित प्रस्ताव में विद्या भारती के प्रति की गई प्रतिकूल, अपमानजनक एवं नकारात्मक टिप्पणी को हटाने की पुरजोर मांग की। उन्होंने तमाम प्रामाणिक तथ्यों, तर्कों एवं साक्ष्यों के द्वारा कांग्रेस द्वारा लगाए गए इस आरोप को निराधार सिद्ध किया कि 'विद्या भारती की पाठ्यपुस्तकों में अल्पसंख्यकों के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण हैं एवं वे जाति–व्यवस्था, सती–प्रथा एवं बाल–विवाह को उचित ठहराती हैं।' कांग्रेस के पास उनके अकाट्य तर्कों, प्रामाणिक तथ्यों एवं विपुल मात्रा में प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों आदि का कोई ठोस प्रत्युत्तर नहीं था।

2006 में उन्होंने एक जनहित याचिका दायर कर एनसीईआरटी की सामाजिक विज्ञान एवं इतिहास की पाठ्यपुस्तकों में प्रकाशित सामग्री पर 70 आपत्तियां उठाईं। उन आपत्तियों के औचित्य एवं आधार का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उनमें से कुछ सामग्री में लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक, बिपिन चंद्र पाल, अरबिंदो घोष एवं भगत सिंह को 'उग्रवादी' तथा प्राचीन काल में ब्राह्मणों एवं आर्यों को गोमांस का सेवन करने वाला तक बताया गया था। बत्राजी ने सप्रमाण यह सिद्ध किया कि ये मनगढ़ंत, मिथ्या एवं भ्रामक बातें हैं और इनका ऐतिहासिक तथ्यों से कोई लेना–देना नहीं है। बौद्धिक सत्य के प्रति उनके आग्रह, संघर्ष व पुरषार्थ का ही परिणाम था कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनकी आपत्तियों का संज्ञान लेते हुए एनसीईआरटी को इन आपत्तियों का अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाने का निर्देश दिया। कामुकता एवं भोगवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्षद्म वेष में बाजारवादी शक्तियों और उनके बौद्धिक समर्थकों ने जब विद्यालयी स्तर पर यौन–शिक्षा को संपूर्ण देश में अनिवार्य किए जाने की मांग उठाई, तब दीनानाथ बत्रा भारतीय समाज पर पड़ने वाले उसके दुष्प्रभावों एवं संभावित खतरों को समझने वाले प्रमुख व्यक्ति थे।

तब उनके तार्किक प्रतिरोध के कारण ही कुछ प्रादेशिक सरकारों ने अपने राज्य में यौन शिक्षा को विद्यालयी स्तर पर अनिवार्य करने से मना कर दिया था। 2008 में उन्होंने शिक्षा बचाओ आंदोलन की ओर से दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास के पाठ्यक्रम में से एके रामानुजन के निबंध 'थ्री हंड्रेड रामायणाज: फाइव एग्जांपल एंड थ्री थॉट्स ऑन ट्रांसलेशन' को हटाने की मांग की, परिणामस्वरूप 2011 में विश्वविद्यालय के अकादमिक परिषद द्वारा उक्त निबंध को पाठ्यक्रम से हटा लिया गया। 3 मार्च, 2010 को उन्होंने वेंडी डोनिगर, पेंगुइन समूह, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं पेंगुइन इंडिया की सहायक कंपनी को एक वैधानिक चेतावनी भेजकर 'द हिंदुज: एन अल्टरनेटिव हिस्ट्री' में उल्लिखित सामग्रियों पर कई आपत्तियां उठाईं। उन आपत्तियों का संज्ञान न लिए जाने पर 2011 में उन्होंने डोनिगर एवं पेंगुइन प्रकाशन के विरुद्ध धार्मिक समुदायों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने तथा जान–बूझकर अपमानित किए जाने की मंशा से किए गए कृत्यों के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 295 ए के अंतर्गत मुकदमा भी दायर किया, अंतत: फरवरी 2014 में पेंगुइन इंडिया को इस पुस्तक की मुद्रित सभी प्रतियां वापस लेने के लिए बाध्य होना पड़ा और बिना बिकी प्रतियों को नष्ट भी करना पड़ा।

2011 में ही उन्होंने वामपंथी विचारधारा से प्रेरित पत्रिका 'द फ्रंटलाइन' के संपादक एन. राम को 'शॉर्टकट टू हिंदू राष्ट्र' शीर्षक से आवरण–कथा प्रकाशित करने के लिए वैधानिक चेतावनी भेजी। भारतवर्ष की महान परंपरा में किसी की मृत्यु को वैचारिक मतभेद या विरोध आदि प्रकट करने का अवसर नहीं माना जाता, परंतु दीनानाथ बत्रा के प्रति 'द फ्रंटलाइन' पत्रिका की चिढ़ या घृणा का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उनकी मृत्यु के मात्र दो दिनों बाद उसमें 'दीनानाथ बत्रा: द एजुकेशनिस्ट हू वेज्ड वार एगेंस्ट नॉलेज' शीर्षक से लेख छपा। उनके मरणोपरांत भी उनके विरुद्ध विषवमन करने में इस पत्रिका ने कोई संकोच नहीं दिखाया। उन्होंने वेंडी डोनिगर की एक और पुस्तक 'ऑन हिंदुइज्म' के लिए एलेड बुक कंपनी, मेघा कुमार की पुस्तक 'सांप्रदायिकता और यौन हिंसा: अहमदाबाद 1969 से' तथा शेखर बंद्योपाध्याय की पुस्तक 'फ्रॉम प्लासी टू पार्टीशन: ए हिस्ट्री ऑफ मॉडर्न इंडिया के लिए ओरिएंट ब्लैकस्वान को कानूनी नोटिस भेजा। उनके इन प्रयासों से जहां एक ओर जनसाधारण में हिंदू धर्म व सनातन संस्कृति के संरक्षण–संपोषण के प्रति व्यापक जागरुकता आई, वहीं अराष्ट्रीय एवं सनातन विरोधी शक्तियों में यह संदेश भी गया कि तथ्यहीन व निराधार सामग्री प्रस्तुत करने पर वैधानिक कार्रवाई झेलनी पड़ सकती है। सोचकर देखें कि सनातन विरोधी बौद्धिक शक्तियों एवं गतिविधियों पर उनकी कितनी सजग व सतर्क दृष्टि रही होगी तथा उनकी नैतिक शक्ति कितनी प्रबल रही होगी कि वे अकेले उन शक्तिशाली संगठनों एवं साधन–संपन्न प्रकाशकों से मोर्चा लेते रहे और उनके मनमानेपन एवं निरंकुशता पर एक सीमा तक लगाम लगाए रखी।

उनके महाप्रयाण के पश्चात् यह विचार करना सर्वथा उचित रहेगा कि शिक्षा में जिन मूल्यों, विचारों एवं आदर्शों की स्थापना के लिए दीनानाथ बत्रा जैसे योद्धा–तपस्वी जीवनपर्यंत संघर्षरत रहे, उसमें कहां तक और कितनी सफलता मिली? क्या शिक्षा के भारतीयकरण एवं पाठ्यक्रम–परिवर्तन की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है या उसकी गति बहुत धीमी एवं सुस्त है? सुखद है कि बत्रा जी जैसे अनेक शिक्षाविदों के सतत चिंतन, अध्ययन, अनुभव, प्रयास एवं पुरषार्थ के बल पर देश को राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 जैसी युगांतकारी नीति तो मिल गई, पर क्या उसके क्रियान्वयन की गति एवं दिशा संतोषजनक है? ऐसे सभी प्रश्नों का यथार्थ, प्रामाणिक एवं समग्र उत्तर बत्रा जी को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

> **दीनानाथ बत्रा के जीवन में तपस्वियों जैसी अपरिग्रही वृत्ति, ध्येयनिष्ठा, अनुशासनबद्धता थी तो दूसरी ओर उनमें अपने ध्येय के लिए संघर्ष व पुरुषार्थ करने का अद्भुत साहस एवं अडिग संकल्प था। इसलिए योद्धा–तपस्वी विशेषण उनके लिए सर्वाधिक उपयुक्त रहेगा। उनका पूरा जीवन त्याग, साधना व संघर्ष से भरा रहा। प्रारंभ में वे कुछ वर्ष प्रचारक भी रहे। गृहस्थ जीवन में प्रवेश के पश्चात् भी संघ के सेवाव्रती प्रचारकों की भांति उनका जीवन–ध्येय 'तेरा तुझको अर्पण' का बना रहा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक वरिष्ठ प्रचारक ब्रह्मदेव शर्मा ने अपने किसी उद्बोधन में कहा था कि 'स्वयंसेवकों को शिक्षक या वकील बनना चाहिए, क्योंकि उनके पास देश व समाज का काम करने के लिए पर्याप्त अवसर एवं समय होता है', तभी से उनके मन में शिक्षक बनने का संकल्प जगा। और यह संकल्प इतना सुदृढ़ था कि वे न केवल एक अच्छे, ख्यातिलब्ध एवं राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक बने, अपितु आगे चलकर संपूर्ण शिक्षा–जगत के लिए जीवंत प्रेरणास्रोत एवं अनुकरणीय आदर्श भी बन गए। साहस उनका इतना प्रबल था कि 30 मई, 2001 को उन्होंने तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को नोटिस भेजकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित प्रस्ताव में विद्या भारती के प्रति की गई प्रतिकूल, अपमानजनक एवं नकारात्मक टिप्पणी को हटाने की पुरजोर मांग की।**

## राशिफल

**आज दिनांक 15 नवम्बर, 2024, शुक्रवार, विक्रम संवत् 2081, कार्तिक माह, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, भरणी नक्षत्र, विष्टी करण, व्यातिपात योग, राहुकाल: सुबह 10:49 से 12:11 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:44 बजे, सूर्यास्त शाम 5:38 बजे, चंद्रोदय सायं 5:08 बजे, चंद्रास्त सुबह 6:58 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर: 11:49 से 12:33, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:09 से 5:57 बजे तक, चंद्रमा मेष राशि में संचार करेगा।**




आज के दिन आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। पैसों से जुड़े सौदे बेहद सावधानी के साथ करें। छोटी मोटी सेहत से जुड़ी समस्या हो सकती है। इसलिए बाहर के खाने से परहेज करना आपके लिए बेहतर रहेगा। दूसरों को यह बताने के लिए ज्यादा उतावले न हों कि आज आप कैसा महसूस कर रहे हैं।




करियर के मामले में कुछ लोगों को अपनी मेहनत का फल मिल सकता है। लव लाइफ में पार्टनर के साथ बहस करने से बचें। कोई नई डील मिल सकती है। आपकी मुलाकात एक ऐसे दोस्त से होगी, जिसे आपका खयाल है और जो आपको समझता भी है।




जीवन का आनंद लें। अपनी एनर्जी का उपयोग करें और दुनिया को अपना व्यक्तिगत पक्ष दिखाएं। आज आपको उस व्यक्ति के साथ कुछ खास समय बिताने का मौका मिलेगा, जिसे आप पसंद करते हैं। आज का दिन क्रिएटिव रहने वाला है। भागीदार आपकी योजनाओं और व्यावसायिक खयालों के प्रति उत्साही होंगे।




व्यापारियों को आज व्यापार में घाटा हो सकता है और अपने व्यापार को बेहतर बनाने के लिए आपको पैसा खर्च करना पड़ सकता है। किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरुआत होगी।




किसी भी बुरी घटना के बारे में कोई जानकारी हो जाए, तो हम शायद खुद को पहले ही सावधान कर सकते हैं। ताकि उस घटना के कारण किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचे। ऐसे में कोई भी जोखिमकारक काम आज करने से बचना चाहिए। वरना इससे बड़े नुकसान की संभावना है।




अपने नकारात्मक रवैये के चलते आप प्रगति नहीं कर पा रहे हैं। यह इस बात को समझने का सही वक्त है कि चिंता की आदत ने आपके सोचने की क्षमता को खत्म कर दिया है। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीजें सुधर रही हैं। आज आपका धन कई चीजों पर खर्च हो सकता है, अत:अच्छा बजट प्लान करें।




आपका झगड़ालू स्वभाव आपके दुश्मनों की सूची लम्बी कर सकता है। किसी को खुद पर इतना नियंत्रण न दें, कि वह आपको नाराज कर सके और जिसके लिए बाद में आपको पछताना पड़े। आज के दिन आपको अपने करीबी लोगों से बचकर रहने की जरूरत है।




आज का दिन मौज–मस्ती और आनंद से भरा रहेगा– क्योंकि आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। अटके हुए मामले और घने होंगे व खर्चे आपके दिमाग पर छा जाएंगे। आपका मजाकिया स्वभाव सामाजिक मेल–जोल की जगहों पर आपकी लोकप्रियता में इजाफा करेगा।




अपने काम के लिए दूसरों पर दबाव न डालें। दूसरे लोगों की इच्छाओं और दिलचस्पियों पर भी गौर करें, इससे आपको दिली खुशी हासिल होगी। आपके पास आज पैसा भी पर्याप्त मात्रा में होगा और इसके साथ ही मन में शांति भी होगी।




सेहत अच्छी रहेगी। इस राशि के कुछ लोगों को आज संतान पक्ष से आर्थिक लाभ होने की उम्मीद है। आज आपको अपनी संतान पर गर्व महसूस होगा। घरेलू मामलों और काफी समय से लंबित घर के काम–काज के हिसाब से अच्छा दिन है।




आज के दिन आप बिना झंझट विश्राम कर सकेंगे। अपनी मांसपेशियों को आराम देने के लिए तेल से मालिश करें। जीवनसाथी से पैसों से जुड़े किसी मुद्दे को लेकर आज बहस होने की आशंका है। आज आपकी फिजूलखर्ची पर आपका साथी आपको लेक्चर दे सकता है।




आपका प्रबल आत्मविश्वास और आज के दिन का आसान कामकाज मिलकर आपको आराम के लिए काफी वक्त देंगे। धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे। बच्चों से मिली खुशखबरी दिन बना सकती है।

## जो होता है अच्छे के लिए होता है

**प्रेरक प्रसंग**

**एक** राजा अपने मंत्री के साथ आखेट पर निकले। वन में हिरन को देख राजा ने तीर प्रत्यंचा पर चढ़ाया ही था कि जंगल में से एक सूअर निकला और राजा को धक्का देकर भागा। इस अप्रत्याशित आघात के कारण तीर की नोक से उनकी अंगुली कट गई। रक्त बहने लगा और राजा व्याकुल हो उठे।

राजा की अंगुली से खून बहता देखकर मंत्री बोले– 'राजन्! भगवान जो करता है, अच्छे के लिए करता है।' राजा काफी पीड़ा में थे। मंत्री की बात सुनकर क्रोध से भर उठे। उन्होंने मंत्री को आज्ञा दी कि वो उसी समय उनका साथ छोड़ अन्य राह पकड़ लें। मंत्री ने आदेश को सहर्ष स्वीकार किया और भिन्न दिशा में निकल पड़े।

इधर राजा थोड़ा आगे बढ़े ही थे कि उन्हें जंगल में नरभक्षी कबीले के लोगों ने घेर लिया। वे उन्हें पकड़कर अपने सरदार के पास ले चले। राजा को बलि देने की तैयारी हो ही रही थी कि कबीले के पुजारी ने राजा की कटी अंगुली देखकर कहा कि 'इसका तो अंग भंग है, इसकी बलि स्वीकार नहीं हो सकती।'

राजा को जीवनदान मिला तो उन्हें तुरंत मंत्री की याद आई। सोचने लगे कि मंत्री ठीक कहते थे – भगवान जो करता है, अच्छे के लिए ही करता है। मुझे उनका साथ नहीं छोड़ना चाहिए था ।

ऐसा सोचते वे आगे बढ़ रहे थे कि उन्हें मंत्री नदी किनारे भजन करते दिखाई पड़े। राजा ने प्रेमपूर्वक मंत्री को गले लगाया और उन्हें सारा घटनाक्रम कह सुनाया। इसके बाद राजा ने उनसे प्रश्न किया– 'मेरी अंगुली कटी, इसमें भगवान ने मेरा भला किया, पर तुम्हें मैंने अपमानित करके भगाया, इससे भला तुम्हारा क्या भला हुआ?'

मंत्री मुस्कुराए और बोले – 'राजन्! यदि आपने मुझे भिन्न राह पर न भेजा होता और मैं आपके साथ होता तो अंग भंग के कारण नरभक्षी आपकी बलि न देते, पर मेरी बलि चढ़नी सुनिश्चित थी। इसलिए भगवान जो करते हैं, अच्छा ही करते हैं।'

## सुडोकु 1933

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | | | 4 | | |
| | 2 | | 9 | | | | 7 | |
| | | | | | 1 | 8 | | |
| | 3 | | 1 | | 9 | | | |
| | 8 | | | 3 | | 7 | 2 | |
| | | 5 | | | 8 | 6 | | |
| 1 | | 6 | 4 | | | | | 5 |
| | | | 5 | | 3 | 1 | | |
| | | | | | | 2 | | 4 |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 1932 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 4 | 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 |
| 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 2 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 8 | 2 | 3 | 7 | 1 | 5 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 3 | 7 | 1 | 4 | 5 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 4 | 1 | 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 9 | 5 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 | 1 | 6 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 4 | 5 |

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# सीएम भजनलाल शर्मा ने सुनी रामकथा



**जयपुर (मसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को जयपुर के विद्याधर नगर में हो रही रामकथा में शरीक हुए एवं रामकथा सुनी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एयरपोर्ट से सीधे तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानन्दाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य द्वारा राम कथा सुनने गए। वहां उन्होंने रामकथा की आरती भी की और आशीर्वाद लिया।

# मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री गुरजंट सिंह बराड़ के निधन पर जताई संवेदना



**जयपुर/श्रीगंगानगर (मसं)।** मुख्यमंत्री महोदय भजनलाल शर्मा गुरुवार को पूर्व मंत्री गुरजंट सिंह बराड़ के निधन पर शोक व्यक्त करने श्रीगंगानगर जिले के सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र के गांव 5 एलएनपी स्थित बराड़ परिवार के निवास पर पहुंचे। शोक व्यक्त करने के पश्चात मुख्यमंत्री आमजन से भी मिले। निवास पर मुख्यमंत्री ने बराड़ के पुत्र बलदेव सिंह बराड़ और पौत्र एवं सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ सहित शोक संतप्त परिवार के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व मंत्री के निधन से अपूरणीय क्षति हुई है। उसकी भरपाई असंभव है। पूर्व मंत्री बराड़ को नमन करते हुए उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर मुख्यमंत्री ने परिजनों से भी मुलाकात की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री (कानून) जोगाराम पटेल, गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी, जिला प्रमुख कविता रेगर, जिला कलेक्टर डॉ. मंजू, एसपी गौरव यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री निहालचंद, पूर्व मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी, पूर्व विधायक धर्मेन्द मोची, डॉ. ओपी महेन्द्रा, पूर्व सांसद शंकर पन्नू, नगरपरिषद सभापति गगनदीप कौर पाण्डे, पूर्व विधायक संतोष बावरी सहित अन्य मौजूद रहे।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**जयपुर (मसं)।** दिसान हॉस्पिटल की ओर से आरंभ फाउंडेशन के सहयोग से विश्व मधुमेह दिवस पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 250 मरीजों ने विशेषज्ञों से जांचें करवाई। इसमें डायबिटीज से जुड़ी सभी तरह की जांचें निशुल्क की गई। डॉक्टर मनीष गोयल और डॉक्टर प्रीति गोयल ने बताया कि दिसान हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर पूजा गुप्ता (मनोवैज्ञानिक), डॉक्टर अर्पना (आहार विशेषज्ञ), डॉक्टर अंजली और डॉक्टर विजय शर्मा (फिजियोथेरेपिस्ट) और डॉक्टर भारती मीणा (डेंटिस्ट) ने निशुल्क चिकित्सा परामर्श सेवाएं दी।



# पारीक ने की धीरेंद्र शास्त्री महाराज से मुलाकात

**जयपुर (मसं)।** श्रीबालाजी संस्थान, सालासर के सानिध्य में विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति की ओर से श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य महाराज के श्रीमुख से की जा रही है। इस कथा का श्रवण करने गुरुवार को धीरेंद्र शास्त्री (श्री बागेश्वर धाम) महाराज कथा पांडाल में पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा के आलोक पारीक ने धीरेंद्र शास्त्री महाराज का अभिनंदन कर उनसे मुलाकात की। पारीक ने महाराज का छोटी काशी व धर्म नगरी जयपुर में स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



# डॉ. हर्षल टाक बने सचिव

**जयपुर (मसं)।** उदयपुर में संपन्न हुए राजस्थान ऑप्थमोलॉजिकल सोसायटी के वार्षिक अधिवेशन में हुए चुनाव में जयपुर के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षल टाक सचिव पद पर निर्वाचित हुए। डॉ. हर्षल टाक, रावत आई एंड फैको सर्जरी सेन्टर के निदेशक हैं। वे पूर्व में राजस्थान ऑप्थमोलॉजिकल सोसायटी के साइंटिफिक कमेटी के चेयरमैन व कोषाध्यक्ष भी रहे हैं। डॉ. हर्षल टाक ने बताया कि उनका लक्ष्य राजस्थान में पीजी शिक्षा को बढ़ावा देना व युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों को शल्यक्रिया में निपुणता दिलाना है व सभी सदस्यों के विकास के लिए राष्ट्रीय व अतंर्राष्ट्रीय स्तर पर अवसर उपलब्ध कराना है।



# कैंसर जांच शिविर का आयोजन



**जयपुर (मसं)।** श्री अमरापुर स्थान में भगवान महावीर कैंसर चिकित्सा एवं श्री अमरापुर सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय (14-15 नवम्बर) कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गुरुवार मैमोग्राफी, पेप स्मीयर टेस्ट, एक्स-रे, सीए 125, पीएसए, एवं अन्य रक्त परीक्षण किए गए। शिविर में करीब 100 से अधिक भक्त प्रेमी लाभान्वित हुए। शुक्रवार भी शिविर यथावत लगाया जाएगा। शिविर का समय सुबह 9 से 1 बजे तक रहेगा।

# श्री गलता पीठ : ब्रह्मोत्सव के छठे दिन मनाया गया डोला उत्सव

**जयपुर (मसं)।** उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि मठ श्री गलता जी में ब्रह्मोत्सव के छठे दिन डोला उत्सव व दीपोत्सव मनाया गया। श्री वैष्णव मण्डल जयपुर के अध्यक्ष डॉ. लीला पुरुषोत्तम ने बताया कि में भगवान श्रीनिवास, श्रीदेवी व भूदेवी के साथ अति आकर्षक सुसज्जित झूले में विराजमान हुए। तीर्थ पर दीपदान किया गया। भगवान की सन्निधि में दीपोत्सव मनाया गया। भगवान की स्तुति की गई। नित्य हवन, बलिहरण, शात्तुमुरै, तीर्थप्रसाद, गोष्ठी आदि वितरित की गई। इस अवसर पर वृन्दावन से आए स्वामी नारायणाचार्य, बस्सी से स्वामी त्रिविक्रमाचार्य सहित अरुणेश्वर, रामानुज डेरेवाला, डॉ. लीला पुरुषोत्तम, रामप्रकाश चौधरी, कृष्णकुमार रावत, ओमप्रकाश चौधरी, श्याम भूतड़ा, गिरिराज शर्मा, रतन मीणा एवं नगर के सैकड़ों श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# शिक्षक भर्ती का परिणाम संशोधित करने के आदेश की क्रियान्विति पर रोक

**जयपुर (मसं)।** राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकलपीठ के गत 6 दिसंबर उस आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है, जिसमें एकलपीठ ने वर्ष 2022 की तृतीय शिक्षक भर्ती लेवल-2 के विवादित प्रश्नों की विशेषज्ञ कमेटी से जांच कर उसके आधार पर संशोधित परिणाम जारी करने के आदेश दिए थे। इसके साथ ही अदालत ने मामले में कर्मचारी चयन बोर्ड को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश सरिता कुमारी व अन्य की ओर से दायर अपील पर सुनवाई करते हुए दिए।

अपील में अधिवक्ता हिमांशु जैन ने अदालत को बताया कि एकलपीठ ने गत 6 दिसंबर को भर्ती में कुछ विवादित प्रश्नों से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए कर्मचारी चयन बोर्ड को विशेषज्ञ कमेटी गठित कर प्रश्नों का पुनः परीक्षण करने को कहा था। इसके साथ ही अदालत ने कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर परीक्षा परिणाम को संशोधित करने के निर्देश दिए थे। इसे चुनौती देते हुए कहा किया करीब 27 हजार पदों की इस भर्ती में करीब 25 हजार अभ्यर्थी कार्य ग्रहण कर चुके हैं। इसके अलावा एकलपीठ ने खुद के आदेश में भर्ती की मेरिट पर कोई बात नहीं की। उसने चयन बोर्ड की ओर से प्रश्नों के मूल्यांकन की बात को आधार मानकर विशेषज्ञ कमेटी की रिपोर्ट पर संशोधित परिणाम का निर्देश दिया। इसके अलावा अपीलार्थी एकलपीठ के समक्ष पक्षकार नहीं थे। एकलपीठ के आदेश से अपीलार्थियों के हित प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में एकलपीठ के आदेश पर रोक लगाई जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगाते हुए कर्मचारी चयन बोर्ड से जवाब मांगा है।

# पश्चिमी राजस्थान में आगामी 3 दिन छाएगा घना कोहरा

## प्रदेश के पारे में 17 नवंबर से आएगी 2 से 3 डिग्री की गिरावट

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में धीरे-धीरे सर्दी रंगत पकड़ने लगी है। फलौदी को छोड़कर बाकी शहरों का रात का पारा 20 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। प्रदेश के आठ शहरों का रात का पारा 15 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। 9.2 डिग्री के साथ माउंट आबू की रात सबसे सर्द रही। पश्चिम राजस्थान के बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू में आगामी तीन दिन घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। गुरुवार को भी बीकानेर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाया। घने कोहरे के चलते विजिबिलिटी कम रही। इसके चलते वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।



मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने तथा बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू जिलों के कुछ भागों में आगामी तीन दिन घना और अति घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। 17 नवंबर से राज्य के अधिकांश भागों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस गिरावट होने की संभावना है।राज्य के अधिकांश भागों में हवा में आर्द्रता की औसत मात्रा 50 से 95 प्रतिशत के मध्य दर्ज की गई। माउंट आबू के अलावा फतेहपुर, सिरोही, जालोर, चूरू, डबोक, भीलवाड़ा और वनस्थली का रात का पारा 15 डिग्री से नीचे रहा। 34.3 डिग्री के साथ जोधपुर और बाड़मेर का दिन और 20 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही।

### जयपुर का न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री रहा

जयपुर में दिनभर मध्यम गति की हवाएं चली। इससे जयपुर के दिन के पारे में एक डिग्री से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। वहीं रात के पारे में एक डिग्री से ज्यादा की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 31.4 और न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री दर्ज किया गया। आगामी दिनों में जयपुर के पारे में और गिरावट आएगी।

## उपराष्ट्रपति ने दिया पुष्कर में संबोधन

# किसान वर्ग का संगठित रहना राष्ट्रवाद के लिए जरूरी : धनखड़

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को पुष्कर में आयोजित 105वें राष्ट्रीय जाट अधिवेशन में कहा कि किसानों को कृषि उत्पादों के विपणन पर भी ध्यान देना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि किसान समुदाय को बांटने की साजिश करने के प्रयासों को सब मिलकर रोक सकते हैं। किसान समाज की आत्मा है।

उप राष्टपति ने कहा, मैं दूध हूं किसी में भी मिल जाता हूं। जहां भी मिलें, वहां ताकत देते हैं। इधर-उधर की बात मेरे कानों में आ रही है। विचलित नहीं होना है। किसान के लिए और आपके लिए 24 घंटे मेरे दरवाजे खुले हैं। ब्रह्माजी की नगरी और पावन पुष्कर में देशभर के किसान भाइयों को संदेश देना चाहता हूं कि आपका बेटा जहां बैठा है, उस जगह के द्वार आपके लिए 24 घंटे खुले हैं। किसान की समस्या, देश के किसी भी कोने में हो, मेरे जहन में है, मेरे दिल में है, मेरे दिमाग में है। किसान की समस्या का निराकरण कभी देरी से नहीं होना चाहिए, क्योंकि सृष्टि में जिंदा रहने के लिए सबसे ज्यादा आवश्यकता अन्न की है और अन्नदाता किसान है।




### 'किसानों को जातियों में बांटने की साजिश'

उप राष्ट्रपति ने कहा कि मेरा संकल्प है, किसान वर्ग को खंडित करने की योजना करने वाले लोगों के नापाक इरादे कभी कामयाब नहीं हो सकते। किसान को जातियों में बांटने की एक साजिश है, ताकि एक विशेष वर्ग और खुल कर कहूंगा, अपने को अलग कर दें। दिल कभी शरीर से अलग नहीं हुआ है। पर हम तो दिल कहां है, हम तो आत्मा हैं, किसान वर्ग की आत्मा हैं। इस आत्मा का सर्जन, इस आत्मा का संरक्षण, हमको करना है।

धनखड़ ने कहा कि किसान जो पैदा करता है। बड़ी मुश्किलों से पैदा करता है। व्यापार में किसान क्यों नहीं? मेरा आग्रह है कि किसानों को बैठकर चिंता करनी चाहिए, चिंतन करना चाहिए, मंथन करना चाहिए और जो खरबों का व्यापार है, वह उसके यहां पैदा होती है उसका व्यापार वो खुद करे। इतने बड़े खज़ाने को हम अपने से दूर कर रहे हैं। अपने बच्चों को सिखाओ। इस व्यापार में लक्ष्मी पूरी तरह से मेहरबान है और इस चीज पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

### 'किसानों को कोई विभाजित नहीं कर सकता'

उपराष्ट्रपति ने कहा कि मेरे कानों में बात आ रही है कि राजनीतिक जमीन खिसकती जा रही है। कहीं नहीं जा रही है। तुम्हें थोड़ा सोचने की जरूरत है। कई लोग ये भी बात करते हैं कि हम 35 बनाम एक कर देंगे। इस देश में कोई माई का लाल पैदा नहीं हुआ है किसान को विभाजित कर सके। जाट समाज किसान वर्ग का महत्वपूर्ण अंग है। मैं आपको ये बात कह रहा हूं।

# 15वीं रेलवे अंतर मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** उत्तर-पशिमच रेलवे की 15वीं अन्तर मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को गणपति नगर स्थित अरावली सभागृह में हुआ। समापन समारोह में उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ मुख्य अतिथि रहे।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि तीन दिन चली इस प्रतियोगिता में उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्यालय-जयपुर, जयपुर मण्डल, अजमेर मण्डल, अजमेर कारखाना, जोधपुर मण्डल, जोधपुर कारखाना और बीकानेर मण्डल के 224 कर्मचारियों सहित उनके परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में एकल लोक नृत्य, समूह लोक नृत्य, एकल शास्त्रीय नृत्य, समूह शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय, गायन, सुगम गायन और वाद्य यंत्र (तबला, तंतु व फूंक) की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। समापन समारोह में सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक अमिताभ ने सभी विजेताओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही जयपुर मंडल को 15वीं अंतर मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी पीके सिंह, जयपुर मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार, अपर मण्डल रेल प्रबंधक (इंफा) जयपुर मंडल गौरव गौड, वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी डॉ. हिना अरोड़ा, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी-एचआरडी मेघा गोदारा, मण्डल कार्मिक अधिकारी डॉ. सुनिता चौधरी और महिला कल्याण संगठन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करें : नीरज के पवन

## निशुल्क कोचिंग संस्था का शुभारम्भ

महानगर संवाददाता

**जयपुर/मनोहरपुर।** यह बात नीरज के. पवन ने गुरुवार को शाहपुरा के खोजावाला में भाजपा नेता उपेन यादव की ओर से भाग्योदय सेवा संस्था के तत्वावधान में निशुल्क कोचिंग का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर युवा एवं खेल मामला सचिव नीरज के पवन ने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं अपनी मेहनत के दम पर प्रशासनिक सेवाओं के शीर्ष पद पर पहुंच रही हैं। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।



उन्होंने कहा कि उपेन यादव ने ग्रामीण क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू कर एक प्लेटफॉर्म दिया है। यदि आपका लक्ष्य अटल है तो आप आईएएस, आरएएस समेत प्रशासनिक सेवाओं के शीर्ष पदों तक पहुंच सकते है। उन्होंने युवाओं को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि इस संस्था में युवाओं के मोटिवेशन के लिए महीने एक बार उनके समेत अन्य आईएएस अधिकारी यहां आएंगे। त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल दास महाराज, कुंडा धाम के संत प्रह्लाददास महाराज व खोरी परमानंद धाम के संत हरिओम दास महाराज ने निशुल्क कोचिंग का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर शाहपुरा पुलिस उपाधीक्षक मुकेश चौधरी व थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने भी विचार व्यक्त किए। उपेन यादव ने कहा कि इस संस्था में निःशुल्क कोचिंग विषय विशेषज्ञों द्वारा अध्ययन करवाया जाएगा। साथ ही, उनका कैरियर मार्गदर्शन भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पहले शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के इलाको के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जयपुर समेत बड़े शहरों में जाना पड़ता था। जहां विद्यार्थियों को को धन व समय की हानि के साथ काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में गरीब व जरूरतमंद विद्यार्थी महंगी फीस के लिए वंचित रह जाते है। लेकिन अब शाहपुरा में विद्यार्थियों के लिए भाग्योदय सेवा संस्था की ओर से निःशुल्क कोचिंग शुरू की गई है। इस कोचिंग में विषय विशेषज्ञों के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समय समय पर मार्गदर्शन किया जाएगा।

# छात्रों ने किया रचनात्मकता का अद्वितीय प्रदर्शन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** महाराणा प्रताप ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स, झोटवाड़ा में गुरुवार को एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी और फन फेयर का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाराणा प्रताप सीनियर सैकंडरी स्कूल और किड्स केयर इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने अपनी अद्वितीय रचनात्मकता और वैज्ञानिक ज्ञान का प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों के भीतर वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना था। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शित मॉडल्स ने समाज को प्रभावित करने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को उजागर किया। छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत, जैव विविधता की रक्षा, और स्वास्थ्य व विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर शानदार मॉडल्स पेश किए। विशेष रूप से, सौर ऊर्जा के नवाचार पर आधारित प्रोजेक्ट्स ने आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया।



विज्ञान प्रदर्शनी के साथ ही, फन फेयर ने सभी को एक मनोरंजक अनुभव प्रदान किया। इस मेले में मनोरंजन के विभिन्न आयाम देखने को मिले। छोटे बच्चों के लिए विभिन्न खेल, जैसे बैलून डार्ट्स, फिशिंग गेम्स, रिंग टॉस, और टग ऑफ वॉर जैसे खेलों ने सभी को आनंदित किया। इसके अलावा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने पारंपरिक नृत्य, संगीत और नाटक की अद्वितीय प्रस्तुतियां दीं, जिनमें बच्चों की कलात्मकता और उनकी सृजनात्मकता की झलक देखने को मिली।

इस भव्य आयोजन के दौरान वर्ष 2024 के बोर्ड टॉपर्स का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। इस विशेष मौके पर, मुख्य अतिथि ने बोर्ड टॉपर्स को मोमेंटो और पुरस्कार प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। प्रबंधन निदेशक बी.एल. कुमावत ने इस आयोजन की सफलता के लिए सभी शिक्षकों, छात्रों, और अभिभावकों का आभार जताया।

# आरयूएचएस मेडिकल ऑफिसर भर्ती परीक्षा स्थगित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंसेज (आरयूएचएस) ने मेडिकल ऑफिसर (एमओ) के 1220 पदों पर होने वाली भर्ती परीक्षा को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया है। इस परीक्षा का आयोजन 17 नवंबर को प्रस्तावित था, लेकिन नीट पीजी काउंसलिंग की प्रक्रिया के पूरा नहीं होने के कारण इसे टाल दिया गया है।

आरयूएचएस अधिकारियों के अनुसार, नीट पीजी की काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर कुछ अभ्यर्थियों का चयन एमओ के पद पर होने के बावजूद पीजी में एडमिशन लेने की स्थिति में ज्वाइनिंग नहीं हो पाएगी, जिससे एमओ पद खाली रह सकता है। आरयूएचएस प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि पिछली भर्ती (2021-22) में भी ऐसा हुआ था, जहां पीजी में दाखिला लेने के बाद कुछ सफल अभ्यर्थियों ने मेडिकल ऑफिसर के पद पर ज्वाइनिंग नहीं दी थी, जिससे पद रिक्त रहे। इस स्थिति के चलते कुछ मामले अदालत तक भी पहुंच गए थे। इसे देखते हुए प्रशासन ने यह फैसला लिया है कि नीट पीजी की काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी होने तक इस भर्ती परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि आरयूएचएस ने कुछ महीने पहले ही एमओ के 1220 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। आरयूएचएस ने उम्मीदवारों को सूचित किया है कि परीक्षा की नई तिथि का ऐलान नीट पीजी काउंसलिंग की समाप्ति के बाद किया जाएगा, ताकि चयन प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी योग्य उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग दी जा सके।

# गुर्दा व कैंसर रोगी बच्चों के लिए की एनिमेशन मूवी की स्क्रीनिंग

**जयपुर (मसं)।** बाल दिवस के अवसर पर गुरुवार को किडनी पेशेंट्स वेलफेयर सोसायटी ने क्लब महिंद्रा व रोटरी क्लब जयपुर रॉयल के सहयोग से जेके लोन हॉस्पिटल में बाल गुर्दा व कैंसर रोगी बच्चों के साथ एक अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें बच्चों के लिए एनिमेशन मूवी की स्क्रीनिंग की गई। साथ ही कठपुतली व जादूगर शॉ के साथ साथ बच्चों को गिफ्ट बांटे गए।

कार्यक्रम संयोजक हितेश शर्मा ने बताया कि किडनी पेशेंट्स वेलफेयर सोसायटी के सभी सदस्य स्वयं गुर्दा रोग से पीड़ित है। किडनी पेशेंट्स वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य इन बच्चों को उनकी बीमारी से ऊपर उठकर जीवन की खुशियों का अनुभव कराना है। रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3056 के गवर्नर नॉमिनेटेड व बेस्ट कैपिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर अरुण बगड़िया ने कहा कि यह एक अनोखा प्रयास था जो न केवल गंभीर बीमारियों से जूझते इन बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाया, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी दिया कि हमारे समाज में ऐसे लोग भी हैं जो दूसरों की खुशी के लिए काम करते हैं। कार्यक्रम में क्लब महिंद्रा जयपुर का समस्त स्टाफ व रोटरी क्लब जयपुर रॉयल के सदस्य सियाराम शर्मा, इंदर कुमावत, आशीष आनंद, आदेश कानूनगो, विजय राजोरिया, मोनिका माथुर आदि मौजूद रहे।



# अभिभाषक संघ के चुनाव नहीं कराने पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जयपुर (मसं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालत के आदेश और संघ के संविधान में प्रावधान होने के बावजूद भी कोटा अभिभाषक संघ के वार्षिक चुनाव आगामी 13 दिसंबर को नहीं कराने पर बार कौंसिल ऑफ राजस्थान और अभिभाषक संघ कोटा, को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश कृपा शंकर व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता सुनील समदडिया ने अदालत को बताया कि अभिभाषक संघ के संविधान के अनुसार संघ की कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव होंगे। वहीं हाईकोर्ट ने 24 अगस्त, 2023 को आदेश जारी कर प्रदेश की हर बार एसोसिएशन के चुनाव दिसंबर माह के दूसरे शुक्रवार को करने के निर्देश दे रखे हैं। याचिका में बताया गया कि कोटा अभिभाषक संघ के वार्षिक चुनाव गत वर्ष दिसंबर माह में हुए थे। ऐसे में संघ के संविधान और अदालती आदेश की पालना में इस साल अन्य बार एसोसिएशनों की तरह कोटा अभिभाषक संघ को अपने चुनाव 13 दिसंबर को कराने थे। इसके बावजूद संघ ने गत 29 जून को आम बैठक में निर्णय लेना बताकर मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल बढ़ा लिया। यह कार्यकाल बढाने का आधार वकीलों के कल्याण और कोर्ट बिल्डिंग के लिए भूमि आवंटन बताया गया। याचिका में कहा गया कि इस आम बैठक में ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया था और कार्यकारिणी का कार्यकाल बढाने का निर्णय संविधान के खिलाफ है। याचिकाकर्ता की ओर से बार कौंसिल ऑफ राजस्थान को पत्र लिखकर अभिभाषक संघ की मनमानी करने की शिकायत की गई, लेकिन कौंसिल ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। ऐसे में कोटा अभिभाषक संघ को 13 दिसंबर को वार्षिक चुनाव कराने के निर्देश दिए जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित पदाधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# सीएम ने गुरुनानक देव के जन्मोत्सव पर प्रदेश वासियों को दी बधाई

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा ने गुरुनानक जयन्ती पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सीएम शर्मा ने कहा कि गुरुनानक देव जी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों और आडम्बरों के विरुद्ध अलख जगाई तथा सभी को प्रेम और सद्भाव के साथ रहने का मार्ग दिखाया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे गुरुनानक देव जी की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए समाज में करुणा, प्रेम व बन्धुत्व के आदर्शों को सशक्त करने में अपना योगदान दें, जिससे देश व प्रदेश उन्नति के नए शिखर छू सके।

## बिरसा मुंडा जयन्ती और जनजातीय गौरव दिवस पर दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती तथा जनजातीय गौरव दिवस की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सीएम शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में आदिवासी समुदायों का विशेष स्थान है। भगवान बिरसा मुंडा ने मातृभूमि की रक्षा और प्राकृतिक संपदा को शोषण से बचाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन व खनिज संपदा के संरक्षण में आदिवासी समाज का बड़ा योगदान है। ग्लोबल वार्मिंग व जलवायु परिवर्तन के दौर में आज सभी को आदिवासी समाज की जीवन शैली से प्रेरणा लेनी चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों के सशक्तकरण व उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

सीएम भजनलाल शर्मा जनजातीय गौरव दिवस को बांसवाड़ा में मनाएंगे। इसके लिए वे शुक्रवार को बांसवाड़ा जाएंगे। वहां पर इस उत्सव को मनाने के बाद में वे महाराष्ट्र में प्रचार के लिए उदयपुर से ही रवाना हो जाएंगे। सीएम पुणे के समीप पिंपरी-चिंचवाड़ के देहात इलाके में जनसभा को संबोधित करेंगे ।

## मणिपुर के छह इलाकों में आर्म्ड फोर्सेस स्पेशल प्रोटेक्शन एक्ट फिर से लागू



महानगर संवाददाता

**इंफाल।** मणिपुर के 5 जिलों के 6 थानों में फिर से आर्म्ड फोर्सेस स्पेशल प्रोटेक्शन एक्ट लागू कर दिया गया है। यह 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगा। गृह मंत्रालय ने गुरुवार को इसका आदेश जारी किया। मंत्रालय ने कहा कि इन इलाकों में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के चलते फैसला लिया गया। इस एक्ट के लागू होने से सेना और अर्ध-सैनिक बल इन इलाकों में कभी भी किसी को भी पूछताछ के लिए हिरासत में ले सकते हैं। गृह मंत्रालय के इस आदेश में इम्फाल पश्चिम जिले का सेकमई व लमसांग, इम्फाल पूर्व जिले का लाम्लाई, जिरिबाम जिले का जिरिबाम, कांगपोकपी का लेइमाखोंग और बिष्णुपुर जिले का मोइरंग थाना शामिल है। अब राज्य के 13 इलाकों में यह एक्ट लागू नहीं केंद्र सरकार के इस आदेश के बाद अब राज्य के 13 इलाके ही इस एक्ट से बाहर हैं।

**एक्ट में बिना वारंट गिरफ्तारी का अधिकार:** इस एक्ट को केवल अशांत क्षेत्रों में लागू किया जाता है। इन जगहों पर सुरक्षाबल बिना वारंट के किसी को भी गिरफ्तार कर सकते हैं। कई मामलों में बल प्रयोग भी हो सकता है। पूर्वोत्तर में सुरक्षाबलों की सहूलियत के लिए 11 सितंबर 1958 को यह कानून पास किया गया था। साल 1989 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने पर यहां भी 1990 में यह एक्ट लागू कर दिया गया। अशांत क्षेत्र कौन-कौन से होंगे, ये भी केंद्र सरकार ही तय करती है।

## ईडी की महाराष्ट्र और गुजरात में 23 जगहों पर छापेमारी




महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को मालेगांव के व्यापारी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच के तहत महाराष्ट्र और गुजरात में कई जगहों पर छापेमारी की। ईडी का दावा है कि व्यापारी ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का लेन-देन करने के लिए कई लोगों के बैंक खातों का दुरुपयोग किया है। पीएमएलए के तहत हो रही इस कार्रवाई में महाराष्ट्र के मालेगांव, नासिक और मुंबई में और गुजरात के अहमदाबाद-सूरत में कुल 23 परिसरों की तलाशी ली जा रही है।

छापेमारी महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 2,500 से ज्यादा लेन-देन और करीब 170 बैंक शाखाएं जांच के दायरे में हैं। इन खातों से या तो पैसा जमा किया गया या निकाला गया है। मामला मालेगांव में व्यापारी सिराज अहमद हारुन मेमन के खिलाफ पुलिस में दर्ज की गई एफआईआर से जुड़ा है। शिकायतकर्ता वह व्यक्ति है, जिसके बैंक खाते से अवैध लेनदेन किया गया था। आरोप है कि बैंक अकाउंट का इस्तेमाल चुनावी फंडिंग और वोट जिहाद के लिए किया गया था।

### बेहद गंभीर स्तर पर पहुंची दिल्ली की एयर क्वालिटी, सांस लेना हुआ मुश्किल, ऑनलाइन होगी कक्षा पांच तक की पढ़ाई

# राजधानी में एनसीआर राज्यों से आने वाली बसों पर बैन

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एयर क्वालिटी गुरुवार को बेहद गंभीर स्तर पर पहुंच गई। इसके बाद दिल्ली सरकार ने सभी प्राइमरी स्कूलों को अगले आदेश तक ऑनलाइन चलाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) ने एनसीआर यानी हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राज्यस्थान से आने वाली बसों पर रोक लगा दी। हालांकि इलेक्ट्रिक वाहनों, सीएनजी और बीएस-4 डीजल बसों को इससे छूट मिलेगी। राजधानी दिल्ली में गुरुवार को सीजन में पहली बार एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 424 दर्ज किया गया। ये बुधवार के मुकाबले छह सूचकांक ज्यादा है। इससे हवा में सांस लेना और मुश्किल हो गया। जहांगीरपुरी में कुछ समय के लिए एक्यूआई 567 दर्ज किया गया।

### राज्य सरकार ने कहा था- हम प्रतिबंध नहीं लगाएंगे

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार सुबह ही कहा था कि ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान-3 के प्रतिबंध लागू नहीं किए जाएंगे। दिल्ली में गुरुवार सुबह 6 बजे 31 इलाकों में प्रदूषण बेहद खराब श्रेणी से गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। सबसे ज्यादा एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 567 जहांगीरपुरी में दर्ज किया गया। वेबसाइट फ्लाइटट्रेडर 24 के मुताबिक धुंध (स्मॉग) के चलते दिल्ली एयरपोर्ट पर 300 से ज्यादा फ्लाइट्स में देरी हुई। फ्लाइट अराइवल में 17 मिनट, वहीं डिपार्टर में 54 मिनट की देरी हुई। भारी कोहरे की वजह से गुरुवार को आईजीआई एयरपोर्ट पर 10 फ्लाइट डायवर्ट की गई थीं।

### आने वाले दिनों में इन राज्यों में छाएगा बहुत घना कोहरा

उत्तर प्रदेश और पंजाब में शुक्रवार तक, हिमाचल में 18 नवंबर तक रात सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाएगा। हरियाणा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, झारखंड में 16 नवंबर तक धुंध छाने की संभावना है। महाराष्ट्र के विदर्भ में गुरुवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### दिल्ली में 69 फीसदी परिवार प्रदूषण से प्रभावित : सर्वे

जानकारी के मुताबिक प्राइवेट एजेंसी लोकल सर्कल के सर्वे में दावा किया गया कि दिल्ली-एनसीआर में 69 फीसदी परिवार प्रदूषण से प्रभावित हैं। गुरुवार को जारी की गई इस सर्वे रिपोर्ट में 21 हजार लोगों के जवाब थे। इसमें सामने आया कि दिल्ली-एनसीआर में 62 फीसदी परिवारों में से कम से कम एक सदस्य की आंखों में जलन है। वहीं, 46 फीसदी फैमिली में किसी न किसी मेंबर को जुकाम या सांस लेने में तकलीफ और 31 फीसदी परिवार में एक सदस्य को अस्थमा रोग की परेशानी है।

### दिल्ली में निर्माण, खनन और तोड़फोड़ पर प्रतिबंध

राज्य सरकार ने दिल्ली में निर्माण, खनन और तोड़फोड़ पर प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद व गौतम बुद्धनगर में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहन भी नहीं चलेंगे। इसके अलावा मशीन से सड़कों की सफाई की फ्रिक्वेंसी बढ़ाने और हैवी ट्रैफिक वाले रूट पर पीक आवर से पहले पानी का छिड़काव करने जैसे उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। ये सभी प्रतिबंध और उपाय शुक्रवार सुबह 8 बजे से लागू होंगे। इन्हें ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तीसरे फेज के तहत लागू किया जा रहा है।

# 'कांग्रेस के समय देशभर में होती थीं आतंकी घटनाएं, अब खुद डरे हुए आतंक के आका'

### पीएम मोदी ने महाराष्ट्र में कीं तीन रैलियां, कहा- महायुति में ही महाराष्ट्र की तरक्की

महानगर संवाददाता

**मुंबई।** विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को महाराष्ट्र में तीन रैलियां की। पहली रैली छत्रपति संभाजीनगर में, दूसरी रैली पनवेल और तीसरी मुंबई में की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र का ये चुनाव सिर्फ नई सरकार चुनने का ही चुनाव नहीं है। संभाजीनगर में उन्होंने कहा कि इस चुनाव में एक तरफ संभाजी महाराज को मानने वाले देशभक्त हैं और दूसरी ओर औरंगजेब के गुणगान करने वाले लोग हैं। कुछ लोगों को छत्रपति संभाजी के कातिलों में मसीहा नजर आता है। वहीं, मुंबई में उन्होंने कहा कि इस शहर ने लंबे समय तक आतंकवाद का दर्द सहा है। आतंकी हमलों से मिले जख्मों को लोग अब तक भूले नहीं हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों में लोगों के मन में सुरक्षा का भाव आया है। आपको सोचना है कि क्यों कांग्रेस सरकार के समय मुंबई समेत देशभर में आतंकी घटनाएं होती रहती थी। हर जगह आपको लावारिस वस्तुओं का डर दिखाया जाता था, लेकिन अब ये सब बंद हो गया है। क्योंकि अब आतंक के आकाओं को पता है कि भारत के खिलाफ, मुंबई के खिलाफ कुछ किया तो मोदी उन्हें पाताल में भी नहीं छोड़ेगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सभी 288 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 20 नवंबर को वोटिंग है, इसके नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।



### 'देश की उपलब्धि की बात हो तो देश को पार्टी से आगे रखना चाहिए'

मुंबई की रैली में पीएम ने कहा कि महाअघाड़ी के लोग तुष्टिकरण के गुलाम हो चुके हैं। ये वो अघाड़ी है, जो राम मंदिर का विरोध करती है, जो वोट पाने के लिए भगवा आतंकवाद का शब्द गढ़ते हैं, जो आए दिन वीर सावरकर का अपमान करते हैं, जो कश्मीर में 370 की वापसी के लिए प्रस्ताव पारित करते हैं। राजनीति में एक दूसरे पर वार पलटवार करना समझ में आता है, लेकिन जब बात देश की उपलब्धि की हो, तो हर राजनीतिक दल का कर्तव्य है कि वह देश को अपने दल से ऊपर रखे। भाजपा और महायुति का ये मंत्र है, ये नीति है, ये हमारी वृत्ति भी है और प्रवृत्ति भी है।

### 'कांग्रेस ने मुंबई की ग्रोथ नजरअंदाज की, हम पूरे करेंगे मुंबई के सपने'

पीएम ने कहा कि मुंबई सपनों का शहर है, तो महायुति सपनों को पूरा करने वाला गठबंधन है। आज हर मुंबईकर देख सकता है कि हम कितने बड़े स्केल पर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारे देश में आजादी के बाद दशकों तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार रही, यहां भी दशकों तक कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन मुंबई को लेकर इन्होंने आगे की प्लानिंग करने की परवाह ही नहीं की। नतीजा ये हुआ कि मुंबई लगातार पिछड़ती चली गई।

### 'अघाड़ी वाले आपको बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाएंगे'

पीएम मोदी ने कहा कि अघाड़ी वालों ने महाराष्ट्र की परेशानियों को बढ़ाने के अलावा कोई काम नहीं किया है। मराठवाड़ा में लंबे समय से पानी का संकट रहा है, लेकिन कांग्रेस और अघाड़ी वाले हमेशा हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। हमारी सरकार में पहली बार सूखे के खिलाफ ठोस प्रयास शुरू हुए। ये अघाड़ी वाले आपको बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाएंगे। आपसे अनुरोध है कि इन अघाड़ी वालों को घुसने ही मत देना।

### 'जातियों में बांटकर सत्ता में आने की राह तलाश रही कांग्रेस'

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सोच रही है कि ओबीसी जातियों में बंटेगा तो उसकी ताकत कम हो जाएगी और जब समाज की ताकत कम हो जाएगी तो कांग्रेस को बैठे-बैठे ही फायदा मिल जाएगा। यहीं से कांग्रेस सत्ता में वापसी की तलाश कर रही है। अगर कांग्रेस को सरकार में आने का मौका मिला तो एससी, एसटी व ओबीसी का आरक्षण रोक देगी। इसलिए हमें जागरूक रहकर एकता की ताकत को बढ़ाना है।

### 'विकास के साथ विरासत भी संभाल रही महाराष्ट्र सरकार'

पीएम ने कहा कि महाराष्ट्र में विकास के महायज्ञ के साथ ही हमारी सरकार विरासत का अनुष्ठान भी कर रही है। भगवान विट्ठल के भक्तों की सुविधा के लिए हमने पालकी महामार्ग का निर्माण करवाया है। महाराष्ट्र और मराठवाड़ा के लोग दशकों से मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा देने की मांग कर रहे थे। मराठा गौरव से जुड़ा ये काम भी भाजपा ने ही पूरा किया है।

## मुझे हटाने के लिए भाजपा ने कांग्रेस विधायकों को की 50-50 करोड़ की पेशकश : सिद्धारमैया

महानगर संवाददाता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आरोप लगाया कि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार को हटाने के लिए 50 कांग्रेस विधायकों को 50-50 करोड़ रुपए की पेशकश की थी। मुख्यमंत्री ने मैसूर में टी नरसीपुरा विधानसभा क्षेत्र में 470 करोड़ रुपए की लागत वाली एक सार्वजनिक निर्माण परियोजना का उद्घाटन करने के बाद यह आरोप लगाया। सिद्धारमैया के अनुसार भाजपा ने उन पर और उनकी सरकार पर झूठे आरोप लगाए, क्योंकि कांग्रेस विधायकों को खरीदने की उनकी योजना नाकाम हो गई।



**'यह पैसा कहां से आ रहा है':** सीएम ने कहा कि इस बार भाजपा ने मेरी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की। उसने प्रत्येक विधायक को 50 करोड़ की पेशकश की। यह पैसा कहां से आ रहा है? क्या बीएस येदियुरप्पा और बसवराज नोट छाप रहे हैं? पैसा कहां से आ रहा है? उन्होंने कहा कि यह रिश्वत का पैसा है और उनके पास करोड़ों रुपए हैं और वे इसका इस्तेमाल विधायकों को खरीदने के लिए करते हैं। हमारे विधायक सहमत नहीं हुए, इसलिए उन्होंने मुझे बदनाम और हटाने की कोशिश करना शुरू कर दिया।

**सीबीआई-ईडी का दुरुपयोग:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सीबीआई, ईडी, आईटी और राज्यपाल का दुरुपयोग करके खेल खेल रहे हैं? अरविंद केजरीवाल के साथ ऐसा हुआ, अब मुझे और मेरी पत्नी को निशाना बनाया जा रहा है। क्या आप मुझे और मेरी पत्नी को झूठे मामले में घसीट रहे हैं?

## ग्लोबल

# खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला के प्रत्यर्पण की मांग करेगा भारत

### पिछले महीने कनाडा ने किया था गिरफ्तार, भारत ने साल 2023 में घोषित किया था आतंकी

ओटावा

खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला को कनाडा से वापस लाने के लिए भारत सरकार तैयारियों में जुट गई है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बयान जारी कर बताया कि भारतीय एजेंसिया कनाडा से डल्ला के प्रत्यपर्ण की मांग करेंगी। मंत्रालय ने बयान में कहा कि हमें उम्मीद हैं कनाडा उसे भारत को सौंपेगा। डल्ला फिलहाल कनाडा पुलिस की गिरफ्त में है। उसे 28 अक्टूबर को कनाडा के मिल्टन में एक शूट-आउट के दौरान गिरफ्तार किया था। तब पुलिस ने आरोपियों की पहचान के बारे में कोई जानकारी नहीं दी थी। बाद में सूत्रों से पता चला कि गिरफ्तार किया गया आरोपी अर्श डल्ला ही है। सुनवाई के लिए मामले को कनाडा के ओन्टारियो कोर्ट में लिस्ट किया गया है। डल्ला पर भारत में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। कनाडा में भी वह ऐसी ही गतिविधियों में शामिल है।



### भारत ने साल 2023 में भी की थी गिरफ्तारी की मांग

भारत ने 2023 में कनाडा से डल्ला की गिरफ्तारी की मांग की थी, लेकिन कनाडा सरकार ने उस समय इस मांग को खारिज कर दिया था। इसी दौरान भारत ने जनवरी 2023 में कनाडा को डल्ला के संदिग्ध पते, भारत में उसके ट्रांजेक्शन, उसकी संपत्तियों और मोबाइल नंबरों की जानकारी दी थी। भारत ने पारस्परिक कानूनी सहायता संधि के तहत कनाडा से इन जानकारियों को वेरीफाई करने के लिए कहा था। दिसंबर 2023 में कनाडा के न्याय विभाग ने इस मामले पर भारत से अतिरिक्त जानकारी मांगी थी। भारत ने इसका जवाब इस मार्च में दिया था।

### 50 से ज्यादा मामलों में नामजद है आतंकी डल्ला

अर्श खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर का करीबी है और भारत में इस पर 50 से ज्यादा मामले चल रहे हैं। इनमें हत्या, हत्या की कोशिश, जबरन वसूली, आतंकी गतिविधियां और टेरर फंडिंग शामिल है। मई 2022 में भारत सरकार ने अर्श डल्ला के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। इसके बाद साल 2023 में उसे आतंकी घोषित कर दिया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए अर्श पंजाब से फरार होकर कनाडा चला गया और वहीं से अपनी गतिविधियों को अंजाम देने लगा। भारत की एजेंसियां लंबे समय से डल्ला को पकड़ने की कोशिश कर रही हैं।

## ब्रिटेन में पाकिस्तानी मूल के ड्राइवर ने की बेटी की हत्या

लंदन

लंदन में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के एक ब्रिटिश टैक्सी ड्राइवर ने बेटी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपी पिता का नाम उर्फान शरीफ है। लंदन में ट्रायल के दौरान उर्फान ने हत्या के आरोपों को कबूल कर लिया। उस पर 10 वर्षीय बेटी सारा की हत्या का आरोप था। सारा की लाश 10 अगस्त 2023 को साउथ-वेस्ट लंदन के वॉकिंग में घर के बिस्तर पर मिली थी। हत्या के बाद 42 वर्षीय टैक्सी ड्राइवर उर्फान अपनी पत्नी बेइनाश बतूल, लड़की के चाचा फैजल मलिक और 5 बच्चों के साथ पाकिस्तान भाग गए थे। इस्लामाबाद जाकर उन्होंने लंदन पुलिस को फोन किया और कहा कि उन्होंने अपनी बेटी को बहुत पीटा है। इसके बाद लंदन पुलिस जांच के लिए घर पहुंची तो लड़की को मृत पाया। लड़की के पास से पुलिस को एक नोट भी मिला था।

## व्हाइट हाउस में नहीं, न्यूयॉर्क में ही बेटे के साथ रहेंगी मेलानिया ट्रम्प

वाशिंगटन

डोनाल्ड ट्रम्प 20 जनवरी को राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेकर अमेरिका की सत्ता संभालेंगे। उसके बाद वे काम-काज के लिए व्हाइट हाउस में आकर रहेंगे, लेकिन उनकी पत्नी मेलानिया ट्रम्प की बतौर फर्स्ट लेडी व्हाइट हाउस में रहने की संभावना कम है। वे ज्यादातर समय न्यूयॉर्क में बिताएंगी, जहां वे अपने बेटे के साथ रहेंगी। इसके अलावा पिछले 4 सालों में उन्होंने फ्लोरिडा में नए दोस्त बनाए हैं, इसलिए संभावना है कि कुछ समय वे फ्लोरिडा में भी बिताएंगी। हालांकि मेलानिया बतौर फर्स्ट लेडी जरूरी काम-काज में शामिल होगी। वे मुख्य आयोजनों में भी दिखाई देंगी। राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद डोनाल्ड ट्रम्प व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति बाइडेन से मिलने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ पत्नी मेलानिया ट्रम्प नहीं गईं। इस बैठक के लिए जो बाइडेन और फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन ने ट्रम्प और मेलानिया को न्योता भेजा था।



# बांग्लादेश में संविधान से धर्मनिरपेक्ष शब्द हटाने की मांग

### अंतरिम सरकार के अटॉर्नी जनरल ने रखा प्रस्ताव, मुजीबुर्रहमान का राष्ट्रपिता का दर्जा हटाने के लिए कहा

ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार संविधान से सेक्युलर शब्द हटा सकती है। अंतरिम सरकार में अटॉर्नी जनरल मोहम्मद असाज्जमान ने इसके लिए हाईकोर्ट में प्रस्ताव रखा। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस प्रस्ताव में संविधान से सेक्युलर (धर्मनिरपेक्ष) और सोशलिज्म (समाजवाद) शब्द हटाने की मांग की गई। इसके अलावा अटॉर्नी जनरल ने संविधान से आर्टिकल 7ए खत्म करने के लिए भी कहा है।

इस आर्टिकल के तहत बांग्लादेश में गैर-संवैधानिक तरीके से सत्ता परिवर्तन करने पर मौत की सजा का प्रावधान है। साथ ही असाज्जमान ने कोर्ट से मुजीबुर्रहमान को बांग्लादेश के राष्ट्रपिता का दर्जा देने वाले प्रावधान को हटाने के लिए कहा है। दरअसल ढाका हाईकोर्ट में बुधवार को एक रिट याचिका पर सुनवाई हो रही थी। इस रिट याचिका को कई लोगों ने एक साथ मिलकर दायर किया था। इसमें शेख हसीना की सरकार द्वारा 2011 में किए गए 15वें संविधान संशोधन की वैधता को चुनौती दी गई थी।

### कोर्ट बोला- अपना रुख साफ करे अंतरिम सरकार

अटॉर्नी जनरल के प्रस्तावों पर कोर्ट ने अंतरिम सरकार से अपना रुख साफ करने के लिए कहा है। इस पूरे मामले पर ढाका हाईकोर्ट की 2 जजों की बैंच सुनवाई कर रही थी। इस याचिका पर सुनवाई के लिए कई वकीलों ने खुद को पक्षकार बनाया। इनमें कई याचिका के समर्थन में कर रहे थे और कुछ इसका विरोध कर रहे थे। सुनवाई को दौरान कोर्ट में शेख मुजीबुर्रहमान पर बात करते हुए असाज्जमान ने कहा कि वे निश्चित तौर पर बांग्लादेश के निर्विवाद नेता थे, लेकिन अवामी लीग (शेख हसीना की पार्टी) ने उन्हें अपने हितों के लिए राजनीति में घसीटा। अगस्त में शेख हसीना सरकार के गिरने के बाद तत्कालीन अटॉर्नी जनरल को इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद असाज्जमान को अंतरिम सरकार में अटॉर्नी जनरल बनाया गया था।



**क्या है 15वां संशोधन:** शेख हसीना की अवामी लीग सरकार ने 2011 में 15वां संविधान संशोधन पारित किया था। इसके तहत संविधान में बड़े पैमाने पर बदलाव किए गए थे। इसके तहत कई प्रावधानों को बहाल, संशोधित और हटाया गया था।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook
YouTube
twitter



छोटे शहरों के स्टार्टअप्स को मिलेगा नया अवसर

# राइजिंग राजस्थान और इनोवहर स्टार्टअप एक्सीलरेटर के बीच एमओयू

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** जयपुर। जयपुर के अग्रणी स्टार्टअप एक्सीलरेटर इनोवहर ने आगामी राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग का उद्देश्य राजस्थान के टियर 2 और टियर 3 शहरों से आने वाले स्टार्टअप्स को अभूतपूर्व सहायता, संसाधन और नेटवर्किंग प्लेटफार्म प्रदान करना है।

महिला उद्यमियों की एक मजबूत टीम द्वारा संचालित इनोवहर, राजस्थान के उद्यमिता क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इनोवहर की निदेशक डॉ. श्वेता चौधरी के नेतृत्व में, एक्सीलरेटर ने अगले पांच महीनों में 15 करोड़ रुपए के निवेश के माध्यम से छोटे शहरों के स्टार्टअप्स का सहयोग करने का वादा किया है।

डॉ. चौधरी ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के साथ यह एमओयू इनोवहर के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य टियर 2 और टियर 3 शहरों के स्टार्टअप्स को उन संसाधनों, मार्गदर्शन और रणनीतिक सहयोग तक पहुंच प्रदान करना है जो बेंगलुरु और मुंबई जैसे बड़े हब में उपलब्ध हैं।



## मार्केट रणनीति और वित्तीय सलाह पर विशेष ध्यान

इनोवहर देशभर के विशेषज्ञों और सलाहकारों के मजबूत नेटवर्क के साथ काम करेगा, ताकि स्टार्टअप्स को गो-टू-मार्केट रणनीति, अनुपालन आवश्यकताओं और वित्तीय सलाह में मदद मिल सके। राइजिंग राजस्थान के साथ इस साझेदारी से स्थानीय स्टार्टअप्स को उभरने और निवेश आकर्षित करने का एक सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र मिलेगा।

## राज्य की आर्थिक प्रगति पर प्रभाव

यह सहयोग राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के उस दृष्टिकोण के साथ मेल खाता है, जो राजस्थान को निवेश और नवाचार के लिए एक प्रमुख गंतव्य बनाने का लक्ष्य रखता है। इस साझेदारी से स्थानीय उद्यमियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे राज्य की आर्थिक वृद्धि में तेजी आएगी।

संक्षिप्त समाचार

# 2024 अब तक का सबसे छोटा में ब्लैक फ्राइडे बनने जा रहा है : गोडैडी अध्ययन

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** इस साल उपभोक्ता सिर्फ अपने दोस्तों और परिवार के लोगों को ही नहीं, बल्कि छोटे व्यवसायों को भी दान देने के मूड में हैं। गोडैडी के एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, 86 फीसदी भारतीय खरीदार ब्लैक फ्राइडे और इस साल के छुट्टियों के मौसम के दौरान छोटे व्यवसायों को समर्थन देने के लिए ज्यादा भुगतान करने को तैयार हैं (वैश्विक औसत 72 फीसदी की तुलना में) और उनमें से 23 फीसदी ऐसा करने के लिए 15 प्रतिशत तक ज्यादा खर्च करने को तैयार हैं, जबकि मुद्रास्फीति उपभोक्ता खर्च पर एक मजबूत प्रभाव डाल सकती है, भारतीय आशावादी बने हुए हैं।

गोडैडी सर्वेक्षण के अनुसार, 35 फीसदी भारतीय उपभोक्ताओं का कहना है कि मुद्रास्फीति उनकी छुट्टियों की खरीदारी को प्रभावित नहीं करेगी, जबकि अतिरिक्त 30 फीसदी का कहना है कि मुद्रास्फीति उनके खरीदारी करने के तरीके को प्रभावित करेगी, लेकिन वे पिछले साल के बराबर ही खर्च करने की योजना बना रहे हैं।

### छोटे व्यवसायों के लिए दांव बड़ा है

गोडैडी इंडिया के वरिष्ठ निदेशक मार्केटिंग अपूर्व पलनीटकर के अनुसार ब्लैक फ्राइडे के आस-पास की अवधि भारतीय उपभोक्ताओं की छुट्टियों की खरीदारी के लिए एक महत्वपूर्ण समय साबित हुई है। सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, 62 फीसदी भारतीय दिसंबर से पहले अपनी अधिकांश छुट्टियों की खरीदारी करने की योजना बना रहे हैं। दिसंबर का महीना लोकप्रिय बना हुआ है, इस दौरान 24 फीसदी भारतीय खरीदारी करते हैं और 13 फीसदी ने छुट्टियों के दौरान खरीदारी करने के लिए आखिरी 24 घंटे तक इंतजार करने की बात कही है। गोडैडी छोटे व्यवसायों को छुट्टियों के मौसम में ग्राहकों तक पहुंचने के लिए अपनी मार्केटिंग रणनीतियों को तेजी से लागू करने के लिए सही उपकरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। डिजिटल मार्केटिंग और वेबसाइट बिल्डर जैसे हमारे उत्पाद सोशल मीडिया अभियान और ईमेल मार्केटिंग को आसानी से शुरू करने में मदद करते हैं, जिससे उद्यमी डिजिटल चैनलों की क्षमता का पूरा लाभ उठा सकते हैं और इसे अब तक का सबसे छोटा ब्लैक फ्राइडे बना सकते हैं। भारतीय उपभोक्ताओं की छुट्टियों की खरीदारी की आदतों का यह गोडैडी सर्वेक्षण अक्टूबर 2024 में गोडैडी की ओर से यूगोव द्वारा आयोजित किया गया था। यह सर्वेक्षण 10 देशों-ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, कोलंबिया, जर्मनी, भारत, मैक्सिको, स्पेन, यूनाइटेड किंगडम, यूनाइटेड स्टेट्स में 12,740 प्रतिभागियों के साथ आयोजित किया गया था।

खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमत से लोग परेशान

# चार माह के उच्चतम स्तर पर पहुंची थोक महंगाई

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** अक्टूबर 2024 के थोक महंगाई के आंकड़े जारी हो गए हैं। 12 नवंबर को जारी रिटेल महंगाई ने आरबीआई के दायरे को लांग दिया। अब अक्टूबर में थोक महंगाई ने भी आम जनता को झटका दिया है।

सरकार द्वारा जारी हुए आंकड़े के अनुसार अक्टूबर में डब्ल्यूपीआई 2.36 फीसदी रही। यह चार-महीने के उच्चतम स्तर पर है। खाद्य पदार्थों, हरी सब्जियों और मैन्यूफैक्चर्ड गुड्स की कीमतों में तेजी के कारण इन्फलेशन रेट में तेजी आई। सितंबर 2024 में थोक महंगाई दर 1.84 फीसदी रही। पिछले साल अक्टूबर में थोक महंगाई दर नेगेटिव में 0.26 फीसदी थी।

**क्यों बढ़ी महंगाई:** सरकारी डेटा के अनुसार अक्टूबर में खाद्य पदार्थों की कीमतों में 13.54 फीसदी की तेजी आई, जबकि सितंबर में इसमें 11.53 फीसदी की तेजी आई थी। सब्जियों के दाम भी अक्टूबर में 63.04 फीसदी बढ़ गए, जबकि सितंबर में इनमें 48.73 फीसदी की तेजी आई थी। अक्टूबर में आलू और प्याज की कीमतों में तेजी जारी रही। इन दोनों की कीमतों में क्रमशः 78.73 प्रतिशत और 39.25 प्रतिशत का इजाफा हुआ। फ्यूल और पावर की कीमतों में ज्यादा बढ़त नहीं हुई है। इनमें 5.79 फीसदी की डिफ्लेशन आई, हालांकि अक्टूबर में इनमें 4.05 फीसदी का डिफ्लेशन था। मैन्यूफैक्चर्ड आइटम में अक्टूबर में 1.50 फीसदी का इनफ्लेशन हुआ जो सितंबर महीने से 1 फीसदी ज्यादा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के स्टेटमेंट के अनुसार अक्टूबर महीने में खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी आने के कारण महंगाई बढ़ी है। खाद्य पदार्थों के अलावा अक्टूबर महीने में मैन्यूफैक्चरिंग, मोटर व्हीकल मैन्यूफैक्चरिंग, मशीनरी इक्विपमेंट के विनिर्माण की कीमतों में भी तेजी आई है।

लगातार दो महीने से डब्लयूपीआई में तेजी आई। इस साल जून 2024 में थोक महंगाई दर ने 3.43 फीसदी का आंकड़ा छुआ था।



## आरबीआई के दायरे से बाहर महंगाई

12 नवंबर को जारी हुए खुदरा महंगाई दर में भी तेजी देखने को मिली थी। अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 6.21 फीसदी पहुंच गया था जो 14-महीने के उच्चतम स्तर पर है। यह आरबीआई लेवल से ऊपर है। बढ़ती महंगाई के कारण अब दिसंबर में रेपो रेट में कटौती की उम्मीद कम हो गई है। फरवरी 2023 से रेपो रेट 6.5 फीसदी पर स्थिर है।

# देश का सबसे बड़ा एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म बना रिलायंस-डिज्नी का मर्जर

महानर संवाददाता

**मुंबई।** डिज्नी स्टार इंडिया और रिलायंस का वॉयकॉम-18 अब एक हो गए हैं। इसमें डिज्नी हॉटस्टार और जियो सिनेमा भी शामिल है। इन दोनों कंपनियों ने गुरुवार को इसका ऐलान किया। इस मर्जर के बाद ये देश का सबसे बड़ा एंटरटेनमेंट नेटवर्क बन गया है।

डिज्नी-रिलायंस एंटरटेनमेंट के पास अब 2 ओवर द टॉप यानी, ओटीटी और 120 चैनल के साथ 75 करोड़ दर्शक हो गए हैं। रिलायंस ने इस जॉइंट वेंचर के लिए 11,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। मर्जर की प्रोसेस बीते करीब एक साल से चल रही थी। दोनों कंपनियों ने कहा कि ये डील 70,352 करोड़ रुपए में हुई है। मर्जर के बाद बनी कंपनी में रिलायंस की 63.16 फीसदी और डिज्नी की 36.84 फीसद हिस्सेदारी होगी। इस नई कंपनी की चेयरपर्सन नीता अंबानी होंगी। वाइस चेयरपर्सन उदय शंकर होंगे। ये कंपनी को स्ट्रैटेजिक गाइडेंस देंगे।

### बिजनेस को तीन सीईओ लीड करेंगे

इस जॉइंट वेंचर को तीन सीईओ लीड करेंगे। तीनों ही अलग-अलग वर्टिकल की जिम्मेदारी संभालेंगे। केविन वाज एंटरटेनमेंट ऑर्गनाइजेशन के प्रमुख होंगे। किरण मणि डिजिटल ऑर्गनाइजेशन की जिम्मेदारी संभालेंगे। संजोग गुप्ता स्पोर्ट ऑर्गनाइजेशन को लीड करेंगे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि इस जॉइंट वेंचर के साथ, इंडियन मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री एक ट्रांसफॉर्मेशनल एरा में प्रवेश कर रही है। मैं जॉइंट वेंचर के भविष्य को लेकर बहुत उत्साहित हूं और इसकी कामयाबी की कामना करता हूं।

### जॉइंट वेंचर के पास 2 डिजिटल प्लेटफार्म

इस मेगा मर्जर में डिज्नी स्टार के 80 चैनल और रिलायंस वायकॉम 18 के 40 चैनल जुड़ जाएंगे। यानी, कुल 120 चैनल हो जाएंगे। दोनों के पास ओटीटी ऐप भी है-डिज्नी हॉटस्टार और जियो सिनेमा।वायाकॉम 18 के पास बीसीसीआई मैनेज्ड क्रिकेट मैचों के टीवी अधिकार भी हैं, जबकि डिज्नी स्टार के पास 2027 तक आईपीएल ब्रॉडकास्ट करने के टीवी अधिकार हैं। वहीं रिलायंस के पास उसके ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर आईपीएल दिखाने के अधिकार हैं।

## सेंसेक्स 110 अंक गिरा, निफ्टी 23550 से नीचे

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** भारत में बेंचमार्क शेयर सूचकांक लगातार छठे दिन गिरकर कई महीनों के नए निचले स्तर पर पहुंच गए।

बीएसई सेंसेक्स 110.64 अंक या 0.14 प्रतिशत गिरकर 77,580.31 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 266.14 अंक या 0.34 प्रतिशत गिरकर 77,424.81 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 26.35 अंक अथवा 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,532.70 अंक पर बंद हुआ, जिससे इसकी गिरावट का सिलसिला छठे दिन भी जारी रहा।

**एययूएल- एनटीपीसी फिसले, रिलायंस व कोटक महिंद्रा बैंक चढ़े :** सेंसेक्स के 30 शेयरों वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, नेस्ले, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, अडानी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स और बजाज फिनसर्व प्रमुख रूप से पिछड़ गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक लाभ में रहे। गुरुवार को सेक्टोरल इंडेक्स मिले-जुले रुख के साथ कारोबार हुआ। निफ्टी बैंक, ऑटो, मीडिया हरे निशान पर रहे, जबकि एफएमसीजी, फार्मा, पीएसयू बैंक लाल निशान पर रहे।

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 2,502.58 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 6,145.24 करोड़ रुपए के शेयरों की खरीदी की।

## 'भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर'

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि भारत अगले पांच वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि और इसके सतत ऊर्जा भविष्य को आगे बढ़ाने में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई) की उल्लेखनीय भूमिका है।

मंत्री पुरी ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के नई दिल्ली में आयोजित 12वें सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (पीएसई) शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत उम्मीद कर रहा है कि अमेरिका और कनाडा जैसे पश्चिमी देशों में कच्चे तेल का ज्यादा उत्पादन होने से बाजार में शांति होगी और कीमतों में स्थिरता आएगी। इससे वे अधिक कमाई कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की कुल संपत्ति में 82 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो वित्त वर्ष 2014 में 9.5 ट्रिलियन रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 17.33 ट्रिलियन रुपए हो गई है। पुरी ने कहा कि उत्पाद शुल्क, करों और लाभांश के जरिए राष्ट्रीय खजाने में सीपीएसई का योगदान दोगुना से अधिक हो गया है, जो वित्त वर्ष 2014 में 2.20 लाख करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 4.58 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

# फ्लिपकार्ट ने इंदौर में खोला फुलफिलमेंट एवं सॉर्टेशन सेंटर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** फ्लिपकार्ट ने इंदौर, मध्य प्रदेश में अत्याधुनिक फुलफिलमेंट एवं सॉर्टेशन सेंटर (एफएससी) खोला है। यह सेंटर 1.59 लाख वर्ग फीट में बना है। इस रणनीतिक निवेश से राज्य में डिलीवरी की गति तेज होगी। स्थानीय स्तर पर 600 से ज्यादा रोजगार सृजित होंगे और राज्य के सभी पिन कोड तक डिलीवरी सर्विस उपलब्ध कराई जाएगी।

लॉन्चिंग के मौके पर सांसद शंकर लालवानी, फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार व अन्य प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे। यह सेंटर मध्य प्रदेश में विस्तार करने के फ्लिपकार्ट के प्रयासों की दिशा में उल्लेखनीय कदम है। इस अवसर पर रजनीश कुमार ने कहा, 'फ्लिपकार्ट पूरे भारत में समावेशी विकास और डिजिटल सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय समुदायों संग हमारे जुड़ाव के साथ-साथ इंदौर, मध्य प्रदेश में नए फुलफिलमेंट सेंटर की लॉन्चिंग सतत विकास को बढ़ावा देने, एमएसएमई को समर्थन देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की हमारी प्रतिबद्धता दिखाती है। स्थानीय समुदायों को जरूरी टूल्स, बाजार तक पहुंच और मजबूत सप्लाई चेन से लैस करते हुए हम उन्हें सतत आजीविका के सृजन में मदद कर रहे हैं और भारत के व्यापक आर्थिक विकास में सक्रियता से भूमिका निभा रहे हैं।' फ्लिपकार्ट लगातार मध्य प्रदेश में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है। इसके प्लेटफॉर्म पर मध्य प्रदेश के 42,000 से ज्यादा सेलर्स जुड़े हैं। मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम और खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के साथ साझेदारी करते हुए फ्लिपकार्ट ने स्थानीय उद्यमों के लिए अपने समर्थन को और भी मजबूती दी है।



खेती

श्रीराम सुपर 1-एसआर -14' और 'श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 गेहूं के बीजों से आया उल्लेखनीय परिवर्तन

# बदलते मौसम में किसानों को मिल रहे बेहतर परिणाम

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** राजस्थान में गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स की ओर से विकसित 'श्रीराम सुपर 1-एसआर -14' और 'श्रीराम सुपर 5-एसआर -05' गेहूं बीजों ने उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए ख्याति प्राप्त की है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 1-एसआर-14 और 5-एसआर-05, इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। इनका दाना बड़ा, कठोर और चमकदार है, साथ ही इनकी गेहूं से बनी चपाती बहुत अच्छी गुणवत्ता की होती है। अपनी इन्हीं विशेषताओं के चलते ये दोनों किस्में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के किसानों की पहली पसंद बन गई हैं। भीलवाड़ा के ऐसे ही एक अनुभवी किसान मनीष सुखवाल ने पिछले साल अपने खेत में श्रीराम सुपर 1-एसआर -14 गेहूं बीज की बुआई की थी। उनका कहना है कि इसमें मजबूत तना, गहरी जड़ें, लंबी बालियां और 70-75 दाने प्रति बाली होते हैं। इसमें उन्हें फसल गिरने की कोई शिकायत देखने नहीं मिली। अन्य किस्म से 4-5 क्विंटल प्रति एकड़ अधिक उपज और अतिरिक्त मुनाफा मिलने की वजह से वे अन्य किसानों को भी श्रीराम सुपर 1-एसआर-14 लगाने की सलाह देते हैं। साथ ही, श्रीराम द्वारा बाजार में उपलब्ध कराई जा रही किस्म श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 से भी किसान बहुत खुश हैं और उत्तम परिणाम प्राप्त कर रहे हैं। अलवर के किसान देवी सहाय सैनी को श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 में लंबी और मोटी बालियां, चमकदार सुनहरे और अधिक दाने मिले और किसी भी प्रकार की बीमारियों की समस्या नहीं आई। 14-15 मजबूत कल्लों के कारण इसमें गिरने की भी शिकायत नहीं हुई और यह अधिक तापमान में भी अच्छा प्रदर्शन करता है।



## श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के अन्य उत्पाद

अगले साल वे अपने पूरे खेत में श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 बीज ही लगाने का विचार कर रहे हैं। श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 और 1-एसआर -14 गेहूं बीज के साथ-साथ, श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के अन्य उत्पाद भी पिछले कुछ सालों से अपनी शानदार परफॉर्मेंस के चलते किसानों में बेहद लोकप्रिय हो गए हैं।

## एसएंडपी का अनुमान, भारतीय अर्थव्यवस्था में 2026-27 तक हो सकती है अच्छी ग्रोथ

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारतीय अर्थव्यवस्था के मार्च 2027 तक तीन वित्त वर्षों में सालाना 6.5-7 प्रतिशत के बीच बढ़ने का गुरुवार को अनुमान लगाया। बुनियादी ढांचे पर खर्च और निजी खपत से वृद्धि को गति मिलना इसकी मुख्य वजह रहेगी। अपनी वैश्विक बैंक परिदृश्य रिपोर्ट में एसएंडपी ने कहा कि अच्छी आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता को समर्थन देना जारी रखेंगी, जबकि स्वस्थ कॉर्पोरेट बही-खाते, सख्त 'अंडरराइटिंग' मानक और बेहतर जोखिम प्रबंधन प्रथाएं परिसंपत्ति गुणवत्ता को और स्थिर करेंगी। एसएंडपी ने कहा, '' भारत का बुनियादी ढांचा व्यय और निजी खपत मजबूत आर्थिक वृद्धि को समर्थन देगा। हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-2027 (31 मार्च को समाप्त होने वाला वर्ष) में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना 6.5-7.0 प्रतिशत की वृद्धि होगी। भारत की अच्छी आर्थिक वृद्धि संभावनाएं बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता का समर्थन करना जारी रखेंगी।''भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो 2023-24 के 8.2 प्रतिशत से कम है।

मधुमेह दिवस पर हुई विशेष चर्चा

# दृष्टिहीनता का मुख्य कारण है मधुमेह : डॉ. जांगिड़

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** जांगिड़ अस्पताल में मधुमेह दिवस पर विशेष चर्चा करते हुए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दयाशंकर जांगिड़ व आंखों के अधिकाधिक शिविर लगाने वाले संयोजक ने बताया कि मधुमेह की वजह से आंखों पर भी बहुत दुष्प्रभाव पड़ते हैं। मधुमेह के रोगी को समय से पहले मोतियाबिंद व काला मोतिया हो जाता है, यह अंधत्व का सबसे बड़ा कारण है। मधुमेह के रोगियों में यह दोनों बीमारियां ज्यादा देखी जातीं। इसके अलावा डायबिटिक रेटिनोपैथी भी आंखों का पर्दा खराब कर देती है और मनुष्य को अंधा बना देती है। इसका इलाज भी विशेष नहीं है। मोतियाबिंद का ऑपरेशन तो सरल है, सस्ता है और आंखें ऑपरेशन के बाद सही हो जाती हैं, लेकिन काला मोतिया में आंख की पूरी रोशनी नहीं आती। उन्होंने बताया कि वे अब तक करीब 211 निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगा चुके हैं।

# गुरु नानक के प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभात फेरी, मुख्य समारोह आज

महानगर संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** गुरुद्वारा सिंह सभा की ओर से मनाए जा रहे श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुवार प्रातः गुरुद्वारा सिंह सभा से प्रभात फेरी निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस गुरुद्वारा पहुंची। सरदार अर्जुन सिंह ने बताया कि प्रभात फेरी का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस मौके पर हैड ग्रंथी चरण सिंह, सरदार उत्तम सिंह, सरदार जोगिंदर सिंह, सरदार रतन सिंह, हरीश वधवा, संजीव खुराना, लालचंद पंजाबी, महेश पंजाबी, भीमराज पंजाबी, दीनदयाल सतीजा, अरविंद सतीजा, खेमचंद सतीजा, नरेश खुराना, दक्ष वधवा, मानस सतीजा, यश सतीजा, रमेशलाल वधवा, अमरजीत सिंह, अमृत कौर, सोनिया साहनी, जगजीत सिंह सलूजा, मनजीत सिंह सलूजा आदि उपस्थित रहे। बताया गया है कि शुक्रवार प्रातः 6 बजे से प्रकाश गुरु ग्रंथ साहिब, जपजी, सुखमणि साहिब पाठ, चाय का लंगर, 9 बजे आशा दीवार के बाद शब्द कीर्तन एवं प्रवचन, 11 बजे आरती और अरदास और 11.30 से 3 बजे तक गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया जाएगा।

# गुरु नानक देव जयंती पर निकाली प्रभात फेरी



महानगर संवाददाता

**सीकर।** शेखपुरा मोहल्ला स्थित सिंधी कॉलोनी में गुरुवार को गुरुद्वारे में सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। महिला मंडल की उपाध्यक्ष ज्योति तनवानी ने बताया कि सिंधी समाज द्वारा गुरुद्वारे में सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। तत्पश्चात शब्द कीर्तन, आरती के साथ निशान चोला बदला गया। इस सेवा कार्य में गोपालदास राजवानी, सेवादार दौलत राम, नौतन दास, श्रीचंद थादानी, सीता हरजानी, कविता थादानी सहित सिंधी समाज के लोग उपस्थित रहे।

# स्वस्थ भारत विकसित भारत की थीम पर हुई मैराथन

**सुजानगढ़ (मसं.)।** सालासर रोड स्थित श्री बालाजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा गुरुवार प्रातः 8.30 बजे सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन से महाविद्यालय परिसर तक मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन को सियाराम बाबा बगीची के महंत श्याम सुंदरदास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। । मैराथन के दौरान विद्यार्थी हाथों में स्वस्थ भारत-विकसित भारत, फिट इंडिया-हिट इंडिया, नो स्मोकिंग के सन्देश और तिरंगा लिए भारत माता की जय, वंदे मातरम के उद्घोष करते नजर आए। मैराथन में प्रथम स्थान पर सहदेव गोधा व ज्योति शर्मा, द्वितीय स्थान पर गोविंद भामू व पूजा दुसाद एवं तृतीय स्थान पर दिनेश कुमार व कुमकुम कंवर रहे। विजयी छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टिकट चैकिंग व अन्य स्टाफ सम्मानित

महानगर संवाददाता



**अजमेर।** गत माह की भांति इस माह भी अक्टूबर 2024 में अजमेर मंडल में विशेष सेवाओं व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टिकट चैकिंग स्टाफ व अन्य वाणिज्य स्टाफ को गुरुवार को मंडल कार्यालय में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बीसीएस चौधरी द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक मोनिका यादव भी उपस्थित रहीं। सम्मानित स्टाफ ने मंडल रेल प्रबंधक आलोक अग्रवाल से भी मुलाकात की। आलोक अग्रवाल ने सम्मानित स्टाफ को बधाई देते हुए आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन को दोहराने की बात कही। टिकट चैकिंग के अलावा विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए।

सम्मानित होने वाले स्टाफ में क्यूआर कोड को बढ़ावा-आशुतोष, पीआरएस-प्रभुसिंह रावत सीसीआरएस ब्यावर, नियंत्रण कार्यालय-आरुषि महावर, टिकट चैकिंग-योगेश सुनारिया व गौरव मिलक डिप्टी सीटीआई अजमेर और पवन कुमार सीनियर सीसीटीसी मारवाड़ जं, पार्सल-मोहित श्रीवास्तव सीसीआरएस आबूरोड, कार्यालय कार्य में दक्षता-सुरेश कपूर, राकेश सीजीएस दौराई और जोताराम देवासी सीनियर टीसी अजमेर शामिल रहे। इस अवसर पर बीसीएस चौधरी ने कहा कि आपकी मेहनत व कर्तव्यनिष्ठा से रेल राजस्व में तो वृद्धि हुई ही, साथ ही यह अन्य रेल कर्मचारियों को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा भी देगा।

## उर्स के दौरान विशेष रेल गाड़ियों के संचालन व व्यवस्थाओं को लेकर हुई बैठक

हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी 813वां वार्षिक ख्वाजा उर्स मेला अजमेर में सभंवतः 27/28 दिसम्बर से 9/10 जनवरी 2025 तक चलेगा। मेले के दौरान विशेष रेल गाड़ियों के चलाने एवं उनके रखरखाव एवं विशेष रेल गाड़ियों की समय सारणी व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर मण्डल रेल कार्यालय अजमेर के सभा कक्ष में वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक जितेंद्र मीणा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रस्तावों एवं सुझाओं पर चर्चा की गई।

उपचुनाव के दौरान मालपुरा एसडीएम को थप्पड़ मारने का मामला

# बाड़मेर-जैसलमेर में अधिकारियों-कर्मचारियों ने की पेन-डाउन हड़ताल

महानगर संवाददाता





**बाड़मेर।** देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव के मतदान के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी की ओर से एसडीएम को थप्पड़ मारने के बाद कर्मचारी और प्रशासनिक अधिकारी आक्रोशित हैं। प्रदेश भर में कार्रवाई करने को लेकर इसका विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है।

बाड़मेर और जैसलमेर में भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने पेन डाउन हड़ताल कर कार्य का बहिष्कार कर दिया। बाड़मेर में एडीएम के नेतृत्व में एसडीएम सहित आरएएस अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी, कानूनगो, मंत्रालय कर्मचारी, पंचायती राज कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर टीना डाबी को ज्ञापन देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

दरअसल, राजस्थान की 7 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान हुए। देवली उनियारा सीट पर मतदान के दौरान मालपुरा एसडीएम अमित चौधरी एरिया मजिस्ट्रेट के तौर पर चुनाव ड्यूटी में कार्यरत थे। विधानसभा के समरता गांव में चुनाव ड्यूटी के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने चुनाव नियमों का उल्लंघन करते हुए मौके पर मौजूद एरिया मजिस्ट्रेट अमित चौधरी को थप्पड़ मार दिया। मौके पर उपस्थित पुलिस कर्मियों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

सोमवार को अधिकारियों और कर्मचारियों के अलग-अलग संगठनों ने बाड़मेर में जिला कलेक्टर टीना डाबी और जैसलमेर में जिला कलेक्टर प्रताप सिंह को मुख्य सचिव राजस्थान के नाम का ज्ञापन सौंपा, जिसमें तत्काल कानूनी और कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

एडीएम राजेंद्रसिंह चांदावत और जैसलमेर एडीएम मुन्नीराम बगड़िया ने कहा कि यह घटनाक्रम राजस्व कार्मिकों एवं चुनाव कार्यक्रम में उपस्थित समस्त कार्मिकों को हतोत्साहित करने वाला है। चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने वाला है। इसको लेकर प्रशासनिक, मंत्रालियक, पंचायती राज सहित सभी कार्मिकों को रोष है। जिले के सभी अलग-अलग अधिकारियों और कर्मचारियों के संगठनों ने पेन डाउन हड़ताल करते हुए कार्य का बहिष्कार कर दिया। जब तक आरोपी प्रत्याशी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, तब हमारा विरोध जारी रहेगा।

# बाल दिवस पर सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील

स्काउट गाइड लालसोट संघ की अभिनव पहल

तेज सिंह का हवाई यात्रा के लिए चयन



महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डोब में गुरुवार को बाल दिवस पर स्काउट गाइड का क्लाइमेट चेंज प्रोजेक्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डोब के स्काउट विद्यार्थियों ने डोब स्थित बालाजी परिसर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और प्रदूषण नहीं फैलाने की ग्रामीणों से अपील की। इस दौरान परिसर में सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन और प्लास्टिक बोतल का निस्तारण किया गया। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर पेपर बैग क्लॉथ बैग का उपयोग करें। इस अवसर पर स्काउट गाइड लालसोट संघ की अभिनव पहल हवाई यात्रा के तहत स्थानीय विद्यालय के छात्र तेज सिंह का चयन किया गया। इस दौरान एडवांस ट्रेनर प्रभुलाल सैनी ने स्काउट विद्यार्थियों को मोटिवेट किया। क्लाइमेट डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर महेंद्र कुमार साहू व्याख्याता ने इस दौरान ऊर्जा संरक्षण, मौसम, जलवायु मिशन लाइफ की जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने बताया कि हवाई यात्रा बीकानेर के लिए 21 से 23 नवम्बर तक प्रस्तावित है।

# योगीराज स्वामी हरिहरानंद त्यागी महाराज की 18वीं पुण्यतिथि मनाई



महानगर संवाददाता

**चाकसू।** योगीराज स्वामी हरिहरानंद त्यागी महाराज समाधि स्थल बैरवा छात्रावास पर बैरवा समाज द्वारा 18वीं पुण्यतिथि पर चादर व पुष्पांजलि अर्पित की गई। बैरवा समाज विकास समिति व छात्रावास चाकसू के मीडिया प्रभारी हरीश बैरवा ने बताया कि महाराज द्वारा समाज उत्थान के लिए किए गए योगदान व समाज उत्थान के लिए शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर बैरवा समाज विकास समिति चाकसू महामंत्री शंकरलाल बैरवा, गिर्राज डूंगरी, महाराज हरिनारायण बैरवा, सुरेश राणावत, हेमराज लालावत, कन्हैयालाल बैरवा, शंकरलाल आदि समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

# बाल दिवस के रूप में मनाया चाचा नेहरू का जन्मदिवस

महानगर संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया गया। संस्था प्रधान राजेश कुमार अंकुर ने विद्यार्थियों को बताया कि यह दिन देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती के रूप में मनाया जाता है। नेहरू जी को बच्चों से बहुत प्यार था और बच्चे उन्हें 'चाचा नेहरू' के नाम से पुकारते थे। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। अशोक कुमार शर्मा ने नेहरू जी के जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला। विद्यालय स्टाफ द्वारा सभी बालकों को टॉफियां बांटी गई।

बच्चों ने बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं/गतिविधियों का आयोजन किया, जिनका संचालन मीरा खर्रा, पूनम पारीक, शिशुपाल सिंह, आशा मीणा, मंगली मीणा, रामनारायण सैनी तथा धनाराम जाट द्वारा किया गया। साहित्य प्रतियोगिता में मनीष (कक्षा-5), अनामिका (कक्षा-8), भूमिका कुमावत (कक्षा-11 एफ) विजेता रहे।

खेलकूद प्रतियोगिता में करण सैनी (कक्षा-5), सौरभ हरिजन (कक्षा- 8), पायल सैनी (कक्षा-11 एफ) विजेता रहे। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अयान खान (कक्षा-4), सुफियान (कक्षा -8), संध्या वर्मा कक्षा (11-सी) विजेता रहे। विद्यालय द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप कॉपी-पेन देकर सम्मानित किया गया।

# गौशाला में दादी परिवार ने भेंट की पानी की दो टंकी



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** दादी परिवार महिला इकाई की ओर से कृष्णा गौशाला में गुरुवार को पानी की दो टंकी, छानी डालने के लिए धामे व बाल्टियां भेट की गई। बिंदु पाटोदिया ने बताया इस गौशाला में एक भी दुधारू गाय नही है। यहां सिर्फ बीमार व दुर्घटनाग्रस्त गाय ही रखी जाती हैं। दादी परिवार ने गोपाष्टमी पर देखा कि यहां काफी चीजों का अभाव है, इस पर दादी परिवार महिला इकाई ने ठाना कि इस इकाई द्वारा हर महीने कुछ ना कुछ गौशाला के जरूरत का सामान दिया जाए। सहयोग करने वाली बिंदु पाटोदिया, ललिता शर्मा, कृष्ण मुरारका, रेखा सेन, पूनम पाटोदिया, राजकुमारी शेखावत, उर्मिला परसरामपुरिया आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

## स्पोर्ट्स

राजस्थान-उत्तराखंड रणजी मैच : भारत शर्मा का डेब्यू मैच में शानदार अर्धशतक

# महिपाल लोमरोर ने लगाया नाबाद तिहरा शतक

महानगर संवाददाता







**जयपुर।** आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत के अनुसार रणजी ट्रॉफी के देहरादून में खेले जा रहे राजस्थान-उत्तराखंड मैच के दूसरे दिन राजस्थान के महिपाल लोमरोर ने शानदार तिहरा शतक लगाया। वहीं राजस्थान के उभरते हुए युवा प्रतिभावान विकेट कीपर-बल्लेबाज भारत शर्मा ने अपने रणजी पदार्पण मैच में अर्धशतक लगाया। मैच के दूसरे दिन महिपाल लोमरोर की मैराथन पारी व भारत शर्मा के अर्धशतकीय पारी की सहायता से राजस्थान ने अपनी पहली पारी 7 विकेट के नुकसान पर 660 रन बनाकर घोषित कर दी। रणजी ट्रॉफी में राजस्थान का उत्तराखण्ड के विरुद्ध यह सर्वोत्तम स्कोर है। महिपाल लोमरोर राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफी में तिहरा शतक लगाने वाले दूसरे खिलाडी हैं। पूर्व में राजस्थान के लिए गगन खोड़ा ने दिलीप ट्रॉफी में सेंट्रल जोन के लिए साउथ जोन के खिलाफ 2000 -01 सत्र में तथा रणजी ट्रॉफी में प्रोफेशनल खिलाडी आकाश चोपड़ा राजस्थान के लिए महाराष्ट्र के विरुद्ध सत्र 2010 -11 में तिहरा शतक लगा चुके हैं।

मैच के दूसरे दिन राजस्थान के अनुभवी बल्लेबाज महिपाल लोमरोर ने लगातार दूसरे रणजी मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए तिहरा शतक लगाया। महिपाल ने 360 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 300 रनों की मैराथन पारी खेली, जिसमें 13 छक्के व 25 चौके शामिल रहे। कार्तिक शर्मा के जल्द पवेलियन लौटने पर अपना पहला रणजी पदार्पण मैच खेल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज भारत शर्मा ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए महिपाल लोमरोर के साथ छठे विकेट के लिए 116 रनों की साझेदारी करते हुए ना केवल टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया, बल्कि अपना रणजी डेब्यू अर्धशतक भी लगाया। भारत शर्मा ने 75 गेंदों पर 8 चौकों की सहायता से 54 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। महिपाल ने सातवें विकेट के लिए दीपक चाहर के साथ 61 रनों की साझेदारी व आठवें विकेट के लिए अजय सिंह कुकना के साथ 118 रनों की अविजित साझेदारी निभाई।

राजस्थान के लिए महिपाल लोमरोर नाबाद 300, कार्तिक शर्मा 113, भारत शर्मा 54, अजय सिंह कुकना नाबाद 40, दीपक चाहर 35, राममोहन चौहान 29, जुबेर अली 26, अभिजीत तोमर 20 व दीपक हुड्डा ने 10 रन का योगदान दिया। उत्तराखंड के गेंदबाज स्वप्निल 84/2, धपोला 94/2, अवनीश, अभय व अंकित ने प्रत्येक 1-1 विकेट लिए।

उधर उत्तराखंड ने दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में 2 विकेट खोकर 109 रन बना लिए हैं। राजस्थान के गेंदबाज दीपक चाहर 37/1 व अनिकेत चौधरी ने 36 रन देकर एक विकेट लिया।

राजस्थान-महाराष्ट्र अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच

## राजस्थान के पार्थ यादव व मनय कटारिया ने लगाए अर्धशतक

**जयपुर।** सवाई मान सिंह स्टेडियम पर राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेले जा रहे राजस्थान-महाराष्ट्र अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन राजस्थान के गेंदबाजों के बढ़िया प्रदर्शन के बाद राजस्थान के सलामी बल्लेबाज पार्थ यादव व मनय कटारिया ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए शानदार नाबाद अर्धशतकीय पारियां खेली। इससे पहले महाराष्ट्र की पहली पारी 318 रन पर सिमट गई। राजस्थान के गेंदबाज जतिन 70/3, निर्मल विश्नोई 42/2, ध्रुव 60/2 व सचिन शर्मा ने 29 रन देकर एक विकेट प्राप्त किया।

राजस्थान ने पहली पारी में बिना कोई विकेट खो 167 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाज पार्थ यादव नाबाद 98 रन (239 गेंद) बनाते हुए अपने शतक से मात्र 2 रन दूर हैं, वहीं मनय कटारिया ने नाबाद 65 रनों (235 गेंद) की अर्धशतकीय पारी खेली।

## किशन गोपाल चौधरी ने तीरंदाजी में जीता स्वर्ण पदक

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** गुजरात के नडियाद में आयोजित 68वें स्कूल नेशनल गेम्स में तीरंदाजी प्रतियोगिता में गुलाबीनगरी के किशन गोपाल चौधरी ने टीम इवेंट में 2160 में से 2076 स्कोर कर राजस्थान को स्वर्ण पदक दिलाया। किशन गोपाल विनायक विद्यापीठ सांगानेर में कक्षा 11 का विद्यार्थी है एवं कोच दिनेश कुमावत के निर्देशन में अभ्यास करता है। मेडल जीतने पर पवालिया ग्रामवासियों ने किशन गोपाल को बधाई दी।

## कौशल्या व अक्षिता का बीसीसीआई सीनियर वीमेन टी20 चैलेंजर ट्रॉफी में चयन





**जयपुर (मसं.)।** राजस्थान की प्रतिभावान वीमेन खिलाड़ी कौशल्या चौधरी व अक्षिता माहेश्वरी का चयन बीसीसीआई वीमेन चयन कमेटी ने आगामी सीनियर वीमेन टी20 चैलेंजर ट्रॉफी के लिए किया है। बीसीसीआई द्वारा आगामी 17-27 नवंबर के दौरान रांची, झारखंड में सीनियर वीमेन टी20 चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजन किया जाएगा।

भारत-साउथ अफ्रीका चौथा टी20 आजः भारतीय टीम सीरीज में 2-1 से आगे

# जोहान्सबर्ग के वांडरर्स मैदान पर होगी चौके-छक्कों की बौछार

## तेज गेंदबाजों को भी मिलेगा फायदा

विशेष संवाददाता



**जोहान्सबर्ग।** भारत बनाम साउथ अफ्रीका के बीच चार मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मैच 15 नवंबर को खेला जाएगा। यह मुकाबला जोहान्सबर्ग के वांडरर्स मैदान पर होना है।

भारतीय टीम ने तीसरे टी20 मैच में साउथ अफ्रीका को 11 रन से मात देकर सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। अब भारतीय टीम की नजरें आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करने पर होगी, जबकि साउथ अफ्रीका की टीम की नजरें चौथा टी20 मैच जीतकर सीरीज में बराबरी करने पर होगी।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच चौथा टी-20 मुकाबला जोहान्सबर्ग के न्यू वांडरर्स मैदान पर खेला जाएगा। वांडरर्स का मैदान आमतौर पर बल्लेबाजों के लिए मददगार रहता है। इस ग्राउंड पर बल्लेबाजों को जमकर चौके-छक्कों की बौछार लगाते हुए देखा जाता है। इस मैदान पर अच्छा बाउंस होने की वजह से गेंद बल्ले पर आसानी से आती है, जबकि शुरुआत में पिच में नमी होने की वजह से तेज गेंदबाजों को फायदा मिलता है। जोहान्सबर्ग के न्यू वांडरर्स मैदान पर कुल 33 मैच अब तक खेले जा चुके हैं, जिसमें टॉस जीतने वाली टीम ने 13 मैच में जीत हासिल की है, जबकि 20 मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा है। पहले टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए इस मैदान पर 28 मैच खेले गए, जिसमें पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 2 मैच जीते, जबकि 6 मैच रन चेज करने वाली टीम ने जीते।

### वांडरर्स मैदान एक नजर में (टी20 अंतरराष्ट्रीय)

**हाइएस्ट टोटल-** भारत बनाम साउथ अफ्रीका के बीच (203/5)

**सबसे कम टोटल-** भारत बनाम पाकिस्तान के बीच (157/5)

**सबसे बड़े अंतर से जीत-** भारत बनाम साउथ अफ्रीका के बीच (106 रन के अंतर से जीत)

**सबसे ज्यादा रन-** गौतम गंभीर (175 रन)

**सबसे ज्यादा विकेट-** कुलदीप यादव (5 विकेट)

### भारतीय टीम ने वांडरर्स में सभी 6 मुकाबले जीते

वहीं, टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनते हुए 25 मैच खेले गए, जिसमें 11 मैच पहले गेंदबाजी करने वाली टीम ने, जबकि 14 मैच बाद में फील्डिंग करने वाली टीम ने जीते। भारतीय टीम ने इस मैदान पर कुल 6 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले है, जिसमें उन्होंने सभी मैच में जीत हासिल की है। इस दौरान टीम इंडिया ने कुल 1896 रन बनाए है।

## संक्षिप्त समाचार

# समाज में भाईचारे और आपसी सौहार्द को मिलेगा प्रोत्साहन : दिलावर



### पीपाड़ सिटी में कबीर आश्रम का लोकार्पण

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री एवं जोधपुर जिले के प्रभारी मदन दिलावर पीपाड़ सिटी में कबीर आश्रम के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस मौके पर प्रभारी मंत्री दिलावर ने कहा कि यह आश्रम न केवल कबीर के विचारों को बढ़ावा देगा, बल्कि समाज में भाईचारे और आपसी सौहार्द्र को भी प्रोत्साहित करेगा। कबीरदास की शिक्षाएं हमें सत्य, अहिंसा और प्रेम का मार्ग दिखाती हैं। उनकी सीख का अनुसरण करते हुए हम अपने समाज को एक नई दिशा प्रदान कर सकते हैं। हम सभी कबीर के विचारों को अपनाएं और समाज में एकता और समर्पण का संकल्प लें।

मंत्री दिलावर ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा और पंचायत के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है और कबीर आश्रम के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# भाजपा संगठन पर्व और सदस्यता अभियान की संगठनात्मक बैठक आज

**जयपुर (मसं.)।** भाजपा सदस्यता अभियान, सक्रिय सदस्यता अभियान और संगठन पर्व की संगठनात्मक बैठक 15 नवंबर को सुबह 11 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में होगी।



अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ प्रदेश टोली सदस्यता अभियान, संभाग प्रभारी सदस्यता, जिला संयोजक, संभाग प्रभारी संगठन, सभी जिलाध्यक्ष, भाजपा के सभी मोर्चा और विभागों के संयोजक उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि दो सत्रों में होने वाली बैठक में संगठन पर्व की कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी और सदस्यता अभियान एवं सक्रिय सदस्यता अभियान की समीक्षा की जाएगी। बैठक में प्रदेश चुनाव अधिकारी नारायण पंचारिया कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद समापन सत्र में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ संबोधित करेंगे।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने दिल्ली में नए आवास में किया गृह प्रवेश



**जयपुर (मसं.)।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित नए आवास में गृह प्रवेश किया। शाहजहां रोड स्थित एबी 93 में विधि-विधान से पूजन किया गया। इस दौरान राठौड़ ने पत्नी एवं परिवारजनों के साथ यज्ञ में आहुतियां दीं और सर्वधर्म समभाव के साथ सर्व मंगल कामना की।

## प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम ने खान लीज व क्वारी लाइसेंस धारकों को दिए निर्देश

# 'खनन कार्य के लिए परिवेश पोर्टल पर फॉर्म-2 अपलोड करें'

**महानगर संवाददाता**



**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकांत ने जिलास्तर से पर्यावरण स्वीकृतियां प्राप्त 5 हेक्टेयर तक की माइनर मिनरल लीजधारकों व क्वारी लाइसेंस धारकों से परिवेश पोर्टल पर तत्काल फॉर्म 2 अपलोड करने को कहा है।

उन्होंने विभाग के अतिरिक्त निदेशकों, अधीक्षण खनिज अभियंताओं, खनि अभियंताओं व सहायक खनिज अभियंताओं से अपने क्षेत्र के माइनिंग एसोसिएशनों के पदाधिकारियों के साथ 15 नवंबर को बैठक कर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के क्रम में संबंधित खानधारकों से फॉर्म 2 अपलोड कराने में सहभागिता निभाने के लिए आगे आने का संदेश देने को कहा। प्रमुख सचिव माइंस रविकांत गुरुवार को सचिवालय में जिलास्तरीय समितियों से पर्यावरण स्वीकृतियां प्राप्त लीज व क्वारी लाइसेंस वाली माइंस को राज्यस्तरीय समिति से ईसी जारी कराने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तीन सप्ताह में आवेदन करने की राहत के संबंध में विभागीय अधिकारियों से वर्चुअली रूबरू हो रहे थे। उन्होंने कहा कि खानधारकों के हित में राज्य सरकार के प्रयासों से सुप्रीम कोर्ट से 3 सप्ताह की राहत मिली है। रविकांत ने कहा कि विभागीय प्रयासों के बाद भी परिवेश पोर्टल पर फॉर्म 2 अपलोड नहीं करने वाले खानधारकों पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाए। ऐसे खान लीज व क्वारी लाइसेंस धारकों को यह स्पष्ट हो जाना चाहिए कि परिवेश पोर्टल पर फॉर्म 2 अपलोड नहीं करने की स्थिति में आगे कोई राहत नहीं मिल सकेगी और इस तरह की खानों में खनन कार्य बंद होने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहेगा।

### इन शहरों से अपलोड होने हैं फॉर्म

**निदेशक** माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि सर्वाधिक जोधपुर में 3420 और बालेसर में 3266 लीज व क्वारी लाइसेंस धारकों के परिवेश पोर्टल पर फॉर्म 2 अपलोड होना बकाया हैं। इसके साथ ही निम्बाहेड़ा, राजसमंद प्रथम, भीलवाड़ा, बिजोलिया, चित्तौड़गढ़, बूंदी द्वितीय, जैसलमेर, ब्यावर, मकराना, नागौर, आमेट, जालोर, सोजत सिटी आदि में 100 से अधिक लीज व लाइसेंसधारकों द्वारा फॉर्म 2 अपलोड किए जाने हैं। इसके अलावा अन्य स्थानों पर 100 से कम संख्या में लीज-क्वारी लाइसेंस धारकों द्वारा फॉर्म अपलोड किया जाना है।

### विभागीय अधिकारी कर रहे हैं सहयोग

**अतिरिक्त** निदेशक दीपक तंवर ने प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि विभागीय अधिकारी समन्वय बनाते हुए प्राथमिकता से फॉर्म 2 अपलोड करवाएं। अतिरिक्त निदेशक जयपुर बीएस सोढ़ा ने बताया कि विभागीय अधिकारी आवश्यक सहयोग व मार्गदर्शन कर रहे हैं। अतिरिक्त निदेशक जोधपुर वाईएस सहवाल ने बताया कि जोधपुर और बालेसर में सर्वाधिक 10722 लीज-लाइसेंसधारकों द्वारा फॉर्म 2 अपलोड किया जाना है, जिनमें से करीब 3255 फॉर्म 2 अपलोड कर चुके हैं। एसएमई विजिलेंस प्रताप मीणा को विभाग और सीया सेक से समन्वय बनाने की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि समस्या आने पर त्वरित समाधान हो सके। बैठक में एसजी सचिवालय सुनील कुमार वर्मा, अतिरिक्त निदेशक माइंस, एसएमई, एमई और एएमई मौजूद रहे।

## अटल भू-जल योजना पर कार्यशाला आयोजित

# मानव के अस्तित्व पर संकट बन सकता है भू-जल दोहन : सावंत

**महानगर संवाददाता**



**जयपुर।** भू-जल विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत ने कहा कि जल को अमृत मानकर सहेजने के प्रयास किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर तक समन्वित प्रयासों से भू-जल संग्रहण की नवीनतम तकनीकों को उपयोग कर भू-जल वृद्धि पर ध्यान दिया जाना चाहिए। सावंत गुरुवार को दुर्गापुरा स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र में अटल भू-जल योजना अंतर्गत जल प्रबंधन की नवीनतम तकनीकों पर आधारित एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि भू-जल जमीन के नीचे स्थित एक संपदा है, जो हमें दिखाई नहीं देती है। जल का प्रश्न हमारे अस्तित्व के प्रश्न से जुड़ा है। पुराने समय में आधुनिक तकनीक नहीं होने के कारण भू-जल का दोहन भी कम होता था और मानव की आवश्यकता के लिए भरपूर जल उपलब्ध था, लेकिन नवीनतम तकनीक से भू-जल का अत्यधिक दोहन मानव के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर रहा है। इसलिए अभी से ही भू-जल संरक्षण के प्रयासों पर चिंतन और मंथन करने की जरूरत है। सावंत ने कहा कि राजस्थान के 74 प्रतिशत ब्लॉक भू-जल की दृष्टि से अतिदोहित श्रेणी में आते हैं। वहीं पूरा राजस्थान नॉन सस्टेनेबल जोन में आता है। भू-जल की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि गत वर्ष 17 बिलियन मीटर क्यूब जल का दोहन किया गया, वहीं कुदरत ने 12 बिलियन मीटर क्यूब जल धरती को वापस लौटाया यानी मनुष्य ने प्राप्त जल की तुलना में डेढ़ गुना जल का अधिक दोहन किया है। उन्होंने कहा कि जितने भू-जल का दोहन किया जाता है, उसका 83 प्रतिशत भाग कृषि कार्य में, 10-11 प्रतिशत पेयजल में और शेष जल उद्योग में काम लिया जाता है। हमारा प्रदेश कृषि आधारित है, अतः सर्वाधिक भू-जल का उपयोग कृषि कार्य में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ावा मिल रहा है, वैसे-वैसे ही औद्योगिक कार्यों के लिए भी जल की मांग बढ़ती जा रही है। कार्यशाला में भू-जल विभाग के मुख्य अभियंता सूरजभान सिंह, अधीक्षण भूजल वैज्ञानिक डॉ. विनय भारद्वाज सहित अन्य प्रतिभागियों ने भी विचार रखे।

### 'लोगों को जागरूक कर रही अटल भू-जल योजना'

**प्रमुख** शासन सचिव ने कहा कि वर्तमान समय में सबसे महत्वपूर्ण योजना अटल भू-जल योजना है, जो भू-जल बचाने के साथ लोगों को जागरूक भी कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर तक भू-जल को बचाने के मिलकर प्रयास करने होंगे। भू-जल की मैपिंग जैसी नवीनतम तकनीक का उपयोग कर पता लगाया जाए कि किन स्थानों पर भूजल रिचार्ज किए जाने की आवश्यकता है और भू-जल रिचार्ज करना सफल होगा। उन्होंने कहा कि नियमानुसार 225 वर्गमीटर से अधिक प्लॉट पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण किया जाना चाहिए। भू-जल संग्रहण के साथ जल संग्रहण तकनीक पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। साथ ही पानी का अपव्यय रोकना बहुत जरूरी है।

### 'देश के 7 राज्यों में संचालित है योजना'

**अटल** भू-जल योजना के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. एसएन भावे ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि अटल भू-जल योजना 1 अप्रेल 2022 से देश के 7 राज्यों में संचालित है। जिन राज्यों में पेयजल संकट है, वहां इस योजना का संचालन किया जा रहा है। यह योजना देश के 86 जिलों और प्रदेश के 21 जिलों में संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 65 प्रतिशत जनसंख्या के रोजगार का माध्यम कृषि कार्य है। कृषि के लिए पानी की महती आवश्यकता है। इसलिए गिरते भू-जल स्तर को रोकना अत्यंत जरूरी है।

## सीएम की पं. धीरेंद्र शास्त्री से शिष्टाचार भेंट



**जयपुर (मसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हाल ही बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री शर्मा ने राजस्थान आने पर उनका स्वागत किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# प्रदेश में निवेश को लेकर मिलने लगे हैं अच्छे परिणाम : राठौड़



### राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट पर किया मंथन

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने गुरुवार को राज्यमंत्री के.के. विश्नोई से आगामी राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के संबंध में विचार-विमर्श कर राज्य के समग्र विकास की रणनीतियों पर मंथन किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन भविष्य के विकसित राजस्थान की नींव रखेगा। राजस्थान में निवेश को लेकर अच्छे परिणाम मिलने लगे हैं। राजस्थान रणनीतिक रूप से एक आदर्श गंतव्य है। हमारे पास मजबूत बुनियादी ढांचा और प्रचुर मात्रा में संसाधन हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक कंपनियों के लिए एक सप्लाई चेन डेस्टिनेशन के रूप में देखा जा रहा है और अपनी सक्रिय एवं विकासोन्मुखी नीतियों के कारण राजस्थान भारत में इन कंपनियों का विश्वसनीय भागीदार बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि निवेश को समृद्ध और सुरक्षित बनाने के लिए राजस्थान सरकार हर कदम पर निवेशकों और उद्यमियों के साथ है।




स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25